सूर्योदय 5:29 सूर्यास्त 7:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.8 न्यू | 25.8 अधि |
| धर्मशाला | 19.8 न्यू | 32.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,186 |
| निफ्टी | 24,072 |
| सोना 1,42,000 | चांदी 2,20,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 | 2 श्रावण, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 199, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### न्यूजीलैंड में 5.9 तीव्रता के लगे भूकंप के झटके




**एजेंसी, नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के दक्षिणी द्वीप में वीरवार रात स्थानीय समयानुसार 9:14 बजे 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के बाद प्रशासन ने एहतियातन सुनामी की चेतावनी जारी की, जिसे कुछ समय बाद वापस ले लिया गया। फिलहाल किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र ते अनाउ कस्बे से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर में था। शुरुआती आकलन में इसकी तीव्रता 6.3 बताई गई थी, लेकिन बाद में इसे घटाकर 5.9 कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### खड़े ट्रैक्टर में घुसी स्कूटी चार लोगों की मौत

**एजेंसी, रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग-रायपुर नेशनल हाईवे-53 पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार स्कूटी सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में दो महिलाओं और दो बच्चियों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक आठ वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 10 बजे स्कूटी पर पांच लोग सवार होकर भिलाई-3 से रायपुर जा रहे थे। रास्ते में ऑक्सीजन सिलेंडरों से लदे खड़े ट्रैक्टर के पीछे स्कूटी जा घुसी। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर चालक भोला यादव को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### अफसर पत्नी ने ट्रेन में करवाया पति का मर्डर

**एजेंसी, सुपौल।** बिहार के सुपौल में पुलिस ने इंजीनियर देव कुमार गुंजन की हत्या के मामले में उनकी पत्नी अस्मिता कुमारी, उसके कथित प्रेमी अजीत कुमार और शूटर राजू कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर अस्मिता ने प्रेमी के साथ मिलकर चार लाख रुपये की सुपारी देकर पति की हत्या कराई। 11 जून को जनसाधारण एक्सप्रेस में देव कुमार की गोली मारकर हत्या की गई थी। आरोपियों ने इसे लूटपाट की घटना का रूप देने की कोशिश की, लेकिन कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। (अनंत ज्ञान)

# मरीजों को बड़ी सौगात, आठ सरकारी अस्पतालों में लगेंगी एमआरआई मशीनें

## सीएम सुक्खू बोले-सीटी स्कैन, डिजिटल मैमोग्राफी से लैस होंगे अस्पताल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को आधुनिक और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला अस्पतालों और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अत्याधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि जिला अस्पताल स्वास्थ्य व्यवस्था की अहम कड़ी हैं और इन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस करना सरकार की प्राथमिकता है। इसके तहत प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में एमआरआई, डिजिटल मैमोग्राफी, हाई-एंड सीटी स्कैन, डिजिटल एक्स-रे और 4डी अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर, कुल्लू, ऊना और सोलन, जिला अस्पताल किन्नौर, नाहन मेडिकल कॉलेज, धर्मशाला और पालमपुर में 1.5 टेस्ला एमआरआई मशीनें लगाई जाएंगी। वहीं, प्रदेश के सातों सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 3 टेस्ला एमआरआई मशीनें स्थापित की जा रही हैं,



स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

जिससे गंभीर बीमारियों की जांच अधिक सटीक हो सकेगी।

महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नाहन, हमीरपुर, बिलासपुर, सोलन और धर्मशाला अस्पतालों में डिजिटल मैमोग्राफी मशीनें लगाई जाएंगी। इससे स्तन कैंसर की समय पर पहचान में मदद मिलेगी। दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत करने के लिए 42 हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों की खरीद प्रक्रिया जारी है। इनमें से 14 मशीनें प्राप्त हो चुकी हैं, जिनका उपयोग टीबी समेत छाती संबंधी रोगों की जांच में किया जाएगा। इसके अलावा चमियाना, आईजीएमसी शिमला, टांडा, हमीरपुर और नेरचौक मेडिकल कॉलेजों में 256-स्लाइस हाई-एंड सीटी स्कैन मशीनें स्थापित की जाएंगी। प्रदेश के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में डिजिटल एक्स-रे और 4डी अल्ट्रासाउंड मशीनें भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी चिकित्सा उपकरणों की खरीद एम्स, नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप की जाए। उन्होंने सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों के रेडियोलॉजी विभागों को और अधिक मजबूत बनाने तथा सभी आवश्यक उपकरण समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

### भर्ती प्रक्रिया में लाई जा रही तेजी

**बैठक** में स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और तकनीशियनों की भर्ती की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है और जल्द ही सभी सात सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में आवश्यक पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की खरीद प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य हिमाचल में ही विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को उपचार के लिए राज्य से बाहर जाने की जरूरत न पड़े।

# 9वीं कक्षा में न लाएं तीसरी भाषा स्टूडेंट्स पर बढ़ेगा बोझ : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ कहा-भाषा की पढ़ाई 5वीं-6वीं से शुरू हो, नवोदय पर तमिलनाडु से मांगा सहयोग

सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को कहा कि सीबीएसई को 9वीं से तीसरी भाषा लागू नहीं करनी चाहिए। 9वीं कक्षा की पढ़ाई पहले से मुश्किल है, ऐसे में तीसरी भाषा को शामिल करने की क्या जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि इससे स्टूडेंट्स का मानसिक तनाव बढ़ सकता है। भारत सरकार से कहिए कि ऐसा न करें। जस्टिस बीवी नागरथना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि तीसरी भाषा को क्लास 5 या 6 में ही शुरू कर दिया जाना चाहिए, ताकि छात्र इसके साथ अधिक प्रभावी ढंग से तालमेल बिठा सकें।



दरअसल, बेंच तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें मद्रास हाईकोर्ट के राज्य के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) बनाने के आदेश को चुनौती दी गई थी। तमिलनाडु सरकार जेएनवी में लागू थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी के पक्ष में नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि 9वीं में तीसरी भाषा को शामिल करने की क्या जरूरत है। भारत सरकार से कहिए कि ऐसा न करें। उन्होंने कहा कि तीसरी भाषा को पढ़ाना 6वीं क्लास में शुरू करना चाहिए और 9वीं में इसे बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाओं का दबाव कक्षा 8 से ही शुरू हो जाता है। आगे उन्होंने अपने स्कूल के दिनों के बारे में बताते हुए कहा कि जब मैं स्कूल में थी, तब 8वीं के बच्चों को 10वीं की चीजें पढ़ाई जाती थीं। उस वक्त ऐसी हालत थी तो आप समझ सकते हैं, आज बच्चों पर कितना बोझ होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के नवोदय विद्यालय शुरू करने के आदेश पर तमिलनाडु सरकार से कहा कि आपके यहां नवोदय विद्यालय होने चाहिए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि केंद्र सरकार इसका पूरा खर्च उठाएगी, आपको सिर्फ जमीन उपलब्ध करानी है। यह रवैया न रखिए, लेकिन तमिलनाडु सरकार के अनुरोध के बाद अदालत ने मामले को स्थगित कर दिया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 11 अगस्त को होगी। (अनंत ज्ञान)

# बडैहर में बेटे ने शराब के नशे में बाप को पीट-पीट कर मार डाला

अनंत ज्ञान



**भोरंज।** थाना भोरंज के बडैहर गांव में पिता-पुत्र के बीच हुए विवाद में 65 वर्षीय पिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे विजय कुमार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे और उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार घटना बुधवार रात करीब 11:15 बजे की है। मृतक रत्न चंद और उसका बेटा विजय कुमार, जो बिजली विभाग में टी-मेट के पद पर कार्यरत है, के बीच शराब के नशे में कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना गुनाह कबूल किया है। डीएसपी लालमन शर्मा ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर बलवीर सिंह ने कहा कि रत्न चंद की हत्या में शामिल उसके बेटे विजय कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

# पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा में भगदड़ एक की मौत, 100 से ज्यादा घायल



**एजेंसी, पुरी।** ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान भगदड़ मच गई, इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है। हादसे में 100 से ज्यादा लोगों को घायल होने की खबर है। शाम 5 बजे पहांडी रस्म के दौरान भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए अचानक लोग रथों के पास जाने लगे। यात्रा रूट पर मौजूद वॉलेंटियर लोगों को पीछे हटा रहे थे। तभी लोग एक-दूसरे को धक्का देने लगे, इससे भगदड़ मच गई। लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे। पुरी में इस समय तेज बारिश हो रही है। इसके बावजूद 10 लाख से ज्यादा लोग यात्रा रूट पर मौजूद हैं। यात्रा मुख्य मंदिर से 3 किलोमीटर दूर बने गुंडीचा मंदिर तक जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# कालका-शिमला मिक्स ट्रेन फिर शुरू

## सभी स्टेशनों पर रुकेगी छह जनरल कोच की ट्रेन, यात्रियों को मिलेगी राहत

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** विश्व धरोहर कालका-शिमला नैरोगेज रेलमार्ग पर यात्रियों के लिए राहत की खबर है। रेलवे ने वीरवार से कालका-शिमला मिक्स अप-डाउन ट्रेन का नियमित संचालन दोबारा शुरू कर दिया है। छह जनरल कोच वाली यह ट्रेन अब यात्रियों को केवल 50 रुपए के किराये में कालका से शिमला और शिमला से कालका तक पहुंचाएगी।



रेलवे की ओर से जारी समय-सारिणी के अनुसार ट्रेन सुबह 8 बजे कालका से रवाना होकर दोपहर 1:55 बजे शिमला पहुंचेगी। वापसी में यह शाम 5 बजे शिमला से चलकर रात 10:22 बजे कालका पहुंचेगी। ट्रेन के सभी कोच सामान्य श्रेणी के हैं, जिससे कम खर्च में यात्री विश्व प्रसिद्ध टॉय ट्रेन मार्ग की खूबसूरत यात्रा कर सकेंगे। रेलवे ने इस ट्रेन का ठहराव सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर निर्धारित किया है। इससे स्थानीय यात्रियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और छोटे स्टेशनों से आने-जाने वाले लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस सेवा के दोबारा शुरू होने से पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। खासकर पर्यटन सीजन में पर्यटक कम किराये में कालका-शिमला रेल मार्ग के प्राकृतिक नजारों का आनंद ले सकेंगे।

# होर्मुज में भारतीय नाविकों की तैनाती पर केंद्र ने लगाई रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते सुरक्षा जोखिम को देखते हुए भारत ने अगले आदेश तक होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों (सीफेयरर्स) की नई तैनाती पर रोक लगा दी है। यह आदेश जहाज मालिकों, जहाज प्रबंधन कंपनियों और नाविकों की भर्ती करने वाली रिक्रूटमेंट एंड प्लेसमेंट सर्विस लाइसेंस कंपनियों पर लागू होगा।



◆ हमलों में 14 भारतीयों की मौत के बाद लिया फैसला

सरकार ने सभी समुद्री कंपनियों को अरब की खाड़ी, होर्मुज स्ट्रेट और आसपास के समुद्री इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा गया है कि वे नौवहन संबंधी सभी चेतावनियों और सुरक्षा सलाह पर लगातार नजर रखें और इंटरनेशनल शिप एंड पोर्ट फैसिलिटी सिक्योरिटी कोड का पूरी तरह पालन करें। सरकार का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब इसी हफ्ते होर्मुज स्ट्रेट और उसके आसपास हुए ईरानी हमलों में दो भारतीय नाविकों की मौत हो गई। अमेरिका-ईरान संघर्ष के बाद इस समुद्री मार्ग पर हमलों का खतरा बढ़ गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 28 फरवरी से अब तक इस क्षेत्र में हुए हमलों में कम से कम 14 भारतीय नाविकों की जान जा चुकी है। हालांकि, अगर विदेशी शिपिंग कंपनियां भारत के बाहर से नाविकों की भर्ती करती हैं, तो भारत सरकार का यह आदेश उन पर सीधे लागू नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

# पठानकोट में क्रशर-प्रॉपर्टी कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी ने दी दबिश

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वीरवार को पठानकोट में पांच स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई सरहदी क्षेत्र नरोट जैमल सिंह स्थित क्रशर यूनिट्स, सैली रोड के क्रशर कारोबारी के ठिकानों और तारागढ़ क्षेत्र में एक प्रॉपर्टी डीलर के घर पर की गई। सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम जालंधर से पहुंची थी, जिसमें करीब 20 अधिकारी शामिल थे। टीम ने सुरक्षा बलों की मौजूदगी में संबंधित परिसरों में दस्तावेज, वित्तीय रिकॉर्ड और अन्य जरूरी कागजात की जांच की।

ईडी ने अभी तक कार्रवाई के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की है। जांच के दौरान मीडिया को भी कार्रवाई स्थल से दूर रखा गया। अधिकारियों की ओर से बयान का इंतजार है और छापेमारी देर शाम तक जारी रही।

### नशे की ओवरडोज से युवक की मौत

**इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में 30 वर्षीय युवक का संदिग्ध हालत में शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही डीएसपी इंदौरा संजीव यादव, थाना प्रभारी आशीष पठानिया और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान शुभम खोखर पुत्र सोमराज निवासी इंदौरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार शव के पास एक सिरिंज मिली है, जिससे प्रथम दृष्टया ओवरडोज की आशंका जताई जा रही है। परिजनों के मुताबिक शुभम रात करीब 9:30 बजे फोन आने के बाद घर से निकला था। पुलिस ने मोबाइल और स्कूटी कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शव पोस्टमार्टम के लिए नूरपुर अस्पताल भेजा गया है।

# वांगचुक के स्वास्थ्य पर नजर रखे सरकार : हाईकोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर 19 दिन से अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक की सेहत पर नजर रखने के निर्देश केंद्र सरकार को दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि देश के हर इंसान की जिंदगी कीमती है, इसलिए उसे बचाने की पूरी कोशिश की जानी चाहिए।

अदालत ने सरकार से यह भी कहा कि रोजाना सरकारी डॉक्टरों की ओर से सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य की जांच की जाए। उच्च न्यायालय ने ये टिप्पणी 19 दिन से अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि रोजाना सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य की विशेषज्ञों और डॉक्टरों द्वारा जांच की जा रही है। डॉक्टरों की राय के आधार पर उनके जीवन रक्षा के लिए भी जो करना जरूरी होगी, वो सरकार करेगी।

याचिका वकील राकेश कुमार सैनी ने दायर की थी। 15 जुलाई को सुनवाई के दौरान सैनी ने कहा था कि एक मानवाधिकार कार्यकर्ता विरोध के अपने अधिकार का उपयोग करते हुए पूरे देश के सामने अपनी जान देने को तैयार है। याचिका में मांग की गई थी कि केंद्र और दिल्ली सरकार को निर्देश दिया जाए कि वो सोनम वांगचुक को अस्पताल ले जाएं और उन्हें जबरन खाना खिलाएं। (अनंत ज्ञान)

ABHILASHI
GROUP OF INSTITUTIONS
NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)
COURSES OFFERED 2026-27
Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC, Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE
T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH.
B.TECH (CE/EE/CSE) DIPLOMA (CE/EE)
T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE
ITI in SANITARY HEALTH INSPECTOR ELECTRICIAN, FITTER
ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY
B. PHARMACY
ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES
M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY
ABHILASHI COLLEGE OF NURSING
B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING
POST BASIC B.Sc. NURSING
GNM
ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION
B.Ed
D.EL.Ed
Accredited by NAAC with B++ Grade
SCHOLARSHIP available to SC/ST STUDENTS T & C Apply
H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9459052533, 9816102238, 9816242139, 9418006520, 9816700520
Website: www.tramiet.in, www.abhilashi-edu.in
Email: abhilashigroup@gmail.com

**तैयारी** क्विक जांच के लिए जिलों में वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने की व्यवस्था होगी मजबूत, बिलासपुर, नूरपुर, बद्दी में चल रही जिला यूनिट

# हिमाचल के छह जिलों में खुलेंगी फोरेंसिक यूनिट, सरकार को भेजा प्रस्ताव

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** प्रदेश के विभिन्न जिलों में घटित आपराधिक वारदातों की जांच में क्विक रिस्पांस की कवायद फोरेंसिक निदेशालय ने शुरू कर दी है। इसी कड़ी में निदेशालय की ओर से प्रदेश के छह जिलों में जिला फोरेंसिक यूनिट स्थापित करने की प्रपोजल प्रदेश सरकार को भेजी है, जबकि प्रदेश के तीन जगह नूरपुर, बिलासपुर और बद्दी में जिला फोरेंसिक यूनिट संचालित की जा रही हैं।

निदेशालय की प्रपोजल परवान चढ़ती है तो प्रदेश में जिला फोरेंसिक यूनिट की संख्या 9 हो जाएगी। गौरतलब है कि जिला फोरेंसिक यूनिट आपराधिक मामलों की जांच और न्याय प्रक्रिया में वैज्ञानिक साक्ष्य (फिंगरप्रिंट, डीएनए, जैविक साक्ष्य आदि) जुटाने वाली पुलिस की एक महत्वपूर्ण




तकनीकी शाखा है। यह यूनिट घटनास्थल पर जाकर सबूतों को सुरक्षित रूप से इकट्ठा करने और उनकी शुरुआती जांच में स्थानीय जांच अधिकारियों की सहायता करती है। प्रदेश में दो रिजनल फोरेंसिक साइंस प्रयोगशालाएं स्थित हैं, जिनमें एक उत्तरी रेंज धर्मशाला और दूसरी मध्य रेंज मंडी में स्थित है। इसके अलावा राज्य की प्रमुख स्टेट फारेंसिक साइंस लैब शिमला के पास जुंगा में स्थित है।

### हर जिले में फोरेंसिक यूनिट के भी प्रयास

एक जिले से दूसरे जिला में आपराधिक मामलों की जांच हेतू जाने पर जहां ईंधन खर्च होता है, वहीं फोरेंसिक विशेषज्ञों के पहुंचने में भी समय लगता है। ऐसे मे निदेशालय का प्रयास है कि प्रदेश के हर जिला में जिला फोरेंसिक यूनिट स्थापित किए जाएं, जिससे कि आपराधिक मामलों की जांच में क्विक रिस्पांस के साथ ईंधन की बचत की जा सके।

### सरकार के समक्ष रखी प्रपोजल : डॉ. मीनाक्षी

**फोरेंसिक** सेवाएं निदेशालय हिमाचल प्रदेश की निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने बताया कि निदेशालय की ओर से छह फोरेंसिक जिला यूनिट की प्रपोजल सरकार के समक्ष रखी है, जबकि वर्तमान में नूरपुर, बिलासपुर और बद्दी में तीन जिला फोरेंसिक यूनिट संचालित की जा रही हैं। निदेशालय की ओर से किन्नौर, ऊना, हमीरपुर, चंबा, कुल्लू और सिरमौर हेतु प्रपोजल सरकार को दी गई है, जबकि निदेशालय का प्रयास है कि जिला फोरेंसिक यूनिट सभी जिलों में स्थापित की जाएं, जिससे कि घटनास्थल पर पहुंचने के रिस्पांस टाइम कम से कम किया जा सके।

### एक जिले से दूसरे जिले जाने में लगता है समय

**बकौल** डा. मीनाक्षी महाजन, अभी लाहौल-स्पीति जाना हो तो मंडी से जाने में समय लगता है, जिसमें ईंधन के साथ और समय भी लगता है। हर जिला में जिला फोरेंसिक यूनिट स्थापित होने से लाभ होगा, क्योंकि अपराध होने पर फोरेंसिक विशेषज्ञ क्वीक रिस्पांस कर सकेंगे और इससे मामलों की जांच में फोरेंसिक विशेषज्ञों की ओर से की जाने वाली जांच में भी तेजी आएगी।

# एमआईएस के तहत सेब खरीद के लिए जमीनी दस्तावेज अनिवार्य

## सीसीटीवी निगरानी में होगी खरीद, अधिकतम 30 बोरियों की सीमा निर्धारित

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार इस बार मार्केट इंटरवेंशन स्कीम के तहत सी-ग्रेड सेब खरीद व्यवस्था में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव करने जा रही है। सरकार का मकसद खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह और भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है। पिछले कुछ वर्षों में सेब खरीद में सामने आई कथित अनियमितताओं और शिकायतों के बाद इस बार नियमों को पूरी तरह बदलने की तैयारी कर ली गई है। प्रस्तावित बदलावों पर 20 जुलाई को होने वाली राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में अंतिम फैसला लिया जा सकता है। जानकारी के अनुसार करीब तीन दशक से संचालित एमआईएस योजना के तहत सरकार हर साल उन बागवानों से सी-ग्रेड सेब खरीदती है, जिन्हें खुले बाजार में उचित दाम नहीं मिल पाते। लेकिन पिछले वर्ष रिकॉर्ड खरीद के बावजूद बड़ी मात्रा में सेब खराब होने, खरीद प्रक्रिया पर सवाल उठने और कुछ मामलों में एफआईआर दर्ज होने के बाद सरकार ने पूरी व्यवस्था की समीक्षा की। अब नई व्यवस्था में तकनीक, निगरानी और दस्तावेजों के जरिए पूरी प्रक्रिया को अधिक विश्वसनीय बनाने की तैयारी है। सबसे बड़ा बदलाव यह होगा कि अब एमआईएस के तहत सेब बेचने वाले प्रत्येक बागवान को अपनी भूमि के दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। संबंधित अधिकारियों द्वारा सत्यापन के बाद ही सेब खरीदा जाएगा, ताकि सरकारी योजना का लाभ केवल वास्तविक बागवानों तक पहुंचे। इसके साथ ही नकद भुगतान और कृषि उपकरण देने जैसी पुरानी व्यवस्था समाप्त कर सीधे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से राशि बागवानों के बैंक खाते में भेजी जाएगी। योजना में एक और अहम प्रस्ताव यह है कि एक बागवान से अधिकतम 30 बोरियां ही खरीदी जाएं। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय मंत्रिमंडल करेगा। इसके अलावा पूरे प्रदेश में पहले की तरह लगभग 250 खरीद केंद्रों की जगह जरूरत के अनुसार 100 से भी कम खरीद केंद्र बनाए जा सकते हैं। प्रत्येक खरीद केंद्र पर सरकारी अधिकारी की तैनाती होगी और सभी केंद्र सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संचालित होंगे, जिससे खरीद प्रक्रिया की हर गतिविधि रिकॉर्ड रहेगी। नई व्यवस्था के तहत आउटसोर्स व्यवस्था पर निर्भरता कम होगी और खरीद प्रक्रिया पर सीधे सरकारी नियंत्रण रहेगा।

### पराला होगा सबसे बड़ा एमआईएस खरीद केंद्र

**इस** बार शिमला जिले के ठियोग स्थित पराला में प्रदेश का सबसे बड़ा एमआईएस खरीद केंद्र स्थापित किया जाएगा। पराला और आसपास के क्षेत्रों के बागवान यहीं अपना सी-ग्रेड सेब लेकर आएंगे। यहां से खरीदा गया सेब सीधे पराला स्थित प्रोसेसिंग प्लांट भेजा जाएगा, जिससे परिवहन और भंडारण व्यवस्था भी अधिक व्यवस्थित हो सकेगी।



# जनगणना का पहला चरण पूरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। एक माह तक चले इस अभियान में डिजिटल तकनीक के व्यापक उपयोग और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने जनगणना प्रक्रिया को नई दिशा दी। खास बात यह रही कि 'स्व-गणना' सुविधा को प्रदेश के लोगों ने उत्साह के साथ अपनाया, जिससे डेटा संग्रहण अधिक तेज, पारदर्शी और सटीक बन सका। 16 जून से शुरू होकर 15 जुलाई तक चले इस अभियान के दौरान जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश ने प्रदेशभर में डिजिटल माध्यमों से मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य पूरा किया। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी जिलों के उपायुक्तों, नगर निगम आयुक्तों, तहसीलदारों तथा वरिष्ठ जनगणना अधिकारियों ने लगातार निगरानी रखते हुए व्यवस्थाओं का संचालन किया। निदेशालय के अनुसार आधुनिक तकनीक के उपयोग और प्रशासनिक समन्वय के कारण जनगणना के पहले चरण को निर्धारित समय में सफलतापूर्वक पूरा किया जा सका।

# मणिमहेश यात्रा : वाया कुगती मार्ग से यात्रा बंद

## पंजीकृत गाइड ही ले जा सकेंगे श्रद्धालु, नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** श्री मणिमहेश यात्रा-2026 को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के लिए भरमौर प्रशासन ने इस वर्ष कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वाया कुगती परिक्रमा मार्ग से यात्रा पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी और श्रद्धालुओं को केवल प्रशासन द्वारा अधिकृत मार्ग से ही यात्रा करने की अनुमति होगी। एडीएम भरमौर विकास शर्मा तथा एसडीएम अजय कुमार ने बताया कि कुगती परिक्रमा मार्ग अत्यंत दुर्गम और जोखिमपूर्ण है। बरसात के दौरान यहां भूस्खलन, ग्लेशियर क्षेत्र, पहाड़ियों से पत्थर गिरने तथा मौसम के अचानक बदलने का खतरा बना रहता है। ऐसे में इस मार्ग से यात्रा करना श्रद्धालुओं के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि अब केवल पंजीकृत निजी अथवा प्रशासन से अधिकृत गाइड ही श्रद्धालुओं को यात्रा पर ले जा सकेंगे। ऐसे गाइडों के पास यात्रियों के बीमा, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षित ठहरने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा आपदा की स्थिति में



आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की क्षमता होना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही संबंधित गाइड को प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना तथा यात्रा की पूरी जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराना भी आवश्यक होगा।

यदि कोई निजी गाइड अथवा अन्य व्यक्ति प्रशासन के आदेशों की अवहेलना करते हुए श्रद्धालुओं को प्रतिबंधित मार्ग से ले जाता है, तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने बताया कि प्रतिबंधित मार्ग पर मेडिकल सहायता, संचार, बीमा और आपदा राहत जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। पिछले वर्ष इसी मार्ग पर हुई दुर्घटनाओं में कई श्रद्धालुओं की जान गई थी। इन्हीं घटनाओं से सबक लेते हुए इस बार सुरक्षा मानकों को और अधिक सख्ती से लागू किया गया है। श्री मणिमहेश यात्रा-2026 का आधिकारिक आयोजन 4 सितंबर से 19 सितंबर तक होगा। प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से केवल अधिकृत मार्ग का उपयोग करने और सभी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है। मणिमहेश यात्रा-2026 की तैयारियों की समीक्षा के लिए 17 जुलाई को उपायुक्त चंबा की अध्यक्षता में अहम बैठक आयोजित होगी। बैठक में सुरक्षा, स्वास्थ्य, यातायात, पेयजल, बिजली, स्वच्छता और आपदा प्रबंधन सहित सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

### अगस्त के दूसरे हफ्ते में शुरू हो सकती है हेली-टैक्सी सेवा

**श्री** मणिमहेश ट्रस्ट श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अगस्त के दूसरे सप्ताह से हेली-टैक्सी सेवा शुरू करने की तैयारी कर रहा है, जिससे बुजुर्ग, दिव्यांग और दूर-दराज़ से आने वाले श्रद्धालुओं को विशेष सुविधा मिलेगी।

# प्रदेश में 22 हजार मीट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य : ओमकांत ठाकुर

## मत्स्य विभाग के नदेशक बोले-युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश मत्स्य विभाग के नए निदेशक एवं वार्डन ओमकांत ठाकुर ने पदभार ग्रहण करते ही सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। 2020 बैच के आईएएस अधिकारी ने कहा कि आधुनिक तकनीक, बेहतर विपणन और नवाचार के जरिए मत्स्य क्षेत्र को सशक्त बनाया जाएगा, ताकि उत्पादन बढ़ने के साथ मछुआरा समुदाय की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो।



निदेशक ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान वार्षिक मत्स्य उत्पादन लगभग 20 हजार मीट्रिक टन है, जिसे बढ़ाकर 22 हजार मीट्रिक टन करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे उत्पादन में और इजाफा होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को मत्स्य पालन से जोड़कर स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करना विभाग की प्रमुख प्राथमिकता रहेगी। इसके तहत अमृत सरोवरों में वैज्ञानिक तरीके से मत्स्य बीज डाला जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और लोगों की आय में इजाफा होगा।

मछुआरा हित में सरकार के ऐतिहासिक फैसलों का जिक्र करते हुए ठाकुर ने बताया कि जलाशयों से पकड़ी जाने वाली मछलियों के लिए 100 रुपए प्रति किलोग्राम का एमएसपी तय किया गया है, बंद सीजन के दौरान मछुआरा परिवारों को 3500 रुपए की वार्षिक सम्मान निधि दी जा रही है, तथा रॉयल्टी दर घटाकर मात्र 1% कर दी गई है, जिससे मछुआरों को सीधा आर्थिक लाभ मिल रहा है। इसके अलावा, हमीरपुर के नादौन में करीब 25 करोड़ रुपए से बनकर तैयार इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क को जल्द शुरू किया जाएगा, जिससे आधुनिक सुविधाओं के साथ रोजगार और उद्यमिता को नई गति मिलेगी। साथ ही, 'फिश ऑन व्हील्स' योजना को भी प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा, जिससे मछुआरे बिचौलियों के बिना सीधे उपभोक्ताओं तक ताजी मछली पहुंचा सकेंगे और उन्हें बेहतर मूल्य मिल सकेगा। ओमकांत ठाकुर ने विश्वास जताया कि विभाग की सभी योजनाओं की व्यापक समीक्षा कर उन्हें पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाया जाएगा, जिससे मत्स्य उत्पादन, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# सुक्खू सरकार के पास उपलब्धियों का पड़ा अकाल : राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के भाजपा विधायकों और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को लेकर दिए गए बयान पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पास अपनी सरकार की उपलब्धियों का कोई ठोस हिसाब नहीं है, इसलिए वह भाजपा विधायकों की संख्या और चुनावी भविष्यवाणियों के जरिए जनता का ध्यान सरकार की विफलताओं से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। जम्वाल ने कहा कि प्रदेश की जनता तय करेगी कि कौन विधायक बनेगा और किसकी सरकार बनेगी, न कि मुख्यमंत्री। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा जयराम ठाकुर को विधानसभा अध्यक्ष बनने की सलाह देने को भी पद की गरिमा के विपरीत बताया और कहा कि विपक्ष पर व्यक्तिगत टिप्पणियां करने के बजाय सरकार को महिलाओं को 1,500 रुपये प्रतिमाह, युवाओं को रोजगार, किसानों-बागवानों को राहत और 300 यूनिट मुफ्त बिजली जैसे चुनावी वादों पर जवाब देना चाहिए।



राकेश ने शिमला से जारी बयान में दावा किया कि मुख्यमंत्री जिस कार्यक्रम को बड़ी जनसभा के रूप में पेश करना चाहते थे, उसमें अपेक्षित भीड़ नहीं जुटी और अंततः कार्यक्रम को टाउन हॉल के भीतर बैठक तक सीमित करना पड़ा। उन्होंने इसे कांग्रेस सरकार के प्रति जनता की नाराजगी का संकेत बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बाहरी विपक्ष से ज्यादा अपनी ही पार्टी के नेताओं और मंत्रियों की अंदरूनी राजनीति से परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन वर्ष से अधिक समय बीतने के बावजूद कांग्रेस सरकार विकास, रोजगार और आर्थिक मोर्चे पर कोई उल्लेखनीय उपलब्धि नहीं गिना पा रही है, जबकि कर्मचारी, पेंशनर, बेरोजगार और आम जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं।

# शिमला में 26 को हुंकार भरेंगे शिक्षक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश सरकार शिक्षक संघ की ओर से 26 जुलाई को शिमला में प्रस्तावित राज्यस्तरीय प्रदर्शन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस प्रदर्शन में सिरमौर जिले से भी सैकड़ों शिक्षक भाग लेने जा रहे हैं। इसी क्रम में पांवटा साहिब के शिक्षकों ने भी एकजुट होकर सरकार को स्पष्ट संदेश दिया कि लंबे समय से लंबित 25 सूत्रीय मांगपत्र पर अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस निर्णय चाहिए। शिक्षकों का कहना है कि उनकी सबसे प्रमुख मांग क्लस्टर व्यवस्था से जुड़ी है, जिसे सरकार को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना चाहिए। शिक्षकों ने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते उनकी मांगों पर सकारात्मक फैसला नहीं लिया, तो अब शिक्षक चुप नहीं बैठेंगे। आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक तथा तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि 26 जुलाई का शिमला प्रदर्शन शिक्षकों की एकजुटता का बड़ा प्रदर्शन होगा और सरकार तक उनकी आवाज मजबूती से पहुंचाई जाएगी।

# आज से 5 दिन बंद रहेंगी राज्य सहकारी बैंक की डिजिटल सेवाएं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के लाखों खाताधारकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। बैंक 17 जुलाई की शाम 5 बजे से 22 जुलाई की सुबह 10 बजे तक अपने कोर बैंकिंग सिस्टम को अत्याधुनिक फिनाकल प्लेटफॉर्म पर माइग्रेट करेगा। इस तकनीकी उन्नयन के दौरान बैंक की लगभग सभी डिजिटल बैंकिंग सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। ऐसे में ग्राहकों को एटीएम, यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और ऑनलाइन फंड ट्रांसफर जैसी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। बैंक ने ग्राहकों से समय रहते अपने सभी आवश्यक बैंकिंग कार्य पूरे करने की अपील की है।

जानकारी के अनुसार माइग्रेशन अवधि के दौरान एटीएम, यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, आईएमपीएस, एनईएफटी, आरटीजीएस, रूपे डेबिट कार्ड तथा आधार सक्षम भुगतान प्रणाली सहित कोर बैंकिंग सिस्टम पर आधारित अधिकांश सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी।

इससे नकद निकासी, ऑनलाइन भुगतान, वेतन, व्यापारिक भुगतान और अन्य वित्तीय लेनदेन प्रभावित हो सकते हैं। बैंक ने कहा है कि ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी सेवाएं निर्धारित समय के भीतर बहाल करने का प्रयास किया जाएगा।

### आज शाम तक कर लें सभी आवश्यक लेन-देन

**बैंक** प्रबंधन ने ग्राहकों, व्यापारियों, वेतनभोगी कर्मचारियों और नियमित ऑनलाइन बैंकिंग उपयोगकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे 17 जुलाई की शाम 5 बजे से पहले अपने सभी आवश्यक भुगतान, फंड ट्रांसफर और अन्य बैंकिंग कार्य पूरा कर लें। बैंक ने अस्थायी असुविधा के लिए खेद जताते हुए भरोसा दिलाया है कि 22 जुलाई की सुबह 10 बजे तक सभी सेवाएं सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएंगी।

# प्रदेश में मानसून की कमजोर चाल ने बढ़ाई चिंता

## रेड अलर्ट भी ऑरेंज में बदला; 12 शहरों में पारा 30 डिग्री पार, खेती पर भी मंडराया संकट

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस बार मानसून का मिजाज लगातार चौंका रहा है। कभी बादल फटने व मूसलाधार बारिश से तबाही, तो कभी कई-कई दिन तक धूप और उमस। मौसम का यही बदलता रंग अब लोगों के साथ किसानों की भी चिंता बढ़ाने लगा है। राहत की बात यह है कि प्रदेश के लिए जारी रेड अलर्ट को फिलहाल वापस लेकर ऑरेंज अलर्ट में बदल दिया गया है, लेकिन मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि पहाड़ों का मौसम पल-पल बदलता है और कुछ घंटों में ही परिस्थितियां पूरी तरह बदल सकती हैं। ऐसे में खतरा पूरी तरह टला नहीं है।

जानकारी के अनुसार चार दिनों से प्रदेश में मौसम साफ रहने के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। राज्य के 12 शहरों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। मैदानी और निचले क्षेत्रों में उमस ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है, जबकि कई स्थानों पर तापमान सामान्य से दो से चार डिग्री तक अधिक दर्ज किया गया है। सबसे अधिक तापमान ऊना में 37 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा मंडी और बिलासपुर में 35 डिग्री, सुंदरनगर 34.7, नेरी 34.5, कांगड़ा और बरठीं 34.3, भुंतर 33.5, चंबा 31.6, सोलन 31, नाहन 30.4 तथा सैंज में 30.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। लगातार खिली धूप के कारण लोगों को दिन के समय गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि प्रदेश में पिछले एक सप्ताह के दौरान सामान्य से करीब दो प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। यदि आने वाले दिनों में भी बारिश सामान्य से कम रहती है तो धान, मक्की, सब्जियों और अन्य खरीफ फसलों पर इसका असर पड़ सकता है। कई इलाकों में खेतों की नमी कम होने लगी है। विशेषज्ञों का कहना है कि अभी बारिश की कमी लंबी खिंची तो कृषि और बागवानी दोनों क्षेत्रों में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हालांकि दूसरी ओर अत्यधिक बारिश भी फसलों और बागानों के लिए नुकसानदेह साबित होती है। ऐसे में इस बार संतुलित बारिश सबसे बड़ी जरूरत बन गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आंतरिक समीक्षा और भारतीय मौसम विभाग से परामर्श के बाद 20 और 21 जुलाई के लिए जारी रेड अलर्ट को वापस लेकर 19 से 22 जुलाई तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रेड अलर्ट अत्यधिक विनाशकारी और बेहद भारी बारिश की स्थिति को दर्शाता है, जबकि ऑरेंज अलर्ट में भी कई स्थानों पर भारी वर्षा, भूस्खलन और फ्लैश फ्लड का खतरा बना रहता है। इसलिए लोगों को किसी भी तरह की लापरवाही से बचने की सलाह दी गई है।

### कल से बदल सकता है मौसम का मिजाज



**मौसम** विभाग के अनुसार 17 जुलाई को अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहेगा। 18 जुलाई से मौसम करवट ले सकता है और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। 19 जुलाई से वर्षा गतिविधियां बढ़ने का अनुमान है, हालांकि पहले जारी रेड अलर्ट को अब ऑरेंज अलर्ट में बदल दिया गया है।

### पर्यटकों व स्थानीय लोगों के लिए एडवाइजरी जारी

**मौसम** विभाग ने 19 से 22 जुलाई के दौरान पर्यटकों और स्थानीय लोगों को नदी-नालों के किनारे जाने से बचने, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा नहीं करने तथा ऊंचाई वाले इलाकों की यात्रा मौसम की स्थिति देखकर ही करने की सलाह दी है। विभाग का कहना है कि मौसम की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# प्रदेश भाजपा ने 17 संगठनात्मक जिलों में प्रभारी और सह प्रभारी किए नियुक्त

## अनुभवी नेताओं पर जताया भरोसा, संगठनात्मक गतिविधियों में आएगी तेजी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में संगठन को राजनीतिक व संगठनात्मक अभियानों के लिए और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश के सभी 17 संगठनात्मक जिलों के लिए जिला प्रभारियों और सह-प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। पार्टी का मानना है कि अनुभवी नेताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपने से संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आएगी।

जारी सूची के अनुसार चंबा के लिए विधायक विपिन परमार, नूरपुर के लिए पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, कांगड़ा के लिए विधायक विक्रम ठाकुर, देहरा के लिए पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, पालमपुर के लिए विनोद ठाकुर, लाहौल-स्पीति के लिए नितिन कुमार, कुल्लू के लिए बिहारी लाल शर्मा, मंडी के लिए पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, सुंदरनगर के लिए तिलकराज शर्मा, हमीरपुर के लिए अमित ठाकुर, ऊना के लिए शिशु भाई धर्मी, बिलासपुर के लिए रश्मिधर सूद, सोलन के लिए राजपाल सिंह, सिरमौर के लिए डॉ. संजय ठाकुर, महासू के लिए राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, शिमला के लिए सुमीत शर्मा तथा किन्नौर के लिए अजय राणा को जिला प्रभारी बनाया गया है। इनके साथ प्रत्येक जिले में सह-प्रभारियों की भी नियुक्ति कर संगठनात्मक जिम्मेदारियों का स्पष्ट बंटवारा किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे पार्टी की विचारधारा और संगठन की रीति-नीति के अनुरूप पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

### चेतन बरागटा आईटी एवं सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी



**भाजपा** ने चेतन बरागटा को लगातार दूसरी बार आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग का राज्य प्रभारी नियुक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल द्वारा जारी नियुक्ति अधिसूचना के बाद महासू जिला सहित प्रदेशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। महासू जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी राजीव मैहता ने इसे चेतन बरागटा के उत्कृष्ट कार्य, संगठन के प्रति समर्पण और प्रभावी नेतृत्व का सम्मान बताया। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में बरागटा ने सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, भाजपा की विचारधारा और संगठन की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके चलते पार्टी नेतृत्व ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है।

# एसएफआई ने प्रदेश विवि में 2019 में हुई नियुक्तियों की मांगी न्यायिक जांच

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में वर्ष 2019 की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। एसएफआई की विश्वविद्यालय इकाई ने कुलसचिव के माध्यम से कुलपति को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर विज्ञापन संख्या 17/2019 के तहत सहायक प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के पदों पर हुई नियुक्तियों की माननीय उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में स्वतंत्र न्यायिक जांच करवाने की मांग उठाई है। संगठन का आरोप है आरटीआई के तहत प्राप्त दस्तावेजों, उपलब्ध अभिलेखों और सीएजी की रिपोर्ट के आधार पर भर्ती प्रक्रिया में प्रथम दृष्टया कई गंभीर अनियमितताएं और यूजीसी विनियम, 2018 के संभावित उल्लंघन सामने आए हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच बेहद जरूरी है। एसएफआई का कहना है कि उसने ज्ञापन में आठ अलग-अलग मामलों का उल्लेख करते हुए प्रमाण-पत्रों की वैधता, अंतिम तिथि के बाद जारी दस्तावेजों की स्वीकार्यता, अनुभव की गणना और पात्रता संबंधी गंभीर सवाल उठाए हैं। संगठन ने आरोप लगाया कि कुछ चयन ऐसे अभ्यर्थियों के हुए जो निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करते थे। विश्वविद्यालय इकाई सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि यदि प्रशासन ने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो संगठन आंदोलन तेज करेगा।




कुलसचिव के माध्यम से कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपते एसएफआई के पदाधिकारी।

**गिरावट** सात दशक पुराने कॉलेज में शिक्षकों की कमी से घट रही विद्यार्थियों की संख्या

# बैजनाथ कॉलेज के अस्तित्व पर मंडराया संकट

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** कभी मंडी से धर्मशाला तक उच्च शिक्षा का सबसे बड़ा केंद्र रहा बैजनाथ महाविद्यालय में अब लगातार घटती छात्र संख्या गंभीर चिंता का विषय बन गई है। पिछले तीन वर्षों में विद्यार्थियों की संख्या में आई भारी गिरावट ने महाविद्यालय के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो सात दशक पुराने इस ऐतिहासिक शिक्षण संस्थान का अस्तित्व भी संकट में पड़ सकता है। महाविद्यालय की स्थापना 60 के दशक में सनातन धर्म सभा के बैनर तले गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के रूप में हुई थी। उस समय मंडी से लेकर धर्मशाला तक यह उच्च शिक्षा का प्रमुख संस्थान था। कॉलेज की स्थापना और संचालन के लिए स्वर्गीय पंडित अमरनाथ तथा मदन मोहन मालवीय ने अथक प्रयास किए। आर्थिक संसाधन जुटाने के लिए उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों से सहयोग मांगा। स्थानीय जनता के सहयोग और संस्थापकों की मेहनत से यह महाविद्यालय क्षेत्र की पहचान बन गया।

वर्ष 2007 में कॉलेज का सरकारीकरण किया गया और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वर्गीय पंडित संतराम के नाम पर इसका नामकरण किया गया। एक समय ऐसा था जब यहां प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या इतनी अधिक होती थी कि कक्षाओं में बैठने तक के लिए पर्याप्त स्थान नहीं बचता था। सरकारीकरण के बाद भी वर्षों तक छात्र संख्या बढ़ती रही, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। पिछले वर्ष जहां महाविद्यालय में 1,361 विद्यार्थी अध्ययनरत थे, वहीं इस वर्ष यह संख्या घटकर 1000 से भी कम रह गई है। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि छात्र संख्या में गिरावट का सबसे बड़ा कारण शिक्षकों के स्वीकृत पदों का वर्षों से खाली रहना और विषय विशेषज्ञों की कमी है। कई विषयों में नियमित शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से विद्यार्थी बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं वाले अन्य महाविद्यालयों में प्रवेश ले रहे हैं। इसका सीधा असर कॉलेज की साख और शैक्षणिक वातावरण पर पड़ रहा है।



अनंत ज्ञान स्पैशल

हालांकि महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाएं भी संचालित हैं, लेकिन पर्याप्त शिक्षकों के अभाव में इन पाठ्यक्रमों में भी अपेक्षित संख्या में प्रवेश नहीं हो पा रहे हैं। शिक्षाविदों का कहना है कि यदि यहां पीजीडीसीए, एमएससी, एमकॉम तथा अन्य रोजगारोन्मुख और तकनीकी पाठ्यक्रम शुरू किए जाएं, तो विद्यार्थियों का रुझान बढ़ेगा और महाविद्यालय अपनी पुरानी पहचान दोबारा हासिल कर सकेगा। महाविद्यालय के नवनियुक्त प्रिंसिपल उपेंद्र शर्मा ने कहा कि उन्होंने हाल ही में कार्यभार संभाला है और छात्र संख्या बढ़ाने के साथ-साथ शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। वहीं स्थानीय विधायक किशोरी लाल ने कहा कि महाविद्यालय में नए विषय और रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू करवाने के लिए सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से मामला उठाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### रोजमेरी स्कूल हरिपुर में समर कैंप आयोजित



**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, देहरा।** रोजमेरी पब्लिक स्कूल, हरिपुर में बालिका विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय समर कैंप आयोजित किया गया। शिविर में छात्राओं ने खेल, मनोरंजक गतिविधियों, नाइट स्टे, जिम भ्रमण और दमदोशी माता मंदिर यात्रा का आनंद लिया। प्रधानाचार्य विवेक कौंडल ने छात्राओं को अनुशासन, आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं। छात्राओं ने कैंप को रोचक और यादगार अनुभव बताया।

### कोटला में श्रद्धा से मनाया ख्वाजापीर उत्सव

**अनंत ज्ञान, कोटला।** सावन संक्रांति पर कोटला में मैहरा समुदाय ने ख्वाजापीर उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। फूलों व रंगीन सजावट से सजे बेड़े में ख्वाजापीर की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। जयघोष के साथ बेड़े को देहर खड्ड स्थित मंदिर ले जाकर विसर्जित किया गया। मान्यता है कि ख्वाजापीर देवता बरसात में लोगों की रक्षा करते हैं। कार्यक्रम के बाद सामुदायिक भवन में दलिया प्रसाद वितरित किया गया।

### डॉ. अभियुदिता गौतम को चुना अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश गवर्नमेंट कॉलेज एसोसिएशन की लोकल यूनिट की नई कार्यकारिणी चुनी गई। डॉ. अभियुदिता गौतम को अध्यक्ष, प्रोफेसर मनोज कुमार को उपाध्यक्ष और डॉ. सुमिंदर वर्मा को महासचिव नियुक्त किया गया। प्रोफेसर रेनू चौधरी संयुक्त सचिव, प्रोफेसर लेख राज कोषाध्यक्ष तथा प्रोफेसर अंकुर महाजन मीडिया प्रभारी बने। प्रिंसिपल डॉ. आरएस गिल ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं।

### पूर्व मंत्री बिक्रम करें अपने कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड सार्वजनिक : पुनीत मल्ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांग्रेस नेता पुनीत मल्ली ने पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता को उपदेश देने से पहले उन्हें अपने कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान उद्योग, निवेश और रोजगार को लेकर किए गए दावे धरातल पर साबित नहीं हुए। मल्ली ने नालागढ़ मेडिकल डिवाइस पार्क, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं और अवैध खनन के मुद्दों पर भाजपा नेताओं से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि जनता अब आरोपों नहीं, बल्कि काम के हिसाब की मांग कर रही है।

### परमार ने किया फोरलेन परियोजना का निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधायक विपिन सिंह परमार ने परौर-थानपुरी फोरलेन परियोजना के तहत द्रंग, धोरण, घनेटा और आसपास क्षेत्रों का दौरा कर समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने एनएचएआई, निर्माण कंपनी और अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थानीय लोगों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने सर्विस लेन, फुटब्रिज, ड्रेनेज, रास्तों और रिटेनिंग वॉल जैसी मांगें रखीं। परमार ने कहा कि विकास कार्यों के साथ जनता की सुविधाओं से समझौता नहीं होगा।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर पुलिस सख्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिला में यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। नाकाबंदी, वाहन जांच और आधुनिक कैमरा प्रणाली से नियम तोड़ने वालों पर नजर रखी जा रही है। एएसपी बीर बहादुर ने बताया कि ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट और अन्य उल्लंघनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। आईटीएमएस और एएनपीआर कैमरों से ऑनलाइन चालान भी किए जा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से सुरक्षित यात्रा के लिए नियमों का पालन करने की अपील की है।

### 131 परिवारों को मिला जमीन का मालिकाना हक

**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, देहरा।** कांगड़ा जिले के 131 पौंग विस्थापित परिवारों को पांच दशकों बाद अपनी जमीन का मालिकाना हक मिला है। झकलेड़, खैरियां, छप्पर, भटोली फकोरियां और भंगोली के परिवारों को भूमि के पट्टे सौंपे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हरिपुर में 89 परिवारों को पट्टे देकर अभियान की शुरुआत की थी, जबकि भटोली फकोरियां में 42 परिवारों को पट्टे वितरित किए गए। प्रशासन के अनुसार वन अधिकार अधिनियम के तहत लंबित दावों का समाधान किया जा रहा है। मालिकाना हक मिलने से परिवारों को राजस्व दस्तावेज, बैंक ऋण और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलेगी।

### बागड़ू पंचायत ने की 2100 रुपए बधाई राशि तय



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** बागड़ू पंचायत की पहली ग्राम सभा प्रधान मीना कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में किन्नरों के लिए स्वैच्छिक 2100 रुपये शगुन राशि तय की गई। पंचायत क्षेत्र में बाहरी फेरीवालों और किरायेदारों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया। नशे और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों को सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता न देने का प्रस्ताव रखा गया। प्रधान ने पंचायत भवन निर्माण के लिए बजट उपलब्ध करवाने की मांग भी उठाई।

## नगरोटा बगवां में नहीं थम रहा चोरियों का सिलसिला

# सूने मकान में सेंधमारी कर उड़ाए करीब 9 लाख रुपए के आभूषण

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्हें न तो कानून का खौफ रहा है और न ही पुलिस का डर। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों के सिलसिले के बीच, अब एक और बड़ी चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

शातिर चोरों ने एक सूने पड़े घर को निशाना बनाते हुए लगभग 8 से 9 लाख रुपए के सोने और चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, यह वारदात भगवान दास नामक व्यक्ति के घर पर पेश आई। घटना के समय भगवान दास किसी निजी काम के सिलसिले में घर से बाहर गए हुए थे। उनके एक बेटा दूसरे मकान में रहता है, जबकि दूसरा बेटा अपनी पत्नी के साथ नौकरी के सिलसिले में गुजरात में रहता है। घर पर भगवान दास की धर्मपत्नी रजनी देवी अकेली थीं। कमरा बाहर से बंद करने के बाद चोरों ने दूसरे कमरे में रखी अलमारी में रजनी देवी और गुजरात में रहने वाली उनकी बहू के सोने-चांदी के कीमती आभूषण रखे हुए थे। शातिरों ने अलमारी के लॉकर को कटर या किसी औजार से से तोड़ा और उसमें रखे करीब लाखों के गहने लेकर रफूचक्कर हो गए। घटना का पता सुबह करीब 6 बजे चला, जब रजनी देवी की आंख खुली। उन्होंने कमरे से बाहर आने की कोशिश की तो दरवाजा बाहर से बंद था। जैसे-तैसे जब वह बाहर आई और दूसरे कमरे का नजारा देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। रजनी देवी ने तुरंत अपने बेटे को फोन कर सूचित किया, जिसके बाद आस-पड़ोस के लोग भारी संख्या में मौके पर इकट्ठा हो गए।



### डीएसपी ने लिया जायजा, जांच शुरू

**वारदात** की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। मामला गंभीर होने के चलते डीएसपी कांगड़ा ने खुद मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार से बातचीत की। पुलिस ने फॉरेंसिक और खोजी टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मानसून में एचआरटीसी अलर्ट, चालक परिचालकों के लिए एडवाइजरी जारी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** मानसून के सक्रिय होते ही हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हिमाचल पथ परिवहन निगम ने अपने चालक-परिचालकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। निगम ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों, डिपो और बस अड्डा प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि चालक-परिचालकों को मानसून के दौरान सुरक्षित संचालन और वाहन पार्किंग के नियमों का कड़ाई से पालन करवाया जाए। निगम ने सभी चालक-परिचालकों से अपील की है कि जारी किए गए सभी दिशा-निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन करें।

◆ **सुरक्षित पार्किंग और सतर्क संचालन के निर्देश**

एचआरटीसी डिवीजन धर्मशाला के डीएम पंकज चड्डा ने बताया कि मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार सभी चालक-परिचालकों को संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है। बसों को केवल निर्धारित डिपो, बस अड्डों अथवा चिन्हित सुरक्षित स्थानों पर ही पार्क करने के निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ संभावित क्षेत्रों, निचले इलाकों और भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों पर किसी भी स्थिति में बस खड़ी नहीं की जाएगी। एडवाइजरी में बस पार्क करते समय पार्किंग ब्रेक का अनिवार्य रूप से उपयोग करने और जरूरत पड़ने पर पहियों के आगे-पीछे व्हील चोक लगाने के निर्देश भी शामिल हैं, ताकि वाहन अनियंत्रित होकर आगे न बढ़े। निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि भारी बारिश, भूस्खलन या किसी अन्य आपात स्थिति में चालक-परिचालक तुरंत संबंधित अड्डा या डिपो प्रभारी से संपर्क कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त करें और बस को सुरक्षित स्थान पर ले जाएं। साथ ही ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों को अपने सुपुर्द वाहनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी सावधानी और सतर्कता के साथ निभाने के निर्देश दिए गए हैं।

## इंदौरा में खैर माफिया पर शिकंजा खैर के 28 मोछों से भरी जीप पकड़ी



पुलिस टी साथ गिरफ्तार जीप चालक।

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** वन परिक्षेत्र भदरोया के अंतर्गत गांव बाड़ीखड्ड के समीप महकड़ क्षेत्र में अवैध खैर कटान के मामले में वन विभाग और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खैर के 28 मोछों से लदी एक जीप पकड़ी है। मामले में जीप चालक सनी को गिरफ्तार कर थाना डमटाल में वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों को सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध रूप से खैर की लकड़ी काटकर जीप में ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने वाहन का पीछा किया। चालक ने तेज रफ्तार से भागने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने उसे रोक लिया और इसकी सूचना पंचायत प्रधान को दी। इसके बाद प्रधान ने एसपी नूरपुर तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी भदरोया अब्दुल हमीद को सूचित किया। सूचना मिलते ही सीआईए नूरपुर और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच में सामने आया कि वाहन आकाशदीप उर्फ दीपू इंदौरिया का है, जिसके खिलाफ पहले भी अवैध कटान के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस और वन विभाग अब यह पता लगाने में जुटे हैं कि खैर के पेड़ कहां से काटे गए थे। मामले की जांच जारी है।

## अब शुक्रवार को भी दौड़ेगी कांगड़ा घाटी की 'लाइफलाइन

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पठानकोट-जोगिंद्रनगर के बीच चलने वाली ऐतिहासिक कांगड़ा घाटी रेल सेवा अब सप्ताह के सातों दिन संचालित होगी। रेलवे प्रशासन ने शुक्रवार को ट्रैक मेंटेनेंस के कारण होने वाले साप्ताहिक बंद को समाप्त करने का फैसला लिया है। यह निर्णय कांगड़ा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज की पहल और रेलवे बोर्ड के साथ हुई बैठक के बाद लिया गया।

◆ **सांसद डॉ. राजीव की पहल और रेलवे बोर्ड के साथ हुई बैठक के बाद लिया फैसला**

वर्ष 2023 की भीषण आपदा में चक्की रेलवे पुल क्षतिग्रस्त होने से यह रेल सेवा 43 महीने तक बंद रही थी। नया पुल बनने के बाद 2 जून 2026 से सेवा दोबारा शुरू हुई, लेकिन हर शुक्रवार ट्रैक मेंटेनेंस के कारण ट्रेन संचालन बंद रहने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब रेलवे ने इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया है, जिससे ट्रेनें शुक्रवार को भी नियमित रूप से चलेंगी। इस फैसले से पर्यटकों, छात्रों, कर्मचारियों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। सप्ताहांत पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और पठानकोट से धर्मशाला, पालमपुर, बैजनाथ व जोगिंदरनगर तक सस्ता एवं सुविधाजनक सफर सातों दिन उपलब्ध रहेगा। स्थानीय बाजारों, होटलों, ढाबों और छोटे कारोबारियों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। वहीं, इलाज के लिए आने-जाने वाले बुजुर्गों और मरीजों के लिए यात्रा अधिक सुगम होगी तथा निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी। यह निर्णय कांगड़ा घाटी की अर्थव्यवस्था, पर्यटन और परिवहन व्यवस्था को नई मजबूती देने वाला माना जा रहा है।

### परियोजनाओं में देरी बर्दाश्त नहीं होगी : पठानिया



**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर के झुलाड स्थित एचपी शिवा क्लस्टर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सिंचाई व्यवस्था जल्द सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि बागवानों को पौधरोपण में परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि बागवानी विभाग के अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं। इसके बाद उन्होंने प्लांट हेल्थ क्लिनिक का निरीक्षण कर लंबित कार्य 15 दिनों में पूरा करने के निर्देश दिए और विकास कार्यों में तेजी लाने को कहा।

### सामुदायिक मध्यस्थता से विवाद समाधान की पहल शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की 'सामुदायिक मध्यस्थता मुकदमा-मुक्त ग्रामीण भारत की ओर' परियोजना के तहत कांगड़ा में भी अभियान शुरू किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आर. मिहुल शर्मा ने बताया कि पांच गांवों का चयन कर समाजसेवी व्यक्तियों को सामुदायिक मध्यस्थ के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसका उद्देश्य छोटे विवादों का आपसी सहमति से समाधान कर न्यायालयों पर बोझ कम करना है। लगातार 12 माह तक नए मुकदमे न होने वाले गांवों को मुकदमा-मुक्त घोषित किया जाएगा।

### युवा कांग्रेस ने उठाई छात्रों की आवाज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जिला युवा कांग्रेस कांगड़ा ने नगरोटा बगवां महाविद्यालय में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम आयोजित किया। जिला अध्यक्ष सुनील विकू भारद्वाज के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग उठाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर उनका संघर्ष जारी रहेगा।

### मजबूत होंगे भारत-इंडोनेशिया संबंध : मनजीत

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा की सराहना करते हुए इसे भारत की वैश्विक भूमिका को मजबूत करने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार, समुद्री सुरक्षा, डिजिटल सहयोग और संस्कृति के क्षेत्र में नए अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति और इंडो-पैसिफिक सहयोग को भी इससे मजबूती मिलेगी। भारत लगातार वैश्विक मंचों पर अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है।

### टीजीटी परीक्षा में सफलता पर शुभम व कृतिका नवाजे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पद्धर पंचायत (चामुंडा देवी) में टीजीटी परीक्षा में सफल शुभम और कृतिका के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने दोनों युवाओं को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उपप्रधान अनीश कुमार ने कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और अन्य युवाओं को प्रेरणा देगी। प्रधान अंजु देवी ने उम्मीद जताई कि दोनों शिक्षक के रूप में समाज और प्रदेश के विकास में योगदान देंगे।

### पंचायत प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, गगल।** जागोरी रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट ने धर्मशाला, कांगड़ा, रैत और नगरोटा बगवां विकास खंडों के 40 नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ रक्कड़ गांव में परिचय एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। निदेशिका आभा भैया ने ट्रस्ट के कार्यों और पंचायतों के साथ सहयोग की संभावनाओं पर जानकारी दी। अधिवक्ता विकास शर्मा ने प्रतिनिधियों को अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और जिम्मेदारियों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में पंचायत विकास के मुद्दों पर चर्चा हुई और अगस्त में प्रशिक्षण आयोजित करने पर सहमति बनी।

### परागपुर में निकली श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर में वीरवार शाम को श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। पुली में स्थित जगन्नाथ भगवान के मंदिर प्रांगण से लगभग पांच बजे आरंभ हुई।रथ के आगे बढ़ते ही पूरे क्षेत्र का वातावरण जय जगन्नाथ के उद्घोषों और भक्तिपूर्ण भजन-कीर्तन की ध्वनियों से ओत-प्रोत हो गया।

## विधायक कमलेश ने देहरा में एएसपी एवं डीएसपी आवास निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, देहरा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र को एक सुदृढ़ प्रशासनिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रदेश सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इसी कड़ी में वीरवार को देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) एवं पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के लिए बनने वाले आवासीय भवनों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। परियोजना के तहत 1.12 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति से दो आधुनिक टाइप-4 आवासीय क्वार्टर निर्मित किए जाएंगे, जिनके निर्माण पर 89.64 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। इस परियोजना का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाना है। कमलेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार देहरा को एक सुदृढ़ प्रशासनिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के नए कार्यालय स्थापित होने के साथ-साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करवाना भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि एएसपी एवं डीएसपी के लिए बनने वाले आधुनिक आवास पुलिस अधिकारियों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराएंगे, जिससे वे अधिक दक्षता एवं समर्पण के साथ आमजन को अपनी सेवाएं प्रदान कर सकेंगे।

## एआई व कोडिंग पढ़ाने के लिए कंप्यूटर शिक्षक हों नियमित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नई शिक्षा नीति के तहत प्रदेश के स्कूलों में कक्षा 6 से 8 तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कोडिंग विषय पढ़ाया जाएगा। इस नए विषय लागू किए जाने के दृष्टिगत सरकारी विद्यालयों में वर्षों से आउटसोर्स आधार पर कार्यरत कंप्यूटर शिक्षकों का तत्काल नियमितीकरण किया जाए। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में टीजीटी (कंप्यूटर शिक्षा) का कोई नियमित कैडर उपलब्ध नहीं है, जबकि इन तकनीकी विषयों के अध्यापन के लिए दिल्ली की तर्ज पर प्रशिक्षित कंप्यूटर शिक्षकों की आवश्यकता होगी।

◆ **टीजीटी कला संघ ने सरकार से की मांग**

ऐसे में पंजाब सरकार के पंजाब तदर्थ, संविदा, दैनिक वेतनभोगी, अस्थायी, वर्कचार्ज तथा आउटसोर्स कर्मचारी कल्याण अधिनियम, 2016 की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश में भी विशेष अधिनियम बनाकर आउटसोर्स कंप्यूटर शिक्षकों के नियमितीकरण का एकमुश्त समाधान किया जाए तथा टीजीटी (कंप्यूटर शिक्षा) का नियमित कैडर सृजित किया जाए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से की है। संघ के राज्य महासचिव विजय हीर ने आगामी कैबिनेट बैठक में इस बारे चर्चा एजेंडा लाने का आह्वान भी सरकार से किया है। संघ ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के नियमितीकरण संबंधी आदेशों को शीघ्र लागू करने की मांग करते हुए शिक्षा सचिव से आगामी मंत्रिमंडल बैठक में कंप्यूटर शिक्षकों के नियमितीकरण का प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आग्रह किया है। संघ ने कहा कि जिस प्रकार एसएमसी शिक्षकों के नियमितीकरण का रास्ता निकाला गया, उसी प्रकार कंप्यूटर शिक्षकों के लिए भी शीघ्र समाधान निकाला जाना चाहिए। नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा 6 से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कोडिंग पढ़ाने के लिए इनकी सेवाएं अनिवार्य होंगी। यदि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को नौवें विषय के रूप में शामिल किया जाता है, तो विद्यार्थियों को विकल्प अवश्य दिया जाए ताकि अतिरिक्त शैक्षणिक बोझ न पड़े। इस विषय को हिमाचल की लोक संस्कृति एवं योग विषय के विकल्प के रूप में रखा जाना चाहिए और इसके पढ़ाने का बोझ टीजीटी शिक्षकों पर नहीं डालना चाहिए क्योंकि वे इस विषय का व्यापक ज्ञान नहीं रखते।

## पीजीआई चंडीगढ़ में आर्थोपेडिक्स सर्जरी के लिए डॉ. वरुण का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जवाहर नगर (धर्मशाला) निवासी डॉ. वरुण वालिया का देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान पीजीआई चंडीगढ़ में आर्थोपेडिक्स सर्जरी में उच्च शिक्षा के लिए चयन हुआ है। उनका चयन अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित (आइएनआइ-सीइटी) इंस्टीट्यूट आफ नेशनल इंपोर्टेंस कंबाइंड एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से हुआ है। अब वह पीजीआई चंडीगढ़ से आर्थोपेडिक्स सर्जरी में विशेषज्ञता हासिल करेंगे। डा. वरुण वालिया इससे पहले बैजनाथ उपमंडल के महाकाल ब्लॉक के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महाकाल, पीएचसी सकरी तथा सिविल अस्पताल चढियार में करीब तीन वर्षों तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अपनी कार्यकुशलता और मरीजों के प्रति समर्पण के कारण उन्होंने क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है। डॉ. वरुण वालिया के पिता राजेश कुमार वालिया खाद्य आपूर्ति विभाग से सेल्स अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हैं, जबकि उनकी माता अनुराधा वालिया गृहिणी हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से ज्वाहर नगर, धर्मशाला सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्वजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डॉ. वरुण वालिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्वजनों और शुभचिंतकों के निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन और प्रेरणा को दिया है।



## शाहपुर में जर्जर सरकारी भवन सरकार की नाकामी की पहचान : कमल कुमार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं जनजाति मोर्चा के नेता कमल कुमार शर्मा ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में जर्जर सरकारी भवनों और रुके विकास कार्यों को लेकर प्रदेश सरकार तथा स्थानीय विधायक पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि शाहपुर में अनेक सरकारी भवन खस्ताहाल हो चुके हैं, लेकिन सरकार उनकी मरम्मत या नए भवनों के निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। यह सरकार की विकास विरोधी सोच और विफल कार्यशैली का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पिछली पंचायतों को आज तक अपने भवन तक नहीं मिल पाए हैं। पूर्व भाजपा सरकार के समय शुरू की गई कई विकास परियोजनाएं भी वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ठप पड़ी हैं। भाजपा की सरकार बनने पर इन सभी रुके हुए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। कमल ने कहा कि शाहपुर में उद्योग स्थापित करने और युवाओं को रोजगार देने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन आज तक उद्योग के लिए स्थान तक तय नहीं हो पाया। द्रमण में एचआरटीसी सब-डिपो खोलने की घोषणा भी केवल कागजों तक सीमित है और मौके पर कोई कार्य शुरू नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने विकास कार्यों की रफ्तार रोक दी है, जिससे हर वर्ग हताश और निराश है। कांग्रेस जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। जो लोग पहले भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण का विरोध करते थे और अदालतों में उसके खिलाफ खड़े थे, वही आज राम का नाम लेकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि पंचायत चुनावों में जनता ने कांग्रेस को ट्रेलर दिखा दिया है और आने वाले चुनावों में पूरी तस्वीर भी सामने आ जाएगी।



## 31वीं राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में द फ्लो शूटिंग अकादमी का शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** सिद्धपुर (धर्मशाला) स्थित द फ्लो शूटिंग अकादमी ने 31वीं राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 से अधिक पदक अपने नाम किए।

इंदिरा गांधी खेल परिसर शिमला में आयोजित इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 1,500 से 2,000 निशानेबाजों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अकादमी के 25 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों एवं स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द फ्लो शूटिंग अकादमी को राज्य की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली अकादमियों में शामिल कराया।

◆ **30 से अधिक पदक जीतकर बढ़ाया प्रदेश का मान**

प्रतियोगिता में एयर पिस्टल स्पर्धा के खिलाड़ी जैवंश ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण एवं 1 कांस्य सहित कुल 6 पदक अपने नाम किए। वहीं वर्णिका थापा ने 3 स्वर्ण एवं 3 रजत पदक जीतकर कुल 6 पदक हासिल किए। एयर राइफल वर्ग में शिवालिका सूर्यवंशी ने 1 स्वर्ण, 4 रजत एवं 1 कांस्य सहित कुल 6 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और अकादमी की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अन्य खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अकादमी की उपलब्धियों में चार चांद लगाए। सोहम ने अंडर-12 एयर पिस्टल स्पर्धा में 393/400 अंकों के साथ स्वर्ण पदक, वैदेही ने 371/400 अंकों के साथ रजत पदक, नैशा वर्मा ने अंडर-12 एयर राइफल में 398/400 अंकों के साथ रजत पदक तथा रुद्रांश ने 393/400 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। अद्विता ने ओपन साइट राइफल एवं एयर पिस्टल स्पर्धाओं में दो रजत पदक, विजया मैडम ने सीनियर मास्टर्स एयर पिस्टल वर्ग में दो रजत पदक, लावण्या, सिद्धार्थ चौधरी, अक्षत बच्च्यान तथा ज्ञानवी ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीतकर अकादमी का गौरव बढ़ाया। प्रबंधन ने कहा कि खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरणादायी साबित होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि द फ्लो शूटिंग अकादमी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम देशभर में रोशन करती रहेगी। 30 से अधिक पदक जीतकर अकादमी ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## झूठी गारंटियों में उलझी प्रदेश कांग्रेस सरकार : संजय शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के विकास और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को शुरू होने वाली अंबाला-कालाअंब हाईवे और दौलतपुर चौक-करतोली नई रेललाइन केंद्र की विकास प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। संजय शर्मा ने आरोप लगाया कि जहां केंद्र सरकार सड़क और रेल नेटवर्क का विस्तार कर रही है, वहीं प्रदेश की कांग्रेस सरकार विकास के बजाय आर्थिक बदहाली का हवाला दे रही है। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादों को पूरा करने में राज्य सरकार विफल रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों को इन परियोजनाओं की बधाई देते हुए विश्वास जताया कि इससे हिमाचल की अर्थव्यवस्था और विकास को नई मजबूती मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### वुशू खेल संघ ने डीसी को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** प्रदेश वुशू खेल संघ ने जिला उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ को हिमाचली टोपी, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अखिल भारतीय वुशू खेल संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव पीएन आजाद के नेतृत्व में वूश खेल संघ के पदाधिकारियों को प्रतिनिधिमंडल उनके कार्यालय में मिला और दो दिवसीय सफल राज्य स्तरी वुशू प्रतियोगिता से अवगत करवाया। उपायुक्त ने विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर वुशू खेल संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ा सैलाब



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में हमीरपुर शहर श्रद्धा और भक्ति के रंग में डूब गया। पीडब्ल्यूडी कॉलोनी से सुबह करीब 10:30 बजे शुरू हुई यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और पुरुषों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने रथ खींचते हुए भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाए। यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए भोटा चौक पहुंची और डाक कवाली मार्ग से दंगड़ी के लिए रवाना हुई। कार्यक्रम में विष्णु महाराज और गिरी महाराज ने अहम भूमिका निभाई।

### राजपूत महासभा के महासचिव सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर ने जिला राजपूत महासभा के महासचिव एवं राजपूत कल्याण सभा के अध्यक्ष जोगिंदर ठाकुर को पटका पहनाकर और श्रीमद्भगवत गीता भेंट कर सम्मानित किया। काउंसिल ने राजपूत सभा के सामाजिक व धार्मिक योगदान की सराहना की। जोगिंदर ठाकुर ने भी काउंसिल के शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरतमंदों की सहायता के कार्यों, विशेषकर मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में मरीजों को भोजन व दवाइयां उपलब्ध करवाने की पहल की प्रशंसा की।

# हमीरपुर शहर अंडरग्राउंड केबलिंग सिस्टम में तारों का नहीं दिखेगा जाल

## 93 करोड़ की पेयजल योजना, पट्टा से मुंडखर तक समस्या होगी हल

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर शहर में बरसों से फैला बिजली के तारों का 'जाल' अब खत्म हो जाएगा। शहर में ओवरहेड यानी खंभों पर लटके तार दिखाई नहीं देंगे। 20 करोड़ की लागत से शहर में अंडरग्राउंड केबल डाली जाएगी। इसका टेंडर हो गया है, मोटे डाले की यह पाइपलाइन दूसरी तारों को भी बीच से होकर ले जाने में फायदेमंद होगी।

भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने वीरवार को यहां 'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत में यह जानकारी दी। उनका कहना था की शहर में सुधार के लिए मुख्यमंत्री ने इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी है। विद्युत बोर्ड के अधिकारियों ने इस योजना के तहत जो स्टीमेट बनाकर सरकार को सौंप था उसे ओके कर दिया गया था और अब इसका टेंडर भी हो गया है। उनका कहना था कि तारों का 'जाल' तो खत्म होगा ही शहर के तमाम ट्रांसफार्मर भी अपग्रेड होने वाले हैं। ताकि किसी भी इलाके में बिजली



विधायक सुरेश कुमार।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

की समस्या लोगों के लिए अब ना रहे। सुरेश कुमार ने बताया कि हमीरपुर शहर में कई और काम भी बड़े स्तर पर हो रहे हैं। शहर को सुंदर बनाने में मौजूदा मुख्यमंत्री ने जिस बड़े स्तर पर दिलचस्पी दिखाई है, यह उसी का नतीजा है कि यहां अब धरातल पर सब कुछ दिखने लगा है। उनका कहना है कि बिजली की व्यवस्था को जब सुधार दिया जाएगा तो शहरवासियों को काफी राहत मिलेगी। यह शहर सुंदर भी लगेगा। निर्माण हो रहा है, वह हमीरपुर की हमीरपुर में जिस बड़े बस अड्डे का 'शान' बनेगा।

### टेंडर अवार्ड, गोबिंद सागर झील से अगले साल गर्मियों में आएगा पानी

**विधायक** का कहना था कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े इलाके के लिए गोबिंद सागर झील से 93 करोड़ की लागत वाली नई उठाऊ पेयजल योजना का टेंडर अवार्ड कर दिया गया है। पट्टा से मुंडखर तक के इलाके को इस योजना का फायदा होगा। सीधी पाइपलाइन गोबिंद सागर झील से इस इलाके में पहुंचेगी और इस बड़ी योजना के तहत कई टैंक भी बनाए जा रहे हैं। यदि इस योजना पर पैसे की और जरूर हुई तो मुख्यमंत्री ने इसके लिए भरोसा दिलाया है, लेकिन उन्होंने यह बात साफ तौर पर कही है कि अगली गर्मियों में यानी मई महीने तक योजना का पानी लोगों के नलों में आना शुरू हो जाएगा। मुंडखर तक का इलाका पानी की समस्या से जूझता रहता है। यह इलाका आमतौर पर 'ड्राई' है और इसके लिए कोई बड़ी योजना नहीं थी। एक योजना पहले ही ब्यास नदी से इलाके में है, जो तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के समय में तैयार हुई थी। लेकिन यह इलाका अभी तक अनछुआ था और अब इसकी समस्या भी हल हो जाएगी।

### सड़कों को टू-लेन टाइप बनाने का काम जारी

**भोरंज** विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए सुरेश कुमार ने कहा कि इलाके की लगभग तमाम सड़कों को टू-लेन टाइप बनाने का काम जारी है और बहुत जल्दी यह सारी सड़कें बेहतर हो जाएंगी। भोरंज में बस अड्डे का निर्माण हो गया है। कई छोटी-छोटी लेकिन बहुत जरूरी समस्याएं हल हुई हैं। क्रिटिकल केयर यूनिट भोरंज के अस्पताल में स्थापित हो रहा है और अगले कुछ दिनों में यह लोगों के लिए समर्पित हो जाएगा, मुख्यमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री ने जिस बड़े स्तर पर हमीरपुर जिले में विकास कार्य को गति दी हुई है। अब लोगों का यह दायित्व बनता है कि आने वाले समय में लोग मुख्यमंत्री का साथ दें।

# बारी मंदिर टैंक का पानी पीने योग्य नहीं, सैंपल फेल

- मेडिकल कॉलेज की रिपोर्ट से खुलासा, दूषित पानी बना डायरिया की वजह
- अब तक डायरिया के 32 मामले सामने आए

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** हमीरपुर जिले के टौणी देवी स्वास्थ्य खंड में डायरिया के बढ़ते मामलों के बीच जल शक्ति विभाग के बारी मंदिर स्थित टैंक से लिए गए पानी का नमूना जांच में पीने योग्य नहीं पाया गया है। यह जानकारी मेडिकल कॉलेज हमीरपुर एवं अस्पताल की जांच रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के बाद विभाग ने वीरवार को टैंक खाली कर सफाई व्यवस्था जांची। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 10 जुलाई को बारी स्थित जल शक्ति विभाग के टैंक से पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेजा गया था। प्राप्त रिपोर्ट में पानी की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई। रिपोर्ट आने के बाद प्रभावित क्षेत्रों के जल स्रोतों की जांच तेज कर दी गई है। बीएमओ टौणी देवी डॉ. रमेश रत्तू ने बताया कि बुधवार को डायरिया के पांच नए मामले सामने आए हैं। इनमें पटनौण, टौणी देवी, हमीरपुर, बराड़ा तथा बारी मंदिर क्षेत्र के मरीज शामिल हैं। अब तक टौणी देवी अस्पताल में डायरिया से पीड़ित करीब 31 मरीज उपचार के लिए पहुंच चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने एहतियात के तौर पर स्वाहल और आसपास के क्षेत्रों में जल शक्ति विभाग के टैंकों से भी पानी के नमूने लेकर मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेजे हैं। इनकी जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। विभाग ने लोगों से केवल उबला या स्वच्छ पानी पीने, भोजन में साफ-सफाई रखने तथा डायरिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही हैं। लोगों को ओआरएस, क्लोरीन तथा जिंक की गोलियां उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

# अपने ज्योतिष पर इतना भरोसा तो विधानसभा भंग कर चुनाव कराएं मुख्यमंत्री : राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की '16 सीट' वाली भविष्यवाणी पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को अपने ज्योतिष पर इतना ही भरोसा है, तो तुरंत विधानसभा भंग कर चुनाव करवाकर इसे अमल जामा पहनाकर देख लें। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

सर्किट हाउस हमीरपुर में मीडिया से बातचीत में राजेंद्र राणा ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश को भविष्यवाणी नहीं, डीए और रोजगार चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों में प्रदेश भर में कांग्रेस की मिट्टी पलीद हुई है। खुद मुख्यमंत्री के गृह जिला और क्षेत्र में जिला परिषद की 19 सीटों में से कांग्रेस को सिर्फ 1 सीट मिली। 16 सीट का दावा करने वाले पहले नादौन की 19 में 1 सीट का हिसाब तो दे दें। अगर इतना ही ज्योतिष जानते हैं तो अपना जिला तो बचा लेते। नादौन की जनता ने ट्रेलर दिखा दिया है। विधानसभा चुनाव में नादौन से ही कांग्रेस के पतन की शुरुआत होगी।



**भाजपा और जयराम ठाकुर से फोबिया ग्रस्त हैं सुक्खू:** राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री को जयराम ठाकुर और भाजपा का फोबिया हो गया है। जयराम ठाकुर लगातार 6 बार भारी मतों से जीते हैं और 5 साल में कभी जनता को बरगलाया नहीं। 44% डीए देकर 60% का ढिंढोरा क्यों? कर्मचारियों से दुश्मनी क्यों? जिनसे अपना कुनबा नहीं संभल रहा, वो प्रदेश क्या खाक संभालेंगे। राणा ने पावर प्रोजेक्टों को भ्रष्टाचार का अड्डा बताया और कहा कि स्वर्गीय विमल नेगी मामले से सरकार की बदनीयती सामने आएगी। उन पर दबाव बनाकर टॉर्चर के आरोप लगे हैं। उन्होंने पुलिस हामीनी बैंड के इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने पर हमला बोला और कहा कि 6000 रुपए की कमाई भी पुलिस वेल्फेयर में डाल दी, लेकिन सराहना की जगह उन्हें सस्पेंड कर दिया। उन्होंने सलाह दी कि हिमाचल पुलिस को 'हमाचल' की पुलिस मत बनाओ। ये निष्पक्षता के लिए जानी जाती थी, अब बदले व झूठे मुकदमों के औजार के रूप में इस्तेमाल हो रही है।

# 23वीं जूनियर राज्य वुशू चैंपियनशिप में मंडी बना ओवरऑल चैंपियन

## युवा खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के निदेशक इंजी. पंकज लखनपाल ने विजेता नवाजे

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर, हमीरपुर में आयोजित 23वीं हिमाचल प्रदेश जूनियर बालक एवं बालिका राज्य वुशू चैंपियनशिप का दो दिवसीय आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 120 युवा खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने उत्कृष्ट कौशल, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य इंजीनियर



विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया अनंत ज्ञान

नैना लखनपाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया तथा उन्हें जीवन में अनुशासन, समर्पण और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। समारोह में हिमाचल प्रदेश वुशू एसोसिएशन के महासचिव एवं वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष पीएन आजाद, मंडी जिला वुशू एसोसिएशन के महासचिव खेम सिंह, अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, हमीरपुर जिला वुशू एसोसिएशन के महासचिव डॉ. वीरेंद्र, कांगड़ा जिला वुशू एसोसिएशन के महासचिव पवन नाग, कुल्लू जिला वुशू एसोसिएशन के महासचिव लुदर चंद, हमीरपुर जिला वुशू एसोसिएशन के अध्यक्ष नंद लाल, सिरमौर जिला वुशू एसोसिएशन के महासचिव कुलदीप तथा शिमला जिला वुशू एसोसिएशन के महासचिव परमिंदर सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध लोक गायक एसी भारद्वाज ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी मधुर एवं सुरमयी प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया और प्रतियोगिता में सांस्कृतिक रंग भरते हुए पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। प्रतियोगिता में मंडी जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। हमीरपुर जिला उपविजेता (रनरअप) रहा, जबकि बिलासपुर जिले ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दो दिवसीय यह राज्य स्तरीय चैंपियनशिप सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस आयोजन ने प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान किया तथा हिमाचल प्रदेश में वुशू खेल के प्रचार-प्रसार और विकास को नई ऊर्जा एवं प्रेरणा प्रदान की।

# पूर्व विधायक डॉ. अनिल ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



पौधरोपण के दौरान पूर्व विधायक डॉ. अनिल व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भोरंज विधानसभा क्षेत्र के बलोखर, झरलोग और लठवाण में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान मुख्य अतिथि तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। डॉ. अनिल धीमान ने पौधरोपण करते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान मातृ सम्मान और प्रकृति संरक्षण का प्रेरणादायी प्रयास है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के नाम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यह अभियान जनभागीदारी से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। अंत में सभी ने हरित भारत निर्माण के लिए पौधारोपण और उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

# भोरंज में घर-घर जाकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

## भाजपा ने कार्यकर्ताओं के योगदान, समर्पण एवं संघर्ष को किया नमन

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भाजपा जिला हमीरपुर की ओर से संगठन के प्रारंभिक दौर में पार्टी को मजबूत आधार प्रदान करने वाले 80 एवं 90 के दशक के सक्रिय कार्यकर्ताओं का घर-घर जाकर सम्मान किया गया। इस विशेष अभियान के माध्यम से उन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के योगदान, समर्पण एवं संघर्ष को नमन किया गया, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अथक परिश्रम किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान, प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री एवं पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, भोरंज मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर सहित भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के घर पहुंचकर उनका अभिनंदन किया तथा उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने रुठवाणी, पट्टा





पार्टी को मजबूत बनाने के अनुभव किए साझा। अनंत ज्ञान

तथा लठवां गांवों में पहुंचकर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं अश्वनी कुमार, जोगिंदर मल्होत्रा, देवराज भुजिया वाले, सत्या देवी एवं प्यार चंद सहित अन्य पुराने कार्यकर्ताओं से आत्मीय भेंट की।

पार्टी को मजबूत बनाने के लिए किए गए प्रयासों से जुड़े अनेक प्रेरणादायी अनुभव भी साझा किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी जिस मजबूत संगठनात्मक स्वरूप में देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में खड़ी है, उसकी नींव उन समर्पित कार्यकर्ताओं ने रखी थी जिन्होंने संसाधनों के अभाव में भी निष्ठा, त्याग और समर्पण के साथ संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाया। पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान एवं पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार उसके कार्यकर्ता होते हैं। वहीं, सम्मान कार्यक्रम के उपरांत भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया।

# हमीरपुर जेल में चिट्टे नशीले पदार्थ के मामले में पुलिस ने जुटाए साक्ष्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला कारागार हमीरपुर में कैदियों से बरामद किया गया चिट्टा व नशीले पदार्थ के मामले को लेकर पुलिस ने वीरवार को साक्ष्य जुटा कर छानबीन शुरू कर दी है। जेल वार्डन द्वारा यह मामला ध्यान में लाने के बाद मामला दर्ज किया गया था। जेल वार्डन ने अपने बयान में बताया था कि 15 जुलाई को दोपहर करीब 3.30 पर अंडर ट्रायल कैदी जो जेल की कैंटीन में कार्य करता है महिला ब्लाक की तरफ गया और वापस आया तो उससे महिला ब्लॉक में जाने का कारण पूछा तो वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। तलाशी के दौरान उसके लोअर की जेब से एक पैकेट मिला। इस पैकेट को खोला तो इसमें प्रतिबंधित सामग्री बरामद हुई जिसमें चिट्टा, नशीले कैप्सूल, गोलियां, मोबाइल और अन्य वस्तुएं मिलीं। एसपी बलवीर सिंह ने बताया कि चिट्टा और नशीले पदार्थ जेल में पहुंचाने वाले व्यक्ति को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# बारी मंदिर के पास गड्ढे के कारण स्कूटी सवार युवक घायल

अनंत ज्ञान

**टौणी देवी।** बारी मंदिर के सामने नेशनल हाईवे पर सड़क की खराब हालत अब वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। सड़क पर पानी के लगातार बहाव से बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। हाल ही में एक स्कूटी सवार युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए भेजा।



स्थानीय लोगों का कहना है कि नेशनल हाईवे प्राधिकरण ने झनिक्कर से बारी मंदिर तक नाली निर्माण तो किया, लेकिन पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई। इसके चलते बारी मंदिर बस स्टॉप के पास पानी सीधे सड़क पर बह रहा है और सड़क लगातार क्षतिग्रस्त हो रही है। लोगों ने हाईवे प्राधिकरण और प्रशासन से जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान, उचित जल निकासी व्यवस्था और क्षतिग्रस्त सड़क की शीघ्र मरम्मत की मांग की है। इस संबंध में हाईवे इंचार्ज अंकित कुमार ने बताया कि कार्य डीपीआर के अनुसार किया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग नाली निर्माण में सहयोग नहीं कर रहे हैं, जिस कारण पानी सड़क पर बह रहा है। उन्होंने बताया कि यहां 20 मीटर आरसीसी निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है, जिसे बरसात के बाद पूरा किया जाएगा।

# फेरी वालों के लिए 100 रुपए शुल्क किया तय

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** उपमंडल नादौन की बड़ा पंचायत में प्रधान कुलवंत सिंह की अध्यक्षता में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायतवासियों की मांग पर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। प्रधान ने बताया कि बेटे की शादी और शिशु जन्म पर ट्रांसजेंडरों को 2100 रुपए शगुन राशि निर्धारित की गई है। इसके अलावा पंचायत क्षेत्र में सामान बेचने वाले फेरी वालों के लिए 100 रुपए शुल्क तय किया गया है। बिना शुल्क सामान बेचने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए भी निर्णय लिए गए। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने या शराब पीते पाए जाने वालों पर जुर्माना लगाने के साथ कानूनी कार्रवाई करने का प्रावधान किया गया है। विकास कार्यों की निगरानी के लिए सतर्कता समिति का गठन भी किया गया। प्रधान कुलवंत सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य पंचायत बड़ा को अपने कार्यकाल में एक आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करना है।

- बड़ा पंचायत की ग्राम सभा में लिए अहम फैसले

# प्राथमिक शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा भोटा से शिमला के लिए रवाना

## न्यू कांप्लेक्स सिस्टम के विरोध में शिक्षक सड़कों पर, 26 को शिमला में प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**भोटा।** प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश की 'प्राथमिक शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा' वीरवार को छठे दिन भोटा से शिमला के लिए रवाना हुई। भोटा बाजार में स्थानीय प्राथमिक शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों और समर्थकों ने यात्रा की अगुवाई कर रहे संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा और उनके दल का जोरदार स्वागत किया।

ढोल-नगाड़ों और फूलों के साथ यात्रा दल का अभिनंदन किया गया। इसके बाद यात्रा नारेबाजी करते हुए शिमला की ओर बढ़ गई। संघ के अनुसार यह पदयात्रा 25 जुलाई को शिमला पहुंचेगी और 26 जुलाई को चौड़ा मैदान में विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यात्रा को रिटायर्ड प्राथमिक शिक्षकों, मिड डे मील वर्कर्स और मल्टी टास्क वर्कर्स का समर्थन मिल रहा है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि न्यू





कॉम्प्लेक्स सिस्टम के फैसले से प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने दावा किया कि इस फैसले से 40 हजार से अधिक सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षकों की भावनाएं आहत हुई हैं, जबकि 21 हजार से अधिक मिड डे मील वर्करों की नौकरी पर भी संकट मंडरा रहा है। प्रेम सिंह ठाकुर ने कहा कि वर्ष 1984 से चली आ रही शिक्षा व्यवस्था को इस निर्णय से नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि न्यू कॉम्प्लेक्स प्रणाली को वापस लिया जाए और प्राथमिक शिक्षा के मौजूदा ढांचे से छेड़छाड़ न की जाए। यात्रा में प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिल भाटिया, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष देवेंद्र केवला, हमीरपुर अध्यक्ष देश राज शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। संघ ने कहा कि वह अपनी मांगों को लेकर लगातार संघर्ष जारी रखेगा। संघ ने सरकार और शिक्षा विभाग से सवाल उठाया कि छोटे बच्चों की पिछले कई वर्षों से आयोजित हो रही खेल प्रतियोगिताएं क्यों बंद की गई। उन्होंने कहा कि यदि बजट की समस्या है तो संघ खर्च उठाने को तैयार है, लेकिन बच्चों से जुड़ी गतिविधियों को बंद करना उचित नहीं है।

# मैकेनिकल इंजीनियरिंग के डिप्लोमा प्रशिक्षुओं को रिकॉर्ड जॉब ऑफर्स

**अनंत ज्ञान, नादौन।** प्रदेश के सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों से वर्ष 2026 में पासआउट मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने रिकॉर्ड प्लेसमेंट हासिल की है। प्रदेश के सात सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों के छात्रों को अब तक 21 प्रतिष्ठित कंपनियों ने 195 नौकरी के ऑफर दिए हैं। इनमें 172 ऑफर 2.5 लाख से 5 लाख रुपये वार्षिक वेतन वाले हैं, जबकि 58 छात्रों को एक से अधिक कंपनियों से नियुक्ति प्रस्ताव मिले हैं। मारुति सुजुकी, सीजी पावर, टीवीएस मोटर्स, सुजुकी मोटर्स, गोदरेज एंड बॉयस, डॉ. रेड्डीज, महिंद्रा स्वराज और आनंद ग्रुप जैसी कंपनियां प्रमुख भर्तीकर्ताओं में शामिल हैं। विभागाध्यक्ष अरविंद कटोच ने बताया कि संयुक्त कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से सभी पात्र छात्रों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राजकीय पॉलिटेक्निक हमीरपुर में 12 से अधिक राज्य स्तरीय प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित हुईं। इच्छुक विद्यार्थी हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



# भरेड़ी में कल लगेगा नि:शुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** गरीब दास फाउंडेशन के तत्वावधान में तथा होली बेसिल हॉस्पिटल, मोहाली एवं भानु हॉस्पिटल मंडी के सहयोग से 18 जुलाई को भरेड़ी में नि:शुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों के लोगों को उनके घर के निकट विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि समय रहते रोगों की पहचान, उचित परामर्श एवं उपचार सुनिश्चित हो सके।



गरीब दास फाउंडेशन के अध्यक्ष देवराज तथा निदेशक डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही जरूरतमंद मरीजों के लिए आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण और नि:शुल्क दवाइयों की भी व्यवस्था रहेगी। शिविर में सामान्य रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, बाल रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, ईएनटी (नाक, कान एवं गला), नेत्र रोग (ऑप्थेल्मोलॉजी) सहित विभिन्न बीमारियों से संबंधित विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं आसपास के जरूरतमंद लोगों को भी शिविर की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक लोग विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि गरीब दास फाउंडेशन समाज के प्रत्येक वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संस्था का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, समय पर रोगों की पहचान सुनिश्चित करना तथा सेवा एवं मानव कल्याण की भावना को सशक्त बनाना है। इस तरह के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### विभाग ने सेरड मार्ग से हटाया अवैध कब्जा

**अनंत ज्ञान, महादेव।** लोक निर्माण विभाग ने गांव सेरड में सड़क मार्ग का एक बड़ा भाग जो अवैध कब्जे में बताया जाता है को वहां से जेसीबी मशीन लगाकर हटाया। ग्राम पंचायत पलाहोटा के पंचायत प्रतिनिधियों के रूप में खासकर प्रधान एवं उप प्रधान तथा पुलिस की उपस्थिति में अवैध पौड़ी तथा पत्थरों आदि मेंके ढेर इत्यादि हटाए।लोक निर्माण विभाग धनोटू के एस डीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मार्ग पर वर्षों से अवैध कब्जा था जिसके बारे में लगातार शिकायतें आ रही थी क्योंकि यहां से स्कूल की बड़ी गाड़ियां और एचआरटीसी की बस आदि भारी वाहन सेरड की ओर नहीं जा पाते थे ऐसे में लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

### लॉर्ड्स कॉन्वेंट के अक्षत का एचपीटीयू में चयन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल



सरकाघाट के मेधावी छात्र अक्षत ठाकुर ने अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम के बल पर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अक्षत ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन्स) में 95 प्रतिशतांक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। हाल ही में आयोजित केंद्रीकृत काउंसलिंग के बाद अक्षत ठाकुर का चयन हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (एचपीटीयू), हमीरपुर में कंप्यूटर साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शाखा में हुआ है, जिसे वर्तमान समय की सबसे लोकप्रिय और रोजगारोन्मुख शाखाओं में माना जाता है। अक्षत की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने उन्हें तथा उनके माता-पिता को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बराड़ी ने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उचित मार्गदर्शन और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### संधोल अस्पताल आंदोलन 19वें दिन भी रहा जारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर युवाशक्ति के नेतृत्व में चल रहा जन आंदोलन गुरुवार को 19 वें दिन भी लगातार जारी रहा। आंदोलन के 19वें दिन बीडीसी सदस्य सोहर गौरव, नेरी पंचायत के उपप्रधान विजय कुमार, कमलेश देवी, राजकुमारी, धर्मा सोनी, चंपा राणा, गुड्डी राणा, अनु देवी और किरण देवी क्रमिक अनशन पर बैठे। इस अवसर पर युवाशक्ति के संयोजक राकेश जम्वाल ने कहा कि आंदोलन को शुरू हुए 18 दिन से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन आज भी आंदोलनकारियों के हाथ खाली हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता लगातार शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें उठा रही है, फिर भी उनकी समस्याओं का कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है। राकेश जम्वाल ने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक न तो आंदोलनकारियों से मिलने धरना स्थल पर पहुंचे हैं और न ही उनकी मांगों को प्रभावी ढंग से मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता केवल अपने क्षेत्र के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग कर रही है, उन्होंने कहा 85 से 90 साल की वयोवृद्ध महिलाएं अनशन कर रही है हमारे विधायक को उनका मान सम्मान नहीं रख सकते तो उन्हें पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

### बैक डेट से टेट थोपने पर शिक्षकों ने खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** टेट प्रभावित शिक्षकों ने अपनी अध्यापन सेवा में नई शर्तें जोड़ने के खिलाफ प्रदेश स्तरीय मोर्चा गठित कर लिया है। मोर्चा में शामिल सदस्यों का मानना है कि सेवारत अध्यापकों पर टेट की अनिवार्यता थोपना उनके साथ घोर अन्याय है। वर्षों से विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे अध्यापकों की कार्यक्षमता और अनुभव पर इस प्रकार प्रश्नचिह्न लगाना उचित नहीं है। सुझाव यह दिया गया है कि हिमाचल सरकार का सेवारत अध्यापकों के लिए यदि स्पेशल टेट आयोजित करने का विचार हो तो उसका स्वरूप पूरी तरह से व्यावहारिक, न्यायसंगत और शिक्षक हितैषी होना चाहिए। साथ ही स्पेशल टेट में केवल सेवारत शिक्षक होना ही न्यूनतम योग्यता मानी जाए। अन्य उच्च शिक्षा व अंक प्रतिशतता में छूट दी जाए। इसके साथ ही विभागीय सेवा, शिक्षण अनुभव और वर्षों के योगदान को ध्यान में रखते हुए उत्तीर्णांक (पासिंग मार्क्स) में उचित रियायत की मांग की गई है। तर्क यह दिया गया है कि नियमित रूप से विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए सामान्य अभ्यर्थियों जैसी शर्तें लागू करना उचित नहीं होगा। यह भी मुद्दा उठाया गया है कि स्पेशल टेट का पाठ्यक्रम, परीक्षा पद्धति, प्रश्नपत्र का स्तर तथा पात्रता की शर्तें क्या होंगी। टेट प्रभावित शिक्षक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में सेवारत अध्यापकों के हितों की रक्षा करना चाहती है, तो स्पेशल टेट को केवल औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित रखा जाए और इसे किसी भी अध्यापक की नौकरी पर संकट बनने का माध्यम न बनाया जाए।

---

### स्कूल के आसपास नशीले पदार्थ बेचने वालों पर स्वास्थ्य विभाग ने कसा शिकंजा

# बलद्वाड़ा में दुकानदारों के काटे चालान

- कई दुकानदार खुलेआम बीड़ी, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद बेचते पकड़े

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** प्रदेश सरकार के नशा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने सरकाघाट उपमंडल की बलद्वाड़ा तहसील स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के आसपास बड़ी कार्रवाई करते हुए स्कूल परिसर के निर्धारित दायरे के भीतर तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थ बेचने वाले कई दुकानदारों पर शिकंजा कसा। विभाग की इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। बीएमओ बलद्वाड़ा डॉक्टर अनिल कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम ने स्कूल के आसपास स्थित दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

जांच के दौरान कई दुकानदार खुलेआम बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू और अन्य तंबाकू उत्पाद बेचते पाए गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के चालान काटे गए और उन्हें भविष्य में ऐसी गतिविधियां न करने की कड़ी चेतावनी भी दी गई। कार्रवाई का



बलद्वाड़ा स्कूल के आसपास दुकानों का निरीक्षण करती स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम। अनंत ज्ञान

नेतृत्व बीएमओ बलद्वाड़ा डॉ. अनिल कुमार और नागरिक अस्पताल सरकाघाट के एसएमओ डॉ. संजीव कुमार ने किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम ने दुकानदारों को सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 के प्रावधानों की जानकारी भी दी। अधिकारियों ने बताया कि सरकार और कानून के अनुसार किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज (लगभग 91 मीटर) के दायरे में तंबाकू एवं नशीले पदार्थों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान है। स्कूलों के आसपास तंबाकू और नशीले पदार्थों की बिक्री बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालती है, इसलिए इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

बच्चों को नशे की लत से बचाने और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से भविष्य में भी औचक निरीक्षण और सघन अभियान चलाए जाएंगे। नियमों की अनदेखी करने वाले किसी भी दुकानदार को बख्शा नहीं जाएगा।

---

# भरनाल में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया दृढ़ संकल्प

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और बच्चों में प्रकृति के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से दीन बंधु सेवा मंडल चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन, भरनाल में हरियाली उत्सव के तहत विशेष पौधरोपण अभियान आयोजित किया। अभियान के दौरान संस्थान के बच्चों को पौधे वितरित किए गए, जिन्हें उन्होंने उत्साहपूर्वक विभिन्न चिन्हित स्थानों पर रोपित किया। कार्यक्रम का संचालन उप-वन परिक्षेत्राधिकारी सुभाष चंद के नेतृत्व में किया गया।

इस दौरान वन रक्षक अजय कुमार, अजेंद्र सिंह चंद और सतीश कुमार ने बच्चों को पौधरोपण की सही विधि और पौधों की देखभाल की जानकारी दी। वहीं, वन मित्र मनीष मल्होत्रा और धीरज कुमार ने पौधों के वितरण तथा आयोजन की व्यवस्थाओं में सहयोग किया। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य बच्चों को व्यवहारिक रूप से पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना तथा क्षेत्र के हरित आवरण में वृद्धि करना है। उन्होंने बच्चों को पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया।

बच्चों ने भी लगाए गए पौधों की सुरक्षा और देखभाल का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर दीन बंधु सेवा मंडल के प्रभारी प्रेम सिंह ने वन विभाग और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से बच्चों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ नई पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

---

# वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति ने की गंभीर रोगी की आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान





**सरकाघाट।** वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति चोलथरा की मासिक बैठक समिति के प्रधान अमर सिंह राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संस्था के विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इस दौरान समिति ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए गांव बासी कोठी निवासी रघुवीर सिंह, पुत्र ईश्वर दास, जो गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, को 5,100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से गरीब, असहाय तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित जरूरतमंद लोगों की हरसंभव सहायता करती आ रही है और भविष्य में भी यह सेवा निरंतर जारी रहेगी।समिति के प्रधान अमर सिंह राणा ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए, ताकि जरूरत के समय किसी भी व्यक्ति को अकेला महसूस न करना पड़े।

समिति के सचिव सरवन सिंह भारद्वाज ने कहा कि संस्था आगे भी जनहित और समाजसेवा से जुड़े कार्यों को निरंतर गति देती रहेगी, जिससे जरूरतमंद परिवारों को समय पर सहयोग मिल सके और समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवीय संवेदनाओं की भावना और अधिक मजबूत हो। बैठक में प्रधान अमर सिंह राणा, सचिव सरवन सिंह भारद्वाज, बिहारी लाल ठाकुर, कश्मीर सिंह ठाकुर, रमेश राणा, जोगिंदर सिंह गुलेरिया, कश्मीर सिंह, वेद प्रकाश आर्य सहित समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने समाजहित में मिलकर कार्य करने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

---

# शिव मंदिर सरकाघाट में शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट में ब्रह्मलीन श्री शिवगिरी जी महाराज की तपोस्थली धरती शिव मंदिर मंदिर श्रावण मास के आरंभ में गुप्त नवरात्रि के महान पर्व पर महंत श्री लक्ष्मी नारायण गिरि के व मंदिर कमेटी के सानिध्य में शिव महापुराण पुराण कथा का आरंभ श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाल कर और ग्रंथ स्थापना के रूप में आयोजित किया व्यास देव पंडित जितेन्द्र सांख्यान आचार्य का श्रद्धालुओं और कमेटी ने शिव भगवान के जयकारों व मंगल गीतों से भव्य स्वागत किया। पंडित ने भगवान की स्तुति, सिमरन, और संतों के सानिध्य में आना मानव जीवन का श्रेष्ठ कार्य बताया पंडित ने बताया कि भगवान की प्राप्ति संत शरण में आ कर और तन मन को समर्पित करते ही हो जाती है इस लिए यदि भगवान कि आशीर्वाद, भगवान शिव की प्राप्ति यदि मनुष्य को चाहिए तो पूर्ण संतों की शरण में जा कर कर सकता है क्योंकि वेद, शास्त्र और गुरु जनो के मतानुसार संत शरण और सद्गुरु ही सुख और मुक्ति का साधन है। शिव मंदिर सरकाघाट कमेटी के अध्यक्ष महंत श्री लक्ष्मी नारायण व समस्त कार्यकारणी ने लोगों से 24 जुलाई तक चलने वाले शिव महापुराण कथा में हिस्सा लेने का आग्रह किया है।

---

# डीएवी सेंटेनरी स्कूल मंडी ने जीती एटीसी-223 की ओवरऑल ट्रॉफी



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर परिसर में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) एयर विंग के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-223) में डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर, मंडी के कैडेट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय वर्ग में ओवरऑल विनर का खिताब अपने नाम किया।

समापन अवसर पर मुख्यातिथि एवं 1 एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने डीएवी मंडी की एएनओ सुमन पंडित को बेस्ट एएनओ पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं में डीएवी के कैडेट्स ने ड्रिल, ग्रुप डांस, स्किट और 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीते, जबकि निशिका को बेस्ट एंकर चुना गया। सोलो डांस, जूनियर डिवीजन खो-खो, जूनियर डिवीजन बॉयज 4 गुना 400 मीटर रिले और जूनियर विंग गर्ल्स 4 गुना 400 मीटर रिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक भी जीते। वहीं, अग्रिया ने 100 मीटर तथा सांवी ने 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किए। विद्यालय लौटने पर विजेता कैडेट्स ने प्रधानाचार्य के.एस. गुलेरिया से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। प्रधानाचार्य ने पूरी टीम और एएनओ सुमन पंडित को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि कैडेट्स के कठिन परिश्रम, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का परिणाम है तथा अन्य विद्यार्थियों को भी राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करेगी।

---

# धनोटू-बग्गी मार्ग की मरम्मत शुरू

### लोगों की भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग

अनंत ज्ञान

**भीम बसेडू, राजपूत, महादेव।** बीबीएमबी की नहर के साथ लगते धनोटू-बग्गी मार्ग पर लंबे समय से बने गड्ढों की आखिरकार मरम्मत शुरू हो गई है। बरसात के कारण सड़क पर जगह-जगह गड्ढों में पानी, कीचड़ और कूड़ा जमा होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मानसून के दौरान दुर्घटना की आशंका को देखते हुए बीबीएमबी प्रशासन ने सीमेंट, बजरी और अन्य सामग्री की सहायता से गड्ढों को भरने का कार्य तेज गति से शुरू कर दिया है, ताकि लगातार हो रही बारिश से पहले सड़क को यातायात योग्य बनाया जा सके। यह मार्ग बीबीएमबी कर्मचारियों के साथ-साथ सुंदरनगर, नाचन, बल्ह और मंडी आने-जाने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। ऊपरी



क्षेत्रों से आने वाले वाहनों का भी इस सड़क पर लगातार आवागमन रहता है, जिससे यह मार्ग दिनभर व्यस्त रहता है।

सड़क की मरम्मत के साथ-साथ नालियों की सफाई भी करवाई जा रही है, ताकि वर्षा का पानी बिना किसी रुकावट के निकल सके और सड़क को नुकसान न पहुंचे। स्थानीय लोगों ने बीबीएमबी प्रशासन तथा मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत से मांग की है कि इस संकरे मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई जाए। उनका कहना है कि सड़क की चौड़ाई कम होने और कई स्थानों पर गहरी खाइयों के कारण दुर्घटना का खतरा हमेशा बना रहता है। दो छोटे वाहन भी एक-दूसरे को पास देने में कठिनाई महसूस करते हैं।

लोगों ने सड़क के दोनों किनारों को पक्का कर चौड़ा करने की मांग करते हुए कहा कि इससे बढ़ते यातायात के बीच यह मार्ग अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बन सकेगा।

---

# 'जन-जन का वृक्ष' अभियान के तहत द्रमण में रोपे पौधे



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** 'जन-जन का वृक्ष' अभियान के तहत वीरवार को वन परिक्षेत्र जोगिंद्रनगर के वन खंड भराडू द्वारा ग्राम पंचायत नोहली के द्रमण में पौधरोपण किया गया।

यह पौधरोपण वन खंड अधिकारी भराडू जगदीश चंद की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें समस्त वन खंड भराडू का स्टाफ जिसमें वन रक्षक प्रकाश, प्रदीप, पंकज, वन मित्र लवली, संदीप, मुनीश व तनु मौजूद रहे। यह पौधरोपण युवक मंडल द्रमण के सहयोग से किया गया, युवक मंडल प्रधान तरुण भरेड़ी व सदस्य सुजल, कार्तिक, संजीव भारद्वाज, तनुज, किशोरी लाल, पंकू, ईशानी, द्रमण स्कूल की एसएमसी की प्रधान उर्मिला देवी, व जेबीटी अध्यापक भाल चंद भारद्वाज ने इस वृक्षारोपण अभियान में बढ़- चढ़कर भाग लिया। इस दौरान देवदार, अमरूद, भेड़ा व दाड़ू के लगभग 60 पौधे लगाए गए।

---

# संधोल में खाद के लिए मचा हाहाकार

### किल्लत से किसान परेशान, सुध लेना भूला कृषि विभाग

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** जिले की दूसरी बल्ह घाटी के नाम से प्रसिद्ध संधोल क्षेत्र में इन दिनों यूरिया खाद की भारी किल्लत से किसान परेशान हैं। पिछले कई महीनों से कृषि विभाग किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं करवा पाया है। मॉनसून के इस महत्वपूर्ण समय में धान व मक्की जैसी फसलों को खाद की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, लेकिन किसान खाद के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

किसानों का कहना है कि सरकारी केंद्रों और समितियों में यूरिया उपलब्ध नहीं है, जबकि खुले बाजार में कालाबाजारी के जरिए 270 रुपये की खाद 500 रुपये से अधिक कीमत पर बेची जा रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की चिंता करने के बजाय केवल घोषणाओं तक सीमित है। स्थानीय किसान मोहन लाल, अश्वनी, कुलदीप, जय सिंह, रीता, रजनी, निर्मला, हरिदास, निशा, मीना देवी, गोपाल, मिठुल ठाकुर, जसवंत सिंह, गीता, सोनिया ठाकुर, विजय, विमला देवी, विनोद, विजय कुमार, राजेश और मीना देवी सहित अन्य किसानों ने सरकार से मांग की है कि संधोल क्षेत्र में जल्द खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, अन्यथा कृषि विभाग कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

सेवानिवृत्त कृषि विकास अधिकारी एवं समाजसेवी मोहन लाल भरमौरिया ने कहा कि खाद न मिलने से किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करवाई है। उनका कहना है कि यदि विभाग किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं करवा सकता तो ऐसे कार्यालयों पर हो रहे सरकारी खर्च का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

किसानों का कहना है कि हिमफैड की ओर से खाद की कमी का हवाला दिया जा रहा है, लेकिन क्षेत्र में कुछ स्थानों पर कालाबाजारी के जरिए महंगे दामों पर यूरिया उपलब्ध है। ऐसे में किसान यह समझ नहीं पा रहे कि वास्तविक समस्या खाद की कमी है या फिर कालाबाजारी।

सालभर पहले कृषि विभाग द्वारा खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया गया था, लेकिन आज तक न तो इस तकनीक को किसानों ने अपनाया और न ही विभाग किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध करवा पाया। हिमफैड के प्रतिनिधि मुनीश कुमार ने बताया कि खाद किल्लत पीछे से ही चल रही है इसलिए अभी न सुजानपुर पहुंची है और न संधोल आ पाई है अभी और कितने दिन लगेंगे किसानों के पास इसका अभी तक कोई जानकारी नहीं है।

---

# सत बाड़ा देव प्रकटोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** पूर्व सुकेत रियासत काल के प्राचीन देव समूह के अधिष्ठाता तथा मंडी जिला के बड़े हिस्से में पूजनीय देवाधिदेव माने जाने वाले सत बाड़ा देव के मूल स्थान नालनी में देवी शक्ति सत बाड़ा देव प्रकटोत्सव के अवसर पर विशाल जागरण एवं अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। दूर-दराज के पर्वतीय क्षेत्र नालनी स्थित सत बाड़ा देव मंदिर परिसर में बुधवार और वीरवार रात्रि को आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

श्रद्धालु पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भजनों पर झूमते और नाचते-गाते हुए प्रकटोत्सव का उत्सव मनाते रहे। स्थानीय महिला मंडल और अनुभवी भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर कमेटी के प्रधान चूड़ामणी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी मंदिर परिसर में संगीतमय भजन संध्या तथा दिन-रात अटूट भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। दिनभर श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रसाद ग्रहण कर देवता का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि कुल देवता होने के कारण क्षेत्र सहित अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। बीबीएमबी कॉलोनी से मलोह-नालनी वाया सुसन-ज्वाला मार्ग की खराब स्थिति के कारण अधिकांश श्रद्धालुओं को मंदिर पहुंचना पड़ा। इस दौरान श्रद्धालुओं और मंदिर कमेटी ने स्थानीय प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक से मंदिर तक जाने वाली सड़क को चौड़ा एवं पक्का करने की मांग उठाई। साथ ही मंदिर परिसर के समीप स्थायी वाहन पार्किंग का निर्माण करवाने की आवश्यकता भी बताई।

---

श्रद्धांजलि

### प्राथमिक स्कूल चोलथरा में वीर जवान को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

# जवानों ने शहीद राजकुमार को दी सलामी



प्राथमिक स्कूल चोलथरा में गांव मंगवारी थनक के शहीद राजकुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते आईटीबीपी के जवान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर के चोलथरा स्थित प्राथमिक स्कूल में वीरवार को गांव मंगवारी थनक के शहीद राजकुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आईटीबीपी की 2वीं बटालियन कुल्लू से पहुंची जवानों की टुकड़ी ने शहीद राजकुमार को सलामी देकर उन्हें याद किया। जानकारी के अनुसार वर्ष 1987 में पंजाब में आतंकवाद चरम पर था।

इसी दौरान नकोदर, पंजाब में हुए आतंकी हमले में नौ सैनिक शहीद हुए थे, जिनमें चोलथरा के गांव मंगवारी निवासी राजकुमार भी शामिल थे। शहीद राजकुमार की बहादुरी और देश के लिए दिए बलिदान को याद करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट का मौन रखकर की गई। इसके बाद पूर्व पैरा मिलिट्री संघ के पूर्व प्रधान कुलदीप ठाकुर ने आईटीबीपी 2वीं बटालियन के कमांडेंट द्वारा भेजा गया संदेश पढ़कर सुनाया।

इस अवसर पर शहीद के परिजनों सहित स्कूल के सीएचटी सतीश शर्मा, पंचायत प्रधान विजय बन्याल, उपप्रधान राकेश बन्याल, वार्ड सदस्य और पूर्व पैरामिलिट्री जवान टेक सकलानी, सरवन भारद्वाज, संदेश पठानिया, रमेश राणा व रमेल चंद मौजूद रहे। स्कूल विद्यार्थियों को मिठाई बांटी गई। 'शहीद राजकुमार अमर रहें' और 'भारत माता की जय' के नारों से स्कूल परिसर गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने आईटीबीपी कमांडेंट और जवानों की टीम का आभार जताया।

---

# बीमा योजना के तहत नीलमा देवी को दिए दो लाख रुपए



अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की बाली चौकी शाखा द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत ग्राम पंचायत खणी के गांव माहुधार निवासी स्वर्गीय डोले राम की पत्नी नीलमा देवी को दो लाख रुपये की बीमा क्लेम राशि प्रदान की गई। यह राशि नीलमा देवी को ग्राम पंचायत खणी के प्रधान देव राज ठाकुर के माध्यम से चेक के रूप में सौंपी गई। जानकारी के अनुसार गांव माहुधार निवासी डोले राम की पहाड़ी से गिरने के कारण दुखद मृत्यु हो गई थी। डोले राम प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमित थे। आवश्यक औपचारिकताओं और दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की बाली चौकी शाखा ने उनके परिवार के बीमा दावे का निपटारा करते हुए उनकी पत्नी नीलमा देवी को योजना के प्रावधानों के तहत दो लाख के क्लेम राशि प्रदान की। इस अवसर पर प्रदेश ग्रामीण बैंक बालीचौकी की शाखा प्रबंधक अनामिका महंत, बैंक अधिकारी मनीशा, हिमांशु और रीना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

कुल की प्रशंसा करने से क्या लाभ ? शील ही (मनुष्य की पहचान का) मुख्य कारण है। क्षुद्र मंदार आदि के वृक्ष भी उत्तम खेत में पड़ने से अधिक बढ़ते-फैलते हैं। -मृच्छकटिक

## संपादकीय

### रिश्तों का कत्ल

आम तौर पर शांत, सौहार्दपूर्ण और संस्कारों की धरती के रूप में पहचानी जाने वाली देवभूमि हिमाचल प्रदेश अब ऐसी घटनाओं का गवाह बनने लगी है, जिनकी कुछ वर्ष पहले तक यहां कल्पना भी नहीं की जाती थी। बीते कुछ समय से प्रदेश में हत्या, घरेलू हिंसा और पारिवारिक विवादों से जुड़ी घटनाओं में बढ़ोतरी ने समाज को गहरी चिंता में डाल दिया है। सबसे अधिक पीड़ादायक तब होता है, जब अपराधी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं वरन परिवार का ही सदस्य होता है। अपने ही अपनों की जान लेने लगें तो इसे रिश्तों का कत्ल कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा। इस तरह के मामले सांस्कृतिक और मानवीय मूल्यों के कमजोर पड़ने के संकेत हैं।

हमीरपुर जिले के भोरंज क्षेत्र के बडैहर गांव में हुई घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया। एक बेटे ने अपने ही 65 वर्षीय पिता की बेरहमी से पिटाई कर उनकी हत्या कर दी, जो किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत दुखद और शर्मनाक है। आरोपी शराब के नशे में था, लेकिन केवल शराब को इस जघन्य अपराध का कारण मान लेना उचित नहीं होगा। नशा इंसान की सोच को प्रभावित जरूर करता है, परंतु किसी बेटे का अपने पिता पर इस हद तक हमला कर देना यह दर्शाता है कि समाज में सहनशीलता, आत्मसंयम और पारिवारिक संस्कार तेजी से कमजोर हो रहे हैं। यदि रिश्तों की मर्यादा जीवित होती तो कोई भी नशा पुत्र को अपने पिता की जान लेने तक नहीं पहुंचा सकता था। पिता परिवार की नींव होता है। वही संतान को जन्म देता है, उसका पालन-पोषण करता है, कठिन परिस्थितियों में स्वयं कष्ट सहकर उसके भविष्य का निर्माण करता है और उसे अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए जीवनभर संघर्ष करता है। ऐसे पिता पर हाथ उठाना ही अक्षम्य अपराध है, और उनकी हत्या कर देना मानवता के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध है। यह घटना हर उस व्यक्ति को आत्ममंथन करने के लिए विवश करती है, जो पारिवारिक संबंधों की अहमियत को हल्के में लेने लगा है।

यह भी सच है कि हर परिवार में मतभेद होते हैं। घरेलू विवाद नई बात नहीं हैं। पीढ़ियों के बीच सोच का अंतर भी स्वाभाविक है, लेकिन किसी भी विवाद का समाधान हिंसा नहीं हो सकता। यदि गुस्सा निर्णय लेने लगे और संवाद समाप्त हो जाए, तो परिवार टूटते हैं और समाज बिखरने लगता है। आज सबसे बड़ी चिंता यही है कि लोगों में धैर्य और सहिष्णुता लगातार कम होती जा रही है। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध इस कदर हावी हो जाता है कि व्यक्ति सही और गलत का अंतर तक भूल जाता है। क्षणिक आवेश में उठाया गया एक कदम परिवार को तो उजाड़ता ही है और साथ ही कई जिंदगियों को हमेशा के लिए दुख और पछतावे में भी धकेल देता है।

आधुनिक जीवनशैली, बढ़ता तनाव, बेरोजगारी, आर्थिक दबाव, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और पारिवारिक संवाद का अभाव भी ऐसी घटनाओं के पीछे महत्वपूर्ण कारण हैं। आज संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं। परिवार के सदस्य एक ही घर में रहते हुए भी भावनात्मक रूप से एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ने संवाद के स्थान पर एकाकीपन को बढ़ावा दिया है। परिणामस्वरूप, जब कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसे बातचीत से सुलझाने के बजाय आक्रोश और हिंसा का रास्ता चुन लिया जाता है।

प्रदेश में बढ़ते नशे का संकट भी इस समस्या को और गंभीर बना रहा है। शराब और अन्य मादक पदार्थ व्यक्ति की निर्णय क्षमता को प्रभावित करते हैं और उसके भीतर छिपी आक्रामक प्रवृत्तियों को उभार देते हैं। इसलिए केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं होगा। सरकार को नशा मुक्ति अभियान को और प्रभावी बनाना होगा।

कानून का भी अपना महत्व है। ऐसे जघन्य अपराधों में दोषियों को त्वरित और कठोर दंड मिलना चाहिए, ताकि समाज में यह स्पष्ट संदेश जाए कि रिश्तों की हत्या किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। लेकिन केवल सजा से समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं होगा। समाज को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

## आज की प्रमुख हस्ती

### परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक

फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों भारतीय वायुसेना के महान योद्धा थे, जिन्होंने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अदम्य साहस और देशभक्ति का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। वे भारतीय वायुसेना के एकमात्र अधिकारी हैं जिन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ।



निर्मलजीत सिंह सेखों
जन्म : 17 जुलाई, 1943
मृत्यु : 14 दिसंबर, 1971

निर्मलजीत सिंह सेखों का जन्म 17 जुलाई 1943 को पंजाब के लुधियाना जिले के रूरका गांव में हुआ था। सैन्य परिवार से जुड़े होने के कारण उनमें बचपन से ही देश सेवा की भावना थी। वे नेट लड़ाकू विमानों के कुशल पायलट माने जाते थे और अपनी बहादुरी एवं उड़ान कौशल के लिए प्रसिद्ध थे। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान वे श्रीनगर वायु सेना स्टेशन पर 18 नंबर स्क्वाड्रन के साथ तैनात थे। 14 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान के छह एफ-86 सेबर जेट विमानों ने श्रीनगर एयरफील्ड पर हमला किया। घने कोहरे और कठिन परिस्थितियों के बावजूद सेखों ने बिना किसी डर के अपने विमान से उड़ान भरी और दुश्मन का सामना किया।

उन्होंने अकेले ही दो दुश्मन सेबर जेट विमानों को चुनौती दी और अपने अद्भुत युद्ध कौशल से उन्हें मार गिराया। रेडियो संदेश में उन्होंने अपने साथियों को बताया कि वह दुश्मन के विमानों का मुकाबला कर रहे हैं और उन्हें वापस नहीं जाने देंगे। उनका साहस और आत्मविश्वास भारतीय वायु सेना के इतिहास में एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया।

मुठभेड़ के दौरान उनका विमान भी दुश्मन के निशाने पर आ गया। अपने अंतिम संदेश में उन्होंने साथी पायलट को मोर्चा संभालने के लिए कहा और इसके बाद वीरगति को प्राप्त हुए। उनका बलिदान देश की रक्षा के प्रति कर्तव्य, साहस और समर्पण का प्रतीक है।

## कविता

### दोस्त याद आते हैं



डॉ. कौमार्य मनोज

पता नहीं ये जिंदगी, कब कहां ले जाएगी।
सोचा नहीं था यार मेरे, शहर को में बस जाऊंगा।।
वो बचपन की अठखेलियां, दोस्तों की शरारतें ।
सोच न पाया कभी, सब कुछ यूं ही भूल जाऊंगा।।
वो भूलते बिसरते पल, मुझको बड़ा सताते हैं।
वो पुरानी घर हवेली, और दोस्त याद आते हैं।।
पर जब कभी जाता हूं घर, मिलता ना सखा, सखी कोई।
सबके सब स्व घर बेकर, शहर में घोंसला पाते हैं।।
बच्चे हुए बड़े सभी, सब सेटल अपनी जिंदगी।
पर वो सुकून कहां, जो दोस्तों में पाते हैं।।
थी वो निस्वार्थ जिंदगी, थी वो नि:स्वार्थ दोस्ती।
बेशक जमीं पर पढ़ते थे, फिर कल जाने को मचलते थे।।
अब घर घर क़ालीन है, सोफा बिस्तर है यहां वहां।
मन जो है बेचैन है, न है अपनी वो खुशी।।
बच गई है यार मेरे, प्रोफेशनल सी जिंदगी।।
कौन कब अपना यहां, बस वक्त ही गुजार दी।।
मिली जिंदगी जो फिर अगर, गांव को बस जाऊंगा।
शुद्ध जल ताज़ी हवा, रिश्ते सारे निभाऊंगा।।
पता नहीं ये जिंदगी . . . .

# हिमाचल में बढ़ता नशा, अपराध और बिगड़ती सामाजिक व्यवस्था

देवभूमि हिमाचल प्रदेश में कुछेक लोग सुबह चाय की दुकानों में दस रुपए का चाय का कप पीने के बजाय बीस रुपए का सोमरस का पैग पीना बेहतर समझ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में कुछेक स्थानों पर पर्यटकों की पार्टियां सरेआम हो रही हैं, जिनमें नशे का सेवन किया जा रहा है। पर्यटन स्थल आजकल महंगी शराब, बियर की बोतलों, सिगरेट, तंबाकू, जर्दा और पान के कचरे से लबालब भरे पड़े हैं। धार्मिक आस्था की आड़ में कुछेक पर्यटक मौज-मस्ती करके प्रदेश की संस्कृति और मर्यादा को नुकसान पहुंचाकर चले जाते हैं।



सुखदेव सिंह
नूरपुर, जिला कांगड़ा
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

उच्च न्यायालय ने भी इस प्रकार की गतिविधियों का कड़ा संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। कुछेक कूरियर कंपनियां ऑनलाइन प्रतिबंधित दवाएं बेचकर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रही हैं। चिकित्सक की अनुमति के बिना ऐसी दवाओं की बिक्री गैरकानूनी है। इंटरनेट पर ऐसी दवाओं की ब्रांडिंग की जाती है और इसके बाद लोग ऑनलाइन ऑर्डर कर देते हैं। पुलिस द्वारा दवा दुकानों का रिकॉर्ड खंगालने का अभियान शुरू करना सराहनीय कदम है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट भी चिंताजनक तस्वीर प्रस्तुत करती है। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर भारत के राज्यों में हिमाचली लोगों में शराब पीने की आदत अधिक बढ़ी है। नशा उस दीमक की तरह होता है, जो किसी पेड़ को अंदर से खोखला कर देता है। नशे की गर्त में डूबे व्यक्ति का मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास प्रभावित होता है। युवा पीढ़ी का नशे की ओर बढ़ता आकर्षण समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

वहीं, हिमाचल प्रदेश में अपराधों का बढ़ना भी चिंता का विषय है। बलात्कार, अपहरण, चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं में वृद्धि से जनता में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। कानून का भय समाज में बना रहना आवश्यक है। नशा अपराधों को बढ़ावा देने वाला प्रमुख कारण बन सकता है। समाज में जितने नशा मुक्ति अभियान चलाए जा रहे हैं, उनके साथ-साथ नशे की समस्या का बढ़ना गंभीर मंथन का विषय है।

हिमाचल प्रदेश पुलिस आए दिन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर रही है और उनकी संपत्तियां जब्त की जा रही हैं, लेकिन ड्रग्स तस्करी में महिलाओं और युवतियों की संलिप्तता भी चिंता का विषय है। कई लोग महंगे शौक और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए इस अवैध धंधे में शामिल हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा नशे के खिलाफ उठाए जा रहे सख्त कदम सराहनीय हैं। नशे में संलिप्त सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्णय भी आवश्यक है, क्योंकि सरकारी कर्मचारी जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं।



देशभर में अपनी अलग पहचान रखने वाली हिमाचल प्रदेश पुलिस के कुछेक कर्मचारियों की गलत गतिविधियों से पूरे विभाग की छवि प्रभावित होती है। पुलिस का कार्य समाज को अपराध मुक्त और भयमुक्त बनाना है। यदि पुलिस कर्मचारी ही नशा तस्करी या नशे के सेवन में संलिप्त पाए जाएंगे तो समाज की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। इसलिए सरकारी विभागों में तैनात कर्मचारियों का समय-समय पर रेंडम डोप टेस्ट होना आवश्यक है। भविष्य में सरकारी नौकरी प्राप्त करने वालों के लिए भी ऐसी प्रक्रिया पर विचार किया जाना चाहिए। सरकार को कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों, अनुशासन और जनता के प्रति जवाबदेही के बारे में लगातार जागरूक करना होगा। आखिर समाज नशे की गर्त में क्यों जा रहा है, इस पर गंभीर चिंतन आवश्यक है। कुछ युवा आपसी देखा-देखी, पारिवारिक तनाव, बेरोजगारी और मानसिक परेशानियों के कारण नशे की ओर आकर्षित हो जाते हैं। नशा व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर कर देता है। कुछ लोगों ने नशा तस्करी को अपनी काली कमाई का प्रमुख साधन बना लिया है।

हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण पहाड़ी राज्य है, जहां मंदिरों और धार्मिक स्थलों के प्रति देश-विदेश के श्रद्धालुओं की विशेष आस्था है। राज्य सरकार पर्यटन को राजस्व का प्रमुख स्रोत बनाना चाहती है, लेकिन पर्यटन के साथ अनुशासन और नियमों का पालन भी आवश्यक है। 'अतिथि देवो भव:' हमारी संस्कृति रही है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि कोई भी पर्यटक प्रदेश की संस्कृति, पर्यावरण और कानून की अनदेखी करे। कुछेक पर्यटक ड्रग्स, चरस, शराब, नशीले कैप्सूल और अन्य गलत गतिविधियों में शामिल होकर देवभूमि की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कुछ स्थानों पर पर्यटकों द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फैलाना, अनुशासनहीनता और गुंडागर्दी करना भी चिंता का विषय है। पर्यटन हिमाचल प्रदेश की जनता के लिए आर्थिक अवसर है, लेकिन यदि यह अनियंत्रित हो जाए तो यह एक मीठा जहर भी साबित हो सकता है।

राज्य सरकार द्वारा नशा तस्करी से अर्जित संपत्तियों को जब्त करने का अभियान निश्चित रूप से सकारात्मक परिणाम देगा। पुलिस और प्रशासन को नशा माफिया के खिलाफ और अधिक सख्ती बरतनी होगी। सरकारी कार्यालयों में तैनात कर्मचारियों की कार्यप्रणाली और व्यवहार पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। हिमाचल की पहचान उसकी संस्कृति, ईमानदारी और शांत वातावरण से है। इसे बनाए रखना सरकार, प्रशासन और जनता सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नशा मुक्त समाज, सुरक्षित पर्यटन और जवाबदेह प्रशासन के माध्यम से ही हिमाचल प्रदेश अपनी गरिमा और प्रतिष्ठा को कायम रख सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों का पुनर्वास एवं शिक्षा से जुड़ाव लाजिमी

भिक्षावृत्ति में शामिल प्रत्येक बच्चा केवल एक जरूरतमंद नहीं, बल्कि खोते हुए भविष्य का प्रतीक है। जब तक समाज भीख देने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के बजाय इन बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर करने का संकल्प नहीं लेगा, तब तक यह सामाजिक अभिशाप समाप्त नहीं हो सकेगा। भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों को इस दलदल से बाहर निकालकर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि पूरे समाज की नैतिक और मानवीय जिम्मेदारी है।



डॉ. राज कुमारी
साइकोलॉजिस्ट
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इन बच्चों के पीछे अक्सर संगठित भिक्षावृत्ति गिरोह, मानव तस्करी, पारिवारिक गरीबी या अन्य सामाजिक मजबूरियां होती हैं। इसलिए समाज, प्रशासन और परिवार—सभी की संयुक्त भागीदारी आवश्यक है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21(क) (21) के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। प्रत्येक बच्चे को भीख नहीं, बल्कि शिक्षा, संरक्षण और बेहतर भविष्य का अवसर मिलना चाहिए, ताकि वह एक सशक्त नागरिक बनकर राष्ट्र के विकास में योगदान दे सके।

भिक्षावृत्ति में शामिल बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। लंबे समय तक सड़कों पर रहने, शोषण, उपेक्षा और असुरक्षित वातावरण के कारण उनकी मानसिक और सामाजिक स्थिति सामान्य बच्चों से अलग होती है। इसलिए उन्हें सीधे विद्यालय भेजना हमेशा संभव नहीं होता। सबसे पहले उनका विश्वास जीतना, परामर्श देना, पुनर्वास करना और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक है। इसके बाद विशेष प्रशिक्षण और सहयोग के माध्यम से उन्हें शिक्षा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। सबसे पहले बच्चों को उस स्थान और परिस्थिति से सुरक्षित निकालना जरूरी है, जहां वे भीख मांगने के लिए मजबूर हैं। उन्हें चिल्ड्रन होम, शेल्टर होम या सुरक्षित पुनर्वास केंद्रों में भेजा जाना चाहिए। प्रारंभिक स्तर पर उनकी मूलभूत आवश्यकताओं-भोजन, कपड़े, आवास और चिकित्सा की पूर्ति की जानी चाहिए। जब तक बच्चा शारीरिक और मानसिक रूप से सुरक्षित महसूस नहीं करेगा, तब तक उसका पूर्ण विकास संभव नहीं है।



भिक्षावृत्ति करने वाले अधिकांश बच्चे भय, मानसिक आघात और असुरक्षा से गुजरते हैं। इसलिए प्रशिक्षित परामर्शदाताओं द्वारा उनका मनोवैज्ञानिक परामर्श किया जाना आवश्यक है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़े और वे सामान्य जीवन में लौट सकें। साथ ही उनके माता-पिता या अभिभावकों का पता लगाकर उनकी स्थिति का आकलन किया जाना चाहिए। यदि कोई अभिभावक जानबूझकर बच्चों से भीख मंगवाता है, तो उसे इसके कानूनी और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। जब बच्चा मानसिक और शैक्षणिक रूप से तैयार हो जाता है, तब शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत उसका विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बच्चों को शिक्षा के लाभ, उनके अधिकारों और भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी देना आवश्यक है। बड़े बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास प्रशिक्षण भी जरूरी है। कंप्यूटर, सिलाई, हस्तशिल्प और अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण उन्हें आत्मनिर्भर बनने और सम्मानजनक रोजगार प्राप्त करने में सहायता कर सकते हैं।

कई भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चे कभी विद्यालय नहीं गए होते, इसलिए उन्हें सीधे नियमित कक्षा में शामिल करना कठिन होता है। ऐसे बच्चों के लिए शेल्टर होम और विशेष शिक्षा केंद्रों में ब्रिज कोर्स चलाए जाने चाहिए, जिनके माध्यम से बच्चों को अक्षर ज्ञान, अनुशासन, स्वच्छता, सामाजिक व्यवहार और शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करने में सहायता मिलती है। भिक्षावृत्ति रोकने में समाज की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों को पैसे देने के बजाय भोजन, कपड़े, पुस्तकें और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करानी चाहिए तथा बाल संरक्षण संस्थाओं को सूचना देकर उनके पुनर्वास में सहयोग करना चाहिए।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

# विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के बहाने न्याय और शांति का संदेश


विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस प्रत्येक वर्ष 17 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि दुनिया में शांति केवल सैन्य शक्ति या राजनीतिक समझौतों से नहीं, बल्कि न्याय, मानवाधिकारों के सम्मान और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन से स्थापित की जा सकती है। वर्तमान समय में जब विश्व के अनेक हिस्से युद्ध, हिंसा, आतंकवाद और मानवीय संकटों से जूझ रहे हैं, तब इस दिवस का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह केवल एक स्मृति दिवस नहीं है, बल्कि वैश्विक समुदाय के लिए यह संकल्प लेने का अवसर है कि किसी भी परिस्थिति में मानवता और न्याय के सिद्धांतों से समझौता नहीं किया जाएगा।



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, सोलन
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य अत्यंत चिंताजनक है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, सूडान में गृहयुद्ध तथा अन्य क्षेत्रों में हिंसा ने लाखों लोगों का जीवन प्रभावित किया है। इन संघर्षों के कारण हजारों लोगों की मृत्यु हुई है। इतना ही नहीं, लाखों नागरिक विस्थापित भी हुए हैं और बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पतालों, विद्यालयों, धार्मिक स्थलों और नागरिक बस्तियों पर हमलों जैसी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि युद्ध का सबसे बड़ा मूल्य आम नागरिकों को चुकाना पड़ता है।

ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय न्याय की अवधारणा केवल कानूनी विषय नहीं रह जाती, बल्कि यह मानवता की रक्षा का आधार बन जाती है। अंतरराष्ट्रीय न्याय का उद्देश्य केवल अपराधियों को दंडित करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि भविष्य में ऐसे अपराध दोबारा न हों। जब युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध, नरसंहार अथवा आक्रामक युद्ध जैसे गंभीर अपराध होते हैं, तब अंतरराष्ट्रीय कानून और न्यायिक संस्थाएं उनकी निष्पक्ष जांच तथा दोषियों को उत्तरदायी ठहराने का प्रयास करती हैं। इससे यह संदेश जाता है कि कोई भी व्यक्ति या राष्ट्र कानून के ऊपर नहीं है और गंभीर अपराधों के लिए जवाबदेही निश्चित होनी चाहिए।




विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस का संबंध 17 जुलाई 1998 को अपनाए गए रोम संविधि से है, जिसके आधार पर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस न्यायालय का उद्देश्य उन गंभीर अंतरराष्ट्रीय अपराधों की सुनवाई करना है जिनमें संबंधित देश स्वयं प्रभावी न्याय देने में असमर्थ या अनिच्छुक हों। यह संस्था अंतरराष्ट्रीय न्याय व्यवस्था को मजबूत करने और वैश्विक स्तर पर उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।


आज की दुनिया में युद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रह गए हैं। आधुनिक युद्धों में साइबर हमले, ड्रोन, मिसाइलें, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सैन्य तकनीक और सूचना युद्ध जैसी नई चुनौतियां भी शामिल हो गई हैं। इन परिस्थितियों में अंतरराष्ट्रीय कानूनों को समयानुकूल बनाना और उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना आवश्यक है। विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस हमें यह याद दिलाता है कि न्याय, शांति और मानवाधिकार एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। युद्ध और संघर्षों के समय भी मानव गरिमा, नागरिकों की सुरक्षा और मूल अधिकारों की रक्षा करना आवश्यक है।

केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका प्रभावी पालन और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निष्पक्ष कार्रवाई भी जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय का दायित्व है कि वह पीड़ितों को सहायता, पुनर्वास और सम्मानजनक जीवन का अवसर प्रदान करे। भारत सदैव शांति, अहिंसा और संवाद का समर्थक रहा है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना हमें सम्पूर्ण मानवता को एक परिवार के रूप में देखने की प्रेरणा देती है। शिक्षा, जागरूकता और सहयोग के माध्यम से ही एक न्यायपूर्ण एवं शांतिपूर्ण विश्व का निर्माण संभव है। आइए, हम ऐसा समाज बनाने का संकल्प लें जहां प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा हो और न्याय सर्वोच्च मूल्य बने।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अच्छे लेखन के लिए पढ़ना, समझना और निरंतर स्वाध्याय करना जरूरी


साहित्य समाज का दर्पण है तथा अतीत, वर्तमान एवं भविष्य की वास्तविक तस्वीर भी प्रस्तुत करता है। साहित्य सृजन लेखक को अपनी आंतरिक भावनाओं को प्रकट करने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है, लेकिन बदली परिस्थितियों में मनुष्य इतना व्यस्त हो गया है कि न तो किसी की पास अच्छे साहित्य को पढ़ने का समय है और न ही लेखक किन्हीं विषयों को शोधपरक लिखने के लिए संबंधित संदर्भ ग्रंथ ढूंढने की जहमत उठा रहे हैं। इसलिए जो उन्हें अच्छा लग रहा है उसे ही पाठकों को परोसने की कोशिश कर रहे हैं। पाठक रोचक, सौंदर्यबोध जानकारीपूर्ण साहित्य पढ़ना चाहता है, लेकिन ऐसा उसे नहीं मिल रहा है। दिन-प्रतिदिन साहित्य एवं लेखन का स्तर गिर रहा है तथा आम पाठक पठन-पाठन से दूर होता जा रहा है। विभिन्न विधाओं की असंख्य पुस्तकें धड़ाधड़ प्रकाशित हो रही हैं, लेकिन उनकी सामग्री प्रभाव शैली एवं रुचिकर न होने के कारण पाठकों के हाथ में होने के बजाए अलमारियों की शोभा बढ़ा रही है।



रामलाल पाठक
निहारखन बासला, ब्रह्मपुखर
बिलासपुर (हि.प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सफल लेखक की वास्तविक पहचान ही उसके स्तरीय लेखन से होती है। वह अपने लेखन के माध्यम से पाठकों को प्रभावित करता है। उसकी रचनाएं पाठक के मन-मस्तिष्क में व्यापक प्रभाव छोड़ती है।

नए लेखक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि क्या उसने अपने लेख में सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों का समावेश करते हुए पाठकों की निरंतर रुचि पर ध्यान केंद्रित किया है? क्या उसने अपनी रचनाओं के माध्यम से पाठक का ज्ञानवर्धन किया है तथा क्या नए लेखक का साहित्य समाज को सकारात्मक दिशा दे रहा है? उसके लेखन भाषा, विचार और प्रस्तुति से ही पाठकों के मन-मस्तिष्क में व्यापक प्रभाव पड़ेगा। इसलिए प्रत्येक लेखक को सदैव गुणवत्तापूर्ण, प्रभावशाली और जिम्मेदार लेखन का प्रयास करना चाहिए। तभी आज का साहित्यकार समाज को जागरूक करने, नई सोच विकसित करने और सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा पाएगा। अच्छा साहित्यकार केवल वर्तमान का चित्रण नहीं करता, बल्कि भविष्य के लिए भी मार्गदर्शन प्रदान करता है।



यदि लेखन का उद्देश्य रुचिपूर्ण एवं स्पष्ट नहीं है तो उससे पाठकों पर उसका प्रभाव नहीं होगा। कुछ लेखकों ने जो लिखा है वह न तो विश्वसनीय है और न ही गुणवत्तापूर्ण। इसलिए समाज के लिए भी उपयोगी नहीं। तभी पाठक की उसे पढ़ने की रुचि नहीं बन रही है। अन्यथा दो-चार पेज पढ़ने के बाद पाठक का मन उचाट नहीं हो जाता।

इसलिए आज का साहित्य समाज को न जागरूक करने में अपनी भूमिका निभा रहा है और न ही नई सोच को विकसित कर रहा है। परिणामस्वरूप आज का साहित्यकार सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण लेखन नहीं कर रहा है। नए साहित्यकार क्या लिख रहे हैं। उनकी रचनाओं की समीक्षा होनी चाहिए। इससे उन्हें अपनी कमी का एहसास होगा तथा भविष्य में उसमें सुधार करेंगे।

उनके लिए कार्यशाला लगाई जानी चाहिए तथा विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाना चाहिए ताकि उनके लेखन में निखार आ सके। तभी हम समाज को साहित्य के माध्यम से नई दिशा प्रदान कर सकेंगे। अन्यथा चटकुले पढ़ने वाले भी अपने को बड़ा साहित्यकार मान रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोस्टर इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# अब रिश्तेदारी में भी बच्चा गोद लेना आसान नहीं : डीसी

## बिना कानूनी प्रक्रिया के दत्तक ग्रहण पर रोक, सीएआरए में पंजीकरण अनिवार्य

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** अब परिवार या रिश्तेदारी में किसी बच्चे को गोद लेने की प्रक्रिया पूरी तरह कानूनी दायरे में होगी। बिना निर्धारित प्रक्रिया अपनाए बच्चे को गोद लेना मान्य नहीं होगा। इच्छुक अभिभावकों को सबसे पहले केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) के पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। सभी औपचारिकताएं पूरी होने और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही जिला दंडाधिकारी की ओर से दत्तक ग्रहण प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

पूरी प्रक्रिया के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि नए प्रावधान बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी एवं कानूनी बनाने के उद्देश्य से लागू किए गए हैं।



सीएआरए पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी देते डीसी अनुपम कश्यप।

उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' योजना के तहत भी उल्लेखनीय सफलता मिली है। 20 दिसंबर 2022 से एक सितंबर 2025 तक 25 बच्चों को दत्तक माता-पिता मिल चुके हैं। उन्होंने समाज के सक्षम और समृद्ध परिवारों से शिशु गृह एवं आश्रमों में रह रहे बच्चों को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे इन बच्चों को सुरक्षित पारिवारिक वातावरण और बेहतर भविष्य मिल सकेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिश्तेदारी और सौतेले माता-पिता द्वारा दत्तक ग्रहण की प्रत्येक प्रक्रिया अब सीएआरए के माध्यम से ही पूरी होगी, जिससे भविष्य में किसी प्रकार का कानूनी विवाद नहीं रहेगा और बच्चे को सभी वैधानिक अधिकार प्राप्त होंगे।

### दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया नियम आधारित : ममता पॉल

**जिला** कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल ने बताया कि दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया पूरी तरह पात्रता और निर्धारित नियमों के आधार पर संचालित होती है। वहीं जिला बाल संरक्षण अधिकारी इंदु शर्मा ने कहा कि भारतीय नागरिकों के साथ-साथ एनआरआई और विदेशी नागरिक भी निर्धारित शर्तें पूरी कर बच्चे को गोद ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि विवाहित दंपति, एकल अभिभावक और पात्र दंपति आवेदन कर सकते हैं, जबकि सभी मामलों में आवश्यक दस्तावेज, चिकित्सीय प्रमाणपत्र, आय संबंधी अभिलेख और अन्य कानूनी औपचारिकताएं पूरी करना अनिवार्य है।

## शिमला से 4 दिन से लापता नाबालिग भाई और बहन श्रीगंगानगर से बरामद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला से पिछले चार दिनों से लापता 15 वर्षीय बहन और 14 वर्षीय भाई का राजस्थान के श्रीगंगानगर में पता चल गया है। जिला शिमला पुलिस ने दोनों नाबालिगों को सकुशल ट्रेस कर लिया है। पुलिस टीम आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दोनों बच्चों को शिमला वापस ला रही है। यह मामला बालूगंज थाना क्षेत्र का है। 12 जुलाई को दोनों बच्चों की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी 15 वर्षीय बेटी और 14 वर्षीय बेटा घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिमला पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया। बच्चों की तलाश के लिए पंजाब, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण के साथ-साथ मानव स्रोतों की भी मदद ली। जांच के दौरान बालूगंज पुलिस ने शिमला आईएसबीटी के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। फुटेज में सामने आया कि दोनों भाई-बहन बस से चंडीगढ़ चले गए थे। इसके बाद पुलिस ने जांच का दायरा दूसरे राज्यों तक बढ़ाया और लगातार उनकी तलाश जारी रखी। तकनीकी विश्लेषण और मानव स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने दोनों नाबालिगों का राजस्थान के श्रीगंगानगर में पता लगा लिया। पुलिस के अनुसार दोनों बच्चे सुरक्षित हैं। फिलहाल पुलिस सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर रही है।

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से की भेंट



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने गुरुवार को शिमला स्थित लोक भवन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। इस दौरान प्रदेश से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सामान्य चर्चा हुई। राजभवन में आयोजित इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल का अभिवादन किया। यह भेंट औपचारिक रही और संवैधानिक संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय तथा लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही।

# राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता में छाए मशोबरा स्कूल के चार होनहार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला। शिमला।** हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय रग्बी खेलकूद प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मशोबरा के चार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश और विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में आर्यन कंवर ने हिमाचल प्रदेश रग्बी टीम के उप कप्तान के रूप में जिम्मेदारी निभाई, जबकि छात्रा वर्ग में पायल वर्मा तथा छात्र वर्ग में आदित्य वर्मा और धैर्य चौहान ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है और इसे प्रदेश के लिए भी गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता से लौटने पर विद्यालय परिसर में चारों खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बनवारी लाल केशव, डीपीई मोहनलाल शर्मा तथा पीईटी नंदलाल शर्मा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासन, कठिन परिश्रम और समर्पण ही खेलों में सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने और खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। पीईटी नंदलाल शर्मा ने हिमाचल प्रदेश रग्बी संघ के अध्यक्ष डॉ. विकास सूद, महासचिव विशाल सरीन, कोषाध्यक्ष सुधीर राजपूत तथा टीम के प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी इस उपलब्धि को पूरे विद्यालय के लिए प्रेरणादायक बताया।



# मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री ने बस हादसे पर जताया शोक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के गारटोला क्षेत्र में बुधवार देर शाम हुई बस दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोक संतप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल सभी 21 लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि मृतकों के परिजनों को तत्काल राहत राशि उपलब्ध कराई जाए तथा घायलों के उपचार में किसी प्रकार की कमी न रहने दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को सभी घायलों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए राहत एवं बचाव कार्यों पर लगातार नजर बनाए रखने को कहा है। वहीं, दर्दनाक बस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने हादसे में घायल 21 लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा मृतकों के परिजनों को नियमानुसार तत्काल राहत सुनिश्चित की जाए।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस दुखद घटना से पूरा प्रदेश शोकाकुल है और सरकार प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। साथ ही प्रशासन को राहत एवं उपचार संबंधी सभी व्यवस्थाएं संवेदनशीलता और तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# दूध उत्पादक दत्तनगर में 24 को करेंगे प्रदर्शन

## समय पर भुगतान और गुणवत्ता जांच मशीन उपलब्ध कराने की मांग

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** हिमाचल दूध उत्पादक संघ की बैठक वीरवार को किसान मजदूर भवन, चाटी में आयोजित की गई। बैठक में दूध उत्पादकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि 24 जुलाई को दत्तनगर में मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए किसान सभा के राज्य सचिव देवकी नंद, दूध उत्पादक संघ के संयोजक प्रेम चौहान तथा रणजीत ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दूध के खरीद मूल्य बढ़ाने के बावजूद दूध उत्पादकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दूध का भुगतान समय पर नहीं हो रहा है, कई समितियों में दूध की गुणवत्ता जांचने की मशीन उपलब्ध नहीं है तथा पशु आहार (फीड) भी समय पर नहीं मिल रहा है। मई और जून माह का भुगतान अभी तक कई उत्पादकों को नहीं मिला है और जुलाई भी समाप्ति की ओर है। उनका कहना था कि अधिकांश गरीब परिवारों की आजीविका दूध उत्पादन पर निर्भर है, ऐसे में दो-तीन महीने की देरी से भुगतान होने पर परिवार का पालन-पोषण करना कठिन हो जाता है।

## लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह आज दरकाली के एक दिवसीय दौरे पर

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** प्रदेश सरकार में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 17 जुलाई को रामपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत दरकाली के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री दोपहर 12:30 बजे ग्राम पंचायत दरकाली पहुंचेंगे। यहां वह धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत वह जनसभा को संबोधित करेंगे तथा स्थानीय लोगों से भी संवाद करेंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत लागधार विकास खण्ड सदर मण्डी, जिला मण्डी (हि0 प्र0)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत लागधार विकास खण्ड सदर मण्डी जिला मण्डी में आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित वर्ष 2026-27 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27-07-2026 को 3 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जायेंगी व दिनांक 28-07-2026 को अपराह्न 12 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएँगी। **सामग्री का विवरण**-1. रेत (KANSA QUERRY)-Per cubic meter 2. रेत (CRUSHER)-Per cubic meter 3. बजरी (KANSAQUERRY)- Per cubic meter 4. बजरी 10mm (CRUSHER)- Per cubic meter 5. बजरी 20mm (CRUSHER- Per cubic meter 6. बजरी 40mm (CRUSHER)- Per cubic meter 7. सोलिंग/बोल्डर पत्थर-Per cubic meter 8. पत्थर (Cut Stone)- Per cubic meter 9. ईट-Per Bricks 10. ह्यूम पाईप (व्यास (dia) के अनुसार-Per Pipe 11. जेसीबी-Per Hours 12. सटरिंग- Per Square Meter 13. सीमेंट ढुलाई- Per Bag 14. सूचना पट्ट- 4*4 फुट। **शर्तें** :-i) निविदादाता के पास अपना पंजीयन, पैन संख्या, TIN नम्बर होना आवश्यक है। ii) दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएँ । iii) ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Farm जमा करवाने होंगे। iv) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी । v) निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गयी सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा । vi) किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएँ किसी भी समय रद करने का पूर्ण अधिकार रहेगा । vii) सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहाँ तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। Viii) सामग्री की आपूर्ति पंचायत से सप्लाई ओर्डर जारी होने के बाद ही दी जायेगी अन्यथा सप्लाई कर्ता स्वयं उतरदायी होगा ix) निविदाताओं को 20000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी। X) निविदाताओं को दरें निविदा में टैक्स सहित या बिना टैक्स के दर्शानी अनिवार्य होगी ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत लागधार विकास खण्ड सदर मण्डी, जिला मण्डी (हि0 प्र0)**

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।**

मिसल न0 तह/2026

ता0 दा0 04-07-2026

ता0 पेशी 17-08-2026

**अनुमान मुकदमा**- प्रार्थीया श्रीमति नीलम कुमारी पुत्री सरन दास, निवासी गांव वडाई डाकघर सुनेहर, तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।

...प्रार्थी पक्ष

**वनाम आम जनता**

...प्रत्याक्षी पक्ष

**विषयः**- प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13 (3) के अन्तर्गत नीलम कुमारी की जन्म तिथि 16-12-1970 को ग्राम पंचायत सुनेहर के रिकार्ड में दर्ज करने वारे।

प्रार्थीया श्रीमति नीलम कुमारी पुत्री सरन दास, निवासी गांव वडाई डाकघर सुनेहर, तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा ने जन्म तिथि पंजीकरण वारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 16-12-1970 को ग्राम पंचायत सुनेहर में हुआ था लेकिन किसी कारणवश सम्बधित ग्राम पंचायत के रिकार्ड में दर्ज न करवा सके। दर्ज करने का आग्रह किया है। **अखवारी ईश्तहार**- अतः इस अदालती अखवारी ईश्तहार कोर्ट नोटिस द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस जन्म तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजिरिया कौंसल एतराज दिनांक 17-08-2026 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार जन्म तिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएगें। आज दिनांक 15-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**कार्यक्रारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**कार्यालय ग्राम पंचायत दरोगण पति कोट**

**विकास खण्ड बमसन टौणी देवी जिला हमीरपुर हि.प्र.**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत दरोगण पती कोट विकास खण्ड बमसन टौणी देवी जिला हमीरपुर वितीय वर्ष 2026-2027 हेतू वित्त आयोग विकसित भारत गारन्टी फार. रोजगार एवं अजीविका मिशन (VBGRAMG) एंव स्वच्छ भारत मिशन (SBM) व अन्य योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो हेतू अवाश्यक निर्माण सामग्री क्रेशर बजरी, क्रेशर रेता, धूला रेता, दरिया रेता, गटका 40mm व 60mm, शटरिंग लोहा व लकडी JCB मशीन हैम्बर सहित, सीमेन्ट ढुलान गाडी किराया पक्का भरो से पंचायत तक, पानी का टैकर, पेंटर, बोर्ड निर्माण, बैंच आपूतिकर्ता एंव अन्य आवश्यक वस्तुओं / सेवाओं की आपूर्ति के लिए विभाग में पंजीकृत GST Registration सप्लायरों / फर्मो से सीलबंद निविदाएं आंमत्रित की जाती हैं। **जिसकी तिथियाँ व शर्ते निम्न प्रकार से हैं।**

**शर्तें** :- 1 निविदा प्राप्ता करने की आतिंम तिथि 18 जुलाई 2026 शाम 03 बजे तक होगी। निर्धारित समय अवधि उपरान्त कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। 2 निविदा पंचायत कार्यालय में दिनांक 20 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे खोली जाएगी। 3 सफल निविदाकार को सुरक्षा निधि 10000/रु पंचायत में जमा करवानी होगी लेकिन लघु आपूर्तिकताओं पर यह शर्त लागू नहीं होगी। 4 ग्राम पंचायत एकल आपूर्तिकर्ता Single Supplier का चयन निविदा में अंकित समस्त मदों/सामग्रियों की दरों का अनुमानित वार्षिक आवश्यकता (Estimated Annual Quantities) के आधार पर कुल मूल्याकन (Overall Evaluated Cost) करते हुए न्यूनतम कुल लागत (Overall Lowest Evaluated Cost) वाले निविदाकार का करेगी। किसी एक अथवा कुछ मदों में न्यूनतम दर (L-1) होना मात्र एकल आपूर्तिकर्ता के चयन का आधार नहीं होगा । 5 सप्लायर / निविदाकार के नाम सामग्री परिवहन हेतू प्रयुक्त वाहनों की RC तथा GST नम्बर PAN Card व Aadhar Card अनिवार्य होगें। 6 जहां लागू हो वहाँ वैध M-Form / खनन प्रधिकरण अथवा अधिकृत विक्रेता से सामग्री प्राप्त करने संबंधी दस्तावेज प्रस्तूत करना अनिवार्य होगा। तथा 2% खनन सामग्री पर नियमानुसार रोयाल्टी भी काटी जाएगी। 7 निविदा एक वर्ष के लिए मान्य होगी इस बीच सूति सप्लायर समय पर सामग्री की सप्लाई नहीं कर पाता है या सामग्री की गुणवता में कमी पाई जाती है तो पंचायत किसी भी समय नोटिस देकर निविदा को रदद कर सकती है।

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत दरोपण पति कोट, विकास खंड बमसन टौणी देवी, जिला हमीरपुर, हि.प्र.**

**OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT BHOTA DISTT, HAMIRPUR H.P.**

No. NPB/2026-243-247 Dated:-10.07.2026

**E-TENDER NOTICE**

On line item-rate bids are hereby invited on behalf of Nagar Panchayat Bhota, District Hamirpur in two-cover system for the under-mentioned work from approved and eligible Contractors/Architects/Firms/Companies.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Houses/ Property | Unit | Money Earnest | Tender Fee |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Proposal for GIS Based Mapping & Survey of Municipal Properties within the limits of Nagar Panchayat Bhota District Hamirpur (H.P.) | 600 | Per House | 20,600 | 2,000/- |

**1. Availability of Bid Documents and Mode of Submission**

The bid documents are available online and bids should be submitted in online mode on the website:**https://hptenders.gov.in.** The bidder is required to register on the website free of cost. For submission of bids, the bidder must possess a valid **Digital Signature Certificate (DSC)** issued by an authorized Certifying Authority (CA). Aspiring bidders who have not obtained the User ID and Password for participating in e-tendering may obtain the same from the website. Digital Signature is mandatory to participate in e-tendering. Bidders already possessing a valid Digital Signature issued by an authorized CA can use the same for this tender.

**2. Key Dates**

| Activity | Date | Time |
|---|---|---|
| Date of Online Publication | 16.07.26 | 5:00 PM |
| Documents Download Starts | 16.07.26 | 5:00 PM |
| Bid Submission Start Date | 16.07.26 | 5:00 PM |
| Documents Download Close Date | 27.07.26 | 5:00 PM |
| Bid Submission Close Date | 27.07.26 | 5:00 PM |
| Physical Submission of EMD & Cost of Tender Document | 28.07.26 | 11:00 AM |
| Opening of Technical & Financial Bid | 28.07.26 | 2:00 PM |

Tender document and other instructions can be downloaded or viewed online from the portal **https://hptenders.gov.in**

**-Sd-**

**Secretary, Nagar Panchayat Bhota District Hamirpur HP**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोपड़ी विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत रोपड़ी के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिए निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु कोटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10/08/2026 शाम 5 बजे तक है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति अपनी निविदा डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं 13/08/2026 को समिति के समक्ष खोली जाएंगी। **सामग्री विवरण-** * रेत क्रशर प्रति घन मीटर * रेत प्लाट प्रति घन मीटर * पक्की ईंट (ABC ग्रेड) - 1000 Nos. * बजरी क्रशर प्रति घन मीटर * पत्थर (Cut Stone) प्रति घन मीटर * सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर * J.C.B. मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा/प्रति घन मीटर * शटरिंग (भवन निर्माण/अन्य) प्रति वर्ग मीटर एवं रनिंग मीटर * सामग्री ढुलाई * सीमेंट प्रति कि.मी. * Sign Board (Standard Size per Board) * Water Cooler (20, 40, 60, 80 Ltr.) with & without fitting * Segregation Shed * Cement/Concrete Bench * Steel Benches * Painting & Writing of Sign Board * Mixture Machine * Dustbins (विभिन्न क्षमता) **नियम एवं शर्ते**- 1. निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को रु.20,000/- सुरक्षा राशि तथा रु.1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को ndertaking देनी होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत रोपड़ी विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कस**

**विकास खंड द्रंग, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

ग्राम पंचायत कस विकास खण्ड द्रंग जिला मण्डी हि. प्र. द्वारा वर्ष 2026-2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यो के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाए (कुटेशने) पुन आमन्त्रित की जाती है। ये निविदाएं दिनांक 27-07-2026 सांय 05:00 बजे से पूर्व ग्राम पंचायत कार्यालय कस में पहुँच जानी चाहिए। उक्त तिथी तक प्राप्त निविदाएं दिनांक 28-07-2026 को प्रात 11:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत कस में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। इस दशा में सुचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सुचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत का इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी। **समग्री का विवरण-**

1. रेत क्रशर, रेत खड्ड-प्रति घन फुट 2. बजरी क्रशर 10एमएम, 20एमएम, 40एमएम, बजरी खड्ड-प्रति घन फुट 3. सेलिंग / बोल्डर पत्थर-प्रति घन फुट 4. पत्थर (कट स्टोन)-प्रति पत्थर 5. ईट मिट्टी के भटे की- प्रति ईंट (9*4.5, 5*4 ईंच)6. टाइल्स- प्रति पीस/प्रति साईज 7. JCB मशीन द्वारा मिट्टी कटान व ब्रेकर- प्रति घन मीटर (हार्ड/सॉफ्ट रॉक)/प्रति घंटा 8. सामग्री ढूलान (सीमेंट जोगिन्दर नगर से ग्राम पंचायत कस स्टोर व स्टोर से कार्य स्थल तक उतराई व चढाई सहित) ट्रेक्टर / जीप / अन्य वाहन द्वारा- प्रति किलोमीटर/प्रति बैग 9. शटरिंग लोहा व लकड़ी- प्रति वर्ग फुट व रनिंग फुट 10. लकड़ी व एल्युमीनियम फिटिंग्स व डोर विडो-आईटम वार/प्रति घन फुट/वर्ग फुट 11. प्लाई बोर्ड शीटे / Other फैसी सीलिग / पैलीग Sheets- आईटम बार /साईज बार 12. कलर कोटेड रूप शीट्स आदि व सीलिंग शीट्स- प्रति शीट साईज बार 13. Furniture Items (Table & Chairs, सोफा /सेट्टी, मैट, लैक्चर स्टैंट, इत्यादि सभी फर्नीचर वस्तुएं- प्रति आईटम पूर्ण विवरण सहित 14. वेल्डिंग वर्क्स- प्रति किलो/क्विंटल 15. मिक्सर मशीन-प्रति दिन/प्रति घंटा 16. पेंटर-प्रति दिन/ स्केयर फुट 17. साइन बोर्ड (2×3)/ वाल राइटिंग / पेंटिग-साईज बार/अन्य 18. इलेक्ट्रिक्स फिटिंग सामग्री व लेवर-आईटम बार/प्रति प्वाईट 19. स्टेशनरी-विभिन्न रजिस्टर कागज इत्यादि सभी आईटम 20. लैपटोप, कम्पूटर, प्रिंटर इत्यादि-आईटम बार व कंपनी बार **नियम व शर्ते :** 1 निविदाता (आपूर्तिकर्ता) के पास अपना पंजीकरण पेन संख्या, TIN NO/CST/GST NO. होना आवश्यक है। 2 रेत / बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी M/X FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होंगे जिसके लिए चयनित निविदाता (आपूर्तिकर्ता) की निविदा के चयन उपरांत ग्राम पंचायत कस को शपथी पत्र एक सप्ताह के भीतर देना होगा। M/X FORM उपलब्ध न करवान पर सामग्री की अदायगी नही की जाएगी। 3 निविदा पर दरें स्पष्ट अंकित होनी चाहिए Overwriting होने की दशा में निविदा रद्द की जाएगी। 4 सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानो अनुसार होगा। 5 सामग्री की आपूर्ति HPPWD की Specification के अनुरूप होगी। 6. रेत, बजरी, पत्थर, ईटों इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल जहाँ तक वाहन योग्य सडक है तक करवानी होगी तथा ग्राम पंचायत के पुरे क्षेत्राधिकर में एक ही रेट देय होगा। 7 अनुमोदित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति से पूर्व सामग्री की गुणवत्ता की जाँच सक्षम तकनीकी कर्मचारी से करवानी होगी. अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 8. अनुमोदित निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएंगा। 9 किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत / रद्द करने समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयत तथा निविदाये किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 10 सामग्री खरीद का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग की Justification व अनुमोदित निविदाताओं के साथ Negotiation अनुसार ही किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कस विकास खंड द्रंग, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिहरा विकास खण्ड धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत टिहरा, विकास खण्ड धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.) द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। ये निविदाएँ दिनांक 24/07/2026 को सुबह 11 बजे तक ग्राम पंचायत में डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्राप्त की जाएँगी। तत्पश्चात दिनांक 24/07/2026 को 11 बजे के बाद पंचायत पदाधिकारियों की गणपूर्ति एवं निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों (यदि उपस्थित हो) के समक्ष खोली जाएँगी। प्रशासनिक कारणों से इस तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। ऐसी स्थिति में सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी तथा केवल ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री/सेवाओं की आवश्यकता रहेगीः रेता क्रशर प्रति घन मीटर, रेता प्लांट (Fine Sand) प्रति घन मीटर, पक्की ईंटें (मिट्टी के भटठे A, B एवं C Grade) प्रति 1000 संख्या, बजरी 10/20/40 MM (क्रशर) प्रति घन मीटर, JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घन मीटर, पत्थर (stone) प्रति घन मीटर, Shuttering (भवन, डंगे, रास्ते व सड़क), Cement की ढुलाई, लकड़ी के दरवाजे एवं चौखट (लकड़ी का नाम सहित), Mule Carriage प्रति कि.मी., Sign Board प्रति वर्ग फुट, Painting and Carriage with Board, Dustbin (15/20/25 Ltr.) CIPET Approved, Sand (Water Bound), GI Sheet (8'*3.5' एवं 10'*3.5'), Aggregate प्रति घन मीटर, Incinerator with Complete Specification, Water Cooler (20, 40 एवं 80 Ltr.) प्रति संख्या, Cement Benches with Arm प्रति संख्या, Road Roller प्रति घंटा तथा Mixture Machine with Labour प्रति घन मीटर। **नियम व शर्तें**- आपूर्तिकर्ता का GST NO. होना आवश्यक है। बजरी एवं रेत के M/X Form ग्राम पंचायत को बिल के साथ प्रस्तुत करने होंगे तथा PWD Batch एवं प्रमाणिकता प्रमाण-पत्र भी अनिवार्य होगा। निविदा पर किसी प्रकार की कटिंग अथवा ओवरराइटिंग स्वीकार नहीं होगी। ओवरराइटिंग पाए जाने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी। सामग्री की आपूर्ति HPPWD Specification के अनुरुप होनी चाहिए। सामग्री के अधिकतम मूल्य निर्धारण एवं गुणवत्ता के आधार पर अनुमोदित निविदाओं की दरों में आवश्यकतानुसार Negotiation किया जाएगा। प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ रू. 20,000/- (बीस हजार रुपये) की एफ.डी. ग्राम पंचायत के नाम प्लेज करना अनिवार्य होगा तथा मूल एफ.डी. 24/07/2026 को साथ लानी होगी। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत टीहरा विकास खण्ड धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बलोह**

**विकास खंड सुलह स्थित भेड़ू, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**विषयः निविदाएं वर्ष 2026-27 को आमंत्रित करने बारे।**

ग्राम पंचायत बलोह में वित्तिय वर्ष 2026-27 में पंचायत के विकास कार्यों हेतु अलग-अलग सामग्री सप्लाई करने बारे निविदाएं आमंत्रित की जाती है सामग्री का विवरण निम्नलिखित है :-

1. रेत क्रशर व पलस्तर प्रति CFT 2. बजरी क्रशर 10,20,40, व 63 MM प्रति CFT 3. सोलिंग स्टोन प्रति CFT 4. टुटा पत्थर प्रति पत्थर 5. पक्की ईट प्रति ईट 6. सीमेंट ढुलाई प्रति बैग थुरल से बलोह समस्त वार्ड रोड तक 7. शटरिंग लोहा व लकड़ी प्रति वर्ग फुट 8. mixer प्रति दिन 9. साईन बोर्ड प्रति बोर्ड (Size 3×2) कार्य स्थल तक।

**नियम व शर्तें:**-1. आपूर्तिकर्ता के पास GST/TIN नंबर होना अनिवार्य है। 2. बिना GST नम्बर की निविदा को विना कोई सूचना दिए रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 3. रेत बजरी के साथ X,W फार्म अनिवार्य है। 4. निविदा बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक द्वारा या स्वयं कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र बलोह में दिनांक 24/07/2026 तक किसी भी कार्य दिवस में शाम 5:00 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। 5. निविदाएं दिनांक 25/07/2026 को प्रातः 11:00 बजे तकनीकी कर्मचारी व पंचायत पधादिकारियों के सामने खोली जायेंगी। 6. निविदाकर्ता को पंचायत द्वारा निविदाएं खुलने की अलग से सुचना नहीं दी जायेगी। 7. सामग्री की आपूर्ति हेतु टेलीफोन के माध्यम से बताया जायेगा। 8. तीन दिन तक आपूर्ति न करने पर निविदाएं रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 9. निविदा की दर बराबर होने की स्थिति में अंतिम फैसला ग्राम पंचायत का मान्य होगा। 10. लिफाफे पर निविदा शब्द लिखा जाना अति अनिवार्य है।

**सचिव/प्रधान**

**विकास खंड सुलह स्थित भेड़ू, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत झंझैल विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मण्डी (हि0प्र0)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत झंझैल के अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु निम्न सामग्री के लिए कुटेशन/निविदाएँ आमंत्रित की जाती है । निविदायें दिनांक 25/07/2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निर्धारित आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते है। कुटेशन / निविदा ग्राम पंचायत में दिनांक 27/07/2026 को 12:30 PM पंचायत कमेटी के समक्ष खोली जाएगी। सामग्री विवरण रेता क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट FINE SAND प्रति घन मीटर, पक्की ईट (A,B,C GRADE)-1000 no., बजरी क्रशर 10,20, 40 MM प्रति घन मीटर, पत्थर (cut stone) size प्रति घन मीटर, सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा, Paver Block ISI मार्क, Having Strength M-25 M-30 M-35 M-40 Having Strength, cement bench, DUSTBIN 15,20,25 litter के BLUE, GREEN, CIPET Approved(Centrai Institute of Plastic Engineering and Technology) होने चाहिए with CIPET रिपोर्ट, सामग्री ढुलान सीमेंट प्रति किलोमीटर प्रति बैग, Sign Board (3 '×2 ', 4 '×3 ') प्रति बोर्ड, Painting and Carriage With Board, Airport 2 Seater waiting chair, Steel-No., Mixture Machine With oprater, Without oprater, per day etc. **नियम व शर्तें:**- 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन न0 GST NO होना आवश्यक है सिवाए सामग्री ढुलाान, Mule Carriage 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर सम्बंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी। 3. निविदादाता को बिल के साथ Valid Transit Pass Form w और × जमा करवाने होंगे। 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेसन के अनुरूप होगी 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7. टेम्पू या ट्रेक्टर द्वारा निर्माण सामग्री कार्य स्थल /सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. पारित निविदादाता को निविदाओं के साथ मु0 20000/- रु0 (FDR) अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु0 1000रु (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क सम्बंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. निविदादाता यदि सामग्री आपुर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गयी सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशि में से ही बाज़ार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी तथा उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि की अदायगी TA/JE की पैमाइश के उपरान्त की जायेगी तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form w और × होना जरूरी है अन्यथा बिलों की अदायगी नहीं की जाएगी। 12 सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार/उपरान्त किया जायेगा । **नोट :- नियम व शर्ते पंचायत के अनुरूप रहेगी।**

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत झंझैल विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मंडी (हि0 प्र0)**

# ठाकुर चंद बने जिला परिषद कुल्लू के अध्यक्ष

## नीना उपाध्यक्ष निर्वाचित, कुल्लू जिप चुनाव में भाजपा की 'दस नंबरी' सर्जिकल स्ट्राइक, कांग्रेस के हाथ से छीनी सत्ता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** आखिर लंबे इंतजार के बाद जिला परिषद कुल्लू को नया अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिल गया। वीरवार को जिला परिषद भवन में हुए चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने दोनों प्रमुख पदों पर जीत दर्ज कर परिषद में अपना वर्चस्व कायम रखा। कड़ी सुरक्षा और गहमागहमी के बीच संपन्न हुए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने एकतरफा जीत दर्ज की। भाजपा समर्थित ठाकुर चंद जिला परिषद के नए अध्यक्ष और नीना जोशी उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित की गईं।



नवनिर्वाचित जिप अध्यक्ष को शपथ दिलाते हुए डीसी कुल्लू।

चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा होते ही जिला परिषद परिसर भाजपा कार्यकर्ताओं के नारों और जश्न से गूंज उठा। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाटी डाली, मिठाइयां बांटी और इस ऐतिहासिक जीत का उत्सव मनाया। 14 सदस्यीय जिला परिषद के चुनाव में संख्या बल के हिसाब से भाजपा का पलड़ा पहले से ही भारी था, लेकिन चुनाव के दौरान निर्दलीय सदस्य के रुख पर सबकी नजरें टिकी थीं। जिला परिषद में भाजपा के पास अपने 9 निर्वाचित सदस्य थे। चुनाव के दौरान एकमात्र निर्दलीय सदस्य विभा सिंह ने भी भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया, जिससे भाजपा के पक्ष में कुल 10 मत पड़े। 4 सदस्यों वाली कांग्रेस को चुनाव में केवल 4 मतों से ही संतोष करना पड़ा। इस स्पष्ट बहुमत के साथ भाजपा ने परिषद की कमान अपने हाथ में ले ली।भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने इस जीत को संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास का प्रतीक बताया है। जानकारों का मानना है कि इस जीत से जिला भाजपा को नई ऊर्जा मिली है, जो आगामी राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करेगी। वहीं, उपायुक्त ने जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिला परिषद हाल कुल्लू में जिला परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिला परिषद अध्यक्ष पद के लिए ठाकुर दास तथा उपाध्यक्ष पद के लिए नीना को सर्वसम्मति से चुना गया। उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने नवनिवार्चित जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता को शपथ दिलाई तथा नए दायित्व के लिए बधाई दी।

### विकास में नहीं होगा कोई भेदभाव: ठाकुर चंद

**जीत** के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष ठाकुर चंद ने कहा कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी 14 जिला परिषद सदस्यों को साथ लेकर चलेंगे। उनका मुख्य उद्देश्य कुल्लू जिले का समग्र विकास करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

### जनहित के कार्यों को गति दी जाएगी: नीना

**नवनिर्वाचित** उपाध्यक्ष नीना जोशी ने कहा कि जिला परिषद के माध्यम से जनहित के कार्यों को गति दी जाएगी और प्रत्येक क्षेत्र का संतुलित व समान विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

# कुल्लू जिला परिषद में 23 साल बाद खिला 'कमल', पूर्व मंत्री गोविंद का बढ़ा सियासी कद

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला परिषद कुल्लू की सत्ता पर भाजपा ने 23 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद ऐतिहासिक वापसी करते हुए कब्जा जमा लिया है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद राजनीतिक गलियारों में पूर्व मंत्री एवं मनाली के वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद सिंह ठाकुर के रणनीतिक कौशल की सबसे अधिक चर्चा है। जिला भाजपा कार्यकर्ता इस बड़ी सफलता का सेहरा गोविंद ठाकुर के सिर बांध रहे हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके कुशल सांगठनिक नेतृत्व में पार्टी ने कुल्लू में लगातार तीसरी बड़ी सफलता हासिल की है। इससे पहले मनाली नगर परिषद और फिर मनाली विकास समिति में भाजपा समर्थित नेतृत्व स्थापित हुआ था, और अब जिला परिषद पर जीत दर्ज कर भाजपा ने जिले में अपनी पकड़ को बेहद मजबूत कर लिया है।



### सियासत के 'सिकंदर' बने गोविंद

**जीत** के बाद हिमाचल की राजनीति में पूर्व मंत्री और मनाली के कद्दावर भाजपा नेता गोविंद सिंह ठाकुर का कद बेहद मजबूत हो गया है। राजनीतिक गलियारों में उन्हें इस जीत का 'असली सूत्रधार' माना जा रहा है। कार्यकर्ताओं के अनुसार, गोविंद ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा ने कुल्लू में लगातार तीन बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। मनाली नगर परिषद में भाजपा का मजबूत नेतृत्व स्थापित किया। मनाली विकास समिति में भाजपा समर्थित टीम को जीत दिलाई। जिला परिषद कुल्लू में 23 साल का सूखा खत्म कर ऐतिहासिक फतह हासिल की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद राजनीतिक गलियारों में पूर्व मंत्री और मनाली के वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद सिंह ठाकुर की रणनीतिक कुशलता की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। राजनीतिक विश्लेषकों और पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि यह जीत गोविंद सिंह ठाकुर की मजबूत सांगठनिक पकड़ का नतीजा है।

### नगर निकाय चुनावों में भी कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी: गोविंद

**पूर्व** मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद ठाकुर ने जिला परिषद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की ताजपोशी होने के बाद कांग्रेस सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज चुनावों के साथ नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी है। हर तरफ भाजपा समर्थित लोग अधिक संख्या में जीतकर आए हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 का यह सेमीफाइनल मुकाबला था। इससे तय हो गया है कि आने वाले समय में कांगेस की क्या दशा होने वाली है। विस चुनावों में प्रदेश के भीतर भाजपा बहुमत में जीतकर सत्ता में आएगी और कुल्लू जिला ऐसा जिला होगा जहां चारों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी जीतेंगे और जिला कांग्रेस मुक्त हो जाएगा।

## रोटरी क्लब मनाली का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित

# मीनाक्षी ने अध्यक्ष और अलका ने संभाला महासचिव का कार्यभार



रोटरी क्लब मनाली के पदभार ग्रहण समारोह के दौरान गणमान्य लोग।

अनंत ज्ञान

**मनाली।** रोटरी क्लब मनाली के पदभार ग्रहण समारोह में मीनाक्षी केस्टलिनो ने अध्यक्ष और अलका चौहान ने महासचिव का कार्यभार संभाला। समारोह में पुराने पदाधिकारियों ने नए पदाधिकारियों को क्लब का कॉलर और पिन पहनाकर जिम्मेदारी सौंपी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाने की शपथ ली। कार्यक्रम में रोटरी 3070 के गवर्नर रोटेरियन विजय सहदेव मुख्य अतिथि और एसडीएम मनाली गुंजीत सिंह चीमा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्ष मीनाक्षी ने आगामी वर्ष की योजनाएं साझा करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में नए कार्य करने की बात कही। उन्होंने जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए विशेष सेवा गतिविधियां आयोजित करने का संकल्प लिया। रोटरी गवर्नर विजय सहदेव ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं और पूर्व अध्यक्ष अमिता शमशेर ठाकुर के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने मनाली में कूड़ा निष्पादन के लिए प्रशासन के सहयोग से बड़ी योजना बनाने का सुझाव दिया। एसडीएम गुंजीत सिंह चीमा ने रोटरी क्लब को बधाई देते हुए मनाली में लाइब्रेरी खोलने का सुझाव दिया। समारोह में डीएसपी मनाली केडी शर्मा, तहसीलदार रमेश राणा सहित क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

# मलोरी फोरलेन टनल के पास बीयर से लदा ट्रक जब्त, 519 पेटियां बरामद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश में अवैध नशा और शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में एसटीएफ मंडी की टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध बीयर बरामद करने में सफलता पाई है।

जानकारी के अनुसार, एसटीएफ मंडी की टीम ने मलोरी फोरलेन टनल के पास नाका लगाया हुआ था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ट्रक (नंबर- एचपी 65ए 3114) को चेकिंग के लिए रोका गया। जब पुलिस टीम ने ट्रक की तलाशी ली, तो उसमें भारी मात्रा में शराब लदी हुई पाई गई। ट्रक की चेकिंग के दौरान पुलिस को कुल 519 पेटियां बीयर की बरामद हुईं। जब पुलिस टीम ने ट्रक चालक से इस खेप से जुड़े वैध कागजात या परमिशन लेटर दिखाने को कहा, तो चालक कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। दस्तावेज न होने के कारण पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 519 पेटी बीयर और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। मामले की पुष्टि करते हुए एसटीएफ कुल्लू के डीएसपी हेमराज वर्मा ने बताया कि मलोरी फोरलेन टनल मंडी के पास हमारी टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से बिना कागजात के ले जाई जा रही 519 पेटियां बीयर बरामद की हैं। आरोपी चालक शराब के संबंध में कोई भी वैध परमिशन नहीं दिखा पाया, जिसके बाद शराब और ट्रक दोनों को जब्त कर लिया गया है। आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए मामला सदर पुलिस थाना मंडी को सौंप दिया है।



अवैध बीयर के साथ पकड़ा गया ट्रक।

# मनाली में 1,200 बोतल अवैध शराब के साथ ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान मनाली।** पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना मनाली की टीम ने गश्त के दौरान सोलंगनाला के पास भारी मात्रा में बिना वैध परमिट के ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके पर 1,200 बोतलें शराब और तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जानकारी के अनुसार, 15 जुलाई को मनाली पुलिस की टीम फर्स्ट स्नो गैलरी, सोलंगनाला के समीप नियमित गश्त और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक ट्रक (नंबर HP-30बी-2006) को जांच के लिए रोका गया। जब पुलिस ने चालक से ट्रक में लदे सामान के बारे में पूछताछ की, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। संदेह होने पर जब पुलिस टीम ने वाहन की गहनता से तलाशी ली, तो उसमें से 'रॉयल स्टेज' ब्रांड की शराब की 100 पेटियां बरामद हुईं। प्रत्येक पेटी में 750 एमएल की 12 बोतलें (कुल 1,200 बोतलें) भरी हुई थीं। चालक से जब इस शराब को ले जाने का वैध लाइसेंस या परमिट मांगा गया, तो वह कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने नियमानुसार शराब के सैंपल लेकर पूरी खेप और ट्रक को कब्जे में ले लिया। आरोपी चालक की पहचान चेत राम (46), पुत्र बिक्रम जीत, निवासी गांव घर्ट गाड़, डाकघर चनौन, तहसील बंजार, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवाओं और बागवानों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के रैंप कार्यक्रम के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ वीरवार को कुल्लू फलोत्पादक मंडल के बागवान भवन में जुजुराना फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठनों तथा क्लस्टर स्तरीय महासंघ के सदस्यों को उद्यमिता के क्षेत्र में सशक्त बनाना और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को व्यवसाय योजना तैयार करने, नए व्यावसायिक विचारों का विकास, विपणन एवं बिक्री रणनीति, सरकारी योजनाओं एवं वित्तीय सहायता, बाजार से मार्केट लिंकेज, नेटवर्किंग तथा कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी जाएगी। आयोजकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, आय बढ़ाने के अवसर, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी, वित्तीय सहायता तक पहुंच तथा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन का लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों को अपने उद्यम को आगे बढ़ाने के लिए व्यावहारिक कार्ययोजना भी तैयार करने में सहायता प्रदान की जाएगी।

# कुल्लू के वुशू खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, 5 मेडल जीते

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के खिलाड़ियों ने 23वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और चार कांस्य सहित कुल पांच पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। जिला वुशू संघ के महासचिव एवं कोच लुदर चंद ने बताया कि प्रतियोगिता 14 और 15 जुलाई को हिम एकेडमी पब्लिक स्कूल, हमीरपुर में आयोजित हुई, जिसमें कुल्लू के आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया। अक्षित वुशू स्पोर्ट्स एकेडमी के पंकज ठाकुर ने 70 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में कांगड़ा के अरमान भाटिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं रिशित चोपड़ा ने ताउलू ननक्वान स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। भारत भारती स्कूल ढालपुर की स्मृति ठाकुर (45 किग्रा), पल्लवी ठाकुर (48 किग्रा) और एकता ठाकुर (52 किग्रा) ने भी कांस्य पदक अपने नाम किए। भारतीय वुशू संघ के उपाध्यक्ष एवं राज्य महासचिव पी.एन. आजाद ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए बताया कि जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता सितंबर 2026 में चेन्नई में आयोजित होगी। जिला वुशू संघ के पदाधिकारियों ने भी खिलाड़ियों और कोचों को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।

# कुल्लू में 'स्वतंत्रता संग्राम' नाटक का मंचन

## गुमनाम क्रांतिकारियों की शहादत को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर के युवा नाट्य निर्देशकों के नाटकों के मंचन 15 जुलाई की शाम 6 बजे ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों माध्यमों में किया गया। इसी श्रृंखला में रंगसभा समूह ने भी रेखा जैन द्वारा लिखित तथा युवा निर्देशक परमानंद के निर्देशन में अपनी नाट्य प्रस्तुति 'स्वतंत्रता संग्राम' का कुल्लू के शम्सी स्थित खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी सभागार में प्रभावशाली मंचन किया।

# आढ़ती एसोसिएशन सब्जी मंडी बन्दरोल की कार्यकारिणी का विस्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** आढ़ती एसोसिएशन सब्जी मंडी बंदरोल की बैठक वीरवार को मुख्य चुनाव आयुक्त एवं मुख्य संरक्षक दिनेश सेन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी और संरक्षक मंडल के सदस्यों ने भाग लिया तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकारिणी विस्तार पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से बंसी लाल ठाकुर को सचिव, श्याम कुल्लवी को प्रेस सचिव और हुक्म ठाकुर को संरक्षक मंडल प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। तेज राम ठाकुर और थरवन लाल नेगी को मुख्य सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई। वहीं नारायण ठाकुर, कृष्ण गोपाल, शिव राम, मोहर सिंह, भोला राम, रविंद्र ठाकुर, हीरा लाल ठाकुर, राकेश पठानिया और निरत राम ठाकुर को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक में प्रधान जीवानंद, उपप्रधान देवेंद्र भंडारी, महासचिव शरभ चंद्र नेगी, कोषाध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। दिनेश सेन ने कहा कि मजबूत और सक्रिय टीम संगठन को नई दिशा देगी तथा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और सब्जी मंडी बंदरोल के विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुन्नू**
**विकास खण्ड द्रंग स्थित पधर जिला मण्डी (हि.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुन्नू, विकास खण्ड द्रंग, जिला मण्डी (हि.प्र.) द्वारा वर्ष 2026-2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाएं (कुटेशने) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति निविदाए दिनांक 20/07/2026 तक ग्राम पंचायत कुन्नू के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। प्राप्त निविदाएं दिनांक 23/07/2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत कुन्नू में समय 11:00 बजे पंचायत कमेटी द्वारा खोली जाएगी। अनुमोदित निविदाएं 31/03/2027 तक मान्य होंगी। [illegible] कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा किसी के हाथ में दी गई स्वीकार नहीं होगी।
हस्ता/- प्रधान/ सचिव
ग्राम पंचायत कुन्नू, विकास खण्ड द्रंग, जिला मण्डी (हि.प्र.)

**कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र करेर**
**विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करेर द्वारा वित् वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न मदों के अंतर्गत करवाए जाने वाले विकास कार्यों के लिए नि.निविदाएँ आमंत्रित करती हैं :-
विवरण : रेता प्लांट, रेता क्रेशर प्रति घन फुट बजरी क्रेशर प्रति घन फुट, बोल्डर प्रति घन फुट, ईंटें, शटरिंग स्लैब, सुरक्षा दिवार, छत व् रास्ता प्रति बर्ग फुट, पेवर ब्लाक ISI मार्का प्रति ब्लाक सीमेंट धुलान सिविल सप्लाई के कार्य स्थल तक लोडिंग व् अन लोडिंग प्रति बैग, हैंडपंप स्थापित करने हेतु प्रति फुट इच्छुक आपूर्तिकर्ता निविदाएँ दिनांक 22/07/2026 तक पंचायत कार्यालय में प्रात: 11 बजे तक बंद लिफ़ाफ़े या डाक द्वारा दे सकता हैं। निविदाएँ कमेटी / पंचायत द्वारा 22/07/2026 को सायं 2 बजे खोली जायेंगी निविदाओं पर फर्म का G.S.T. नंबर I.S.I. मार्का अंकित होना या कॉपी साथ होना अनिवार्य है तथा फर्म द्वारा समय पर सामग्री न पहुँचाने व् सामग्री की अच्छी गुणवत्ता न होन की स्थिति में टेंडर / निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार पंचायत का होगा। निविदाएँ प्रस्तुत करने वाले सभी उपरोक्त स्थान, व् समय पर पंचायत कार्यालय में उपस्थित रहें।
आपूर्तिकर्ता के पास GST नंबर होना व् M फॉर्म पंचायत को उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्य शर्तें मोके पर सुन जायेंगी।
प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत करेर

**कार्यालय ग्राम पंचायत पस्सल** विकास खण्ड चौन्तडा, जिला मण्डी ( हि प्र )
**निविदा आमंत्रण सूचना**
ग्राम पंचायत पस्सल द्वारा वर्ष 2026-27 मे सभी मदों के कायों के निष्पादन हतू सामग्री की आपूर्ति के लिए निविदाए आमन्त्रित की हैं इच्छुक आपूर्तिकर्ता (सप्लायर) अपनी निविदाए 24.07.2026 शाम 05:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में स्वयं अथवा डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जमा करवा सकते हैं। निविदाएं 25.07.2027 को दोपहर 12:00 बजे बाद खेली जाएंगी। निविदाए निम्न फोर्मेट में होनी चाहिए ।
Detail of Material : 1. Sand crusher, Sand Washed Per CFT , 2. Aggrigate 10mm, 20mm,40mm,60mm Per CFT , 3. Cut Stone Per No., 4. Boulder Stone Per CFT , 5. Bricks A+B Per No. , 6. Sign Board Nrega/Gen with writing/VBGRAMG Per No. , 7. Wood Chokhat, Shutter Glass Shutter Rmt/No. , 8. Shuttering Sides of Path, Walls, Cannels, Bridge/Culvert & Building RM/SQm , 9. Blocks Per No., 10. Concrete Benches Per No., 11. JCB Hire Charges Per Hour , 12. Sanitary Fitting Material Per No. ,13. Steel, Anglel MS Pipe GI Sheet Etc Per Kg/No. , 14. Cement Carraiage + Labour Per Bag, 15. Belding items Labour Etc Per Kg/RFT , 16. Door Shutter Aluminium PerNo.with Size , 17 . Dustbin Plastic PerNo.with Size , 18 . Water Coolar PerNo.with Size, 19. Building Wiring Fitting Per point, 20. Solar Light Repair Per light Repair
सप्लायर को धरोहर राशि के रूप में पंचायत के नाम 2000 /- रूपये जमा करने होंगे 4. आपूर्तिकर्ता को स्प्लाई आर्डर मिलने के एक सप्ताह के भीतर सप्लाई आपूर्ति करनी होगी 5. निविदा में भाग लेने के लिए 1000 रूपये निविदा फीस जमा करनी होगी जो Non Refundable होगी 6. यदि आपूर्तिकर्ता उक्त उपरोक्त शर्तों का उलंघन करता हैं। तो ग्राम पंचायत को धरोहर राशि जब्त करने व निविदा रदद किये जाने का पूर्ण अधिकार होगा ।
प्रधान/सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत परवाडा**
**विकास खण्ड गोहर जिला मण्डी हि.प्र.**
**निविदा आमंत्रण सूचना**
सर्वसाधारण जनता, दुकानदारो बिल्डरों, भू मालिको फर्मों, ड्राईवरो, व् गाड़ी मालिको को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परवाडा विन् वर्ष 2026-27 के लिए मनरेगा, सामान्य, 15वा 16 वा वित् व अन्य निर्माण कार्य के लिए निम्नलिखित सामग्री हेतू निविदाएं आमंत्रित करती है ।
निविदाएं दिनांक **29/07/2026** तक कार्यालय ग्राम पंचायत परवाडा में अधोहस्ताक्षरी के पास पहुँच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक **30/07/2026** को ग्राम पंचायत कार्यालय परवाडा में पंचायत बैठक में पंचायत के समक्ष उपस्थित सभी सदस्यों निविदादाताओ के समक्ष निविदाएँ में खोली जायेगी और न्यूनतम मूल्य की निविदाएं स्वीकृत की जायेगी । सामग्री कि गुणवता सही होनी चाहिए ।
**सामग्री का विवरण** : 1. रेत क्रेशर प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रेशर प्रति घन मीटर, 3. पत्थर कट स्टोन प्रति घन मीटर, 4. बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, 5. लकड़ी टिंबर प्रति रनिंग फुट, 6. ईंट प्रति ईंट, 7. जेसीबी मशीन प्रति घंटा, 8. टाईल दीटाई/ फर्श 12x18, 2x2 प्रति बॉक्स, 9. शीशा प्रति स्क्वायर फीट, 10. सरिया प्रति किलोग्राम, 11. शटरिंग प्रति फुट, 12.कोटा स्टोन प्रति स्क्वायर फीट, 13. सीमेंट ढूलान सिविल सप्लाई थुनाग से परवाड़ा (लोडिंग व अनलोडिंग) प्रति बैग, 14. GI सीट प्रति शीट/ प्रति किलो, 15. फर्नीचर प्रति नंबर /प्रति स्क्वायर फीट, 16. मिक्चर प्रति दिन, 17. पत्थर ढुलान टिप्पर द्वारा प्रति टिप्पर, 18. पाईप RCC प्रति पाईप, 19. पाईप PVC प्रति पाईप
**शर्तें** :- (1) आपूर्तिकर्ता के पास GST होना अनिवार्य है । (2) रेत / वजरी व् पत्थर के लिए एम फॉर्म का होना आवश्यक होगा | M फार्म न होने पर बिलों की अदायगी नही की जाएगी। (3) निविदाएं पंजीकृत डाक के माध्यम से सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए । (4) पंचायत बिना कारण बताये निविदाएँ रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखती है ।
प्रधान / सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत छात्तर**
**विकास खण्ड धनोटू, जिला मण्डी (हि.प्र.)**
**निविदा आमन्त्रण सूचना बारे**
ग्राम पंचायत छात्तर विकास खंड धनोटू जिला मंडी द्वारा वित्त वर्ष 2026-2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुमार अधिकृत विक्रेताओं से मुहर बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 21-07-2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में पहुंच जानी चाहिए। **सामाग्री का विवरण निम्न प्रकार से है।**
**सामाग्री का विवरण** :- (1) रेत खड्ड की। रेत क्रशर की- प्रति घन मीटर (2) बजरी 20एमएम, 40एमएम खड्ड /क्रशर की-प्रति घन मीटर (3) सोलिंग पत्थर /बोल्डर पत्थर /कर स्टोन-प्रति घन मीटर (4) फर्नीचर स्टील /लकडी - प्रति घन मीटर (5) जे.सी.बी मशीन, मिक्सचर मशीन, ब्रेकर - प्रति घंटा (6) सामाग्री ढुलान, ट्रैक्टर, जीप अन्य वाहन द्वारा - प्रति घन मीटर/प्रति बैग (7) शैटरिंग स्टील लकड़ी - प्रति घन मीटर (8) टायल दीवार, फर्श, इटरलॉक टायल- प्रति S.M./प्रति टायल (9) सोलर लाईट रिपेयर-प्रति लाईट (10) मैग्रीगेशन शैड - प्रति आईटम (11) साईन बोर्ड, रेलिंग - प्रति स्कवेयर फुट (12) डस्टबीन - प्रति आईटम
**नियम व शर्तें** :- (1) निविदा दाता के पास अपना पंजीकरण पैन संख्या तथा जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। (2) निर्माण सामग्री कार्यस्थल सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। (3) आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फॉर्म जमा करवाने होंगे। (4) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्र में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नही होगी। (5) एक सामान दर रहने की स्थिति एक या एक से अधिक निविदा दाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। (6) निविदाताओं को मूबलिक 30,000 रु. की सुरक्षित धरोहर राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। (7) दरों का उल्लेख करते समय टैक्स इन्क्लूड-एक्सक्लूड का उल्लेख अनिवार्य है। (8) सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की जस्टिफिकेशन नेगोसिएशन अनुसार/उपरांत किया जाएगा।
हस्ता/- प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत छात्तर, विकास खंड धनोटू जिला मंडी,हि.प्र.

**कार्यालय ग्राम पंचायत चेली**
**विकास खण्ड द्रंग स्थित पधर जिला मण्डी (हि.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चेली, विकास खण्ड द्रंग, जिला मण्डी (हि.प्र.) द्वारा वर्ष 2026-2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाएं (कुटेशने) आमंत्रित की जाती है। ये निविदायें दिनांक 22-07-2026 सांय 05:00 बजे से पूर्व ग्राम पंचायत चेली के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। उक्त तिथी तक प्राप्त निविदाएं दिनांक 23-07-2026 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत चेली में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव [illegible]
हस्ता/- प्रधान/ सचिव
ग्राम पंचायत चेली, विकास खण्ड द्रंग, जिला मण्डी (हि.प्र.)

**कार्यालय पंचायत सामुदायिक केंद्र घरना**
**विकास खंड सुरानी जिला काँगड़ा हि0प्र0**
**निविदा सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घरना के अंतर्गत वित् वर्ष 2026-27 के लिए विकास कार्यों के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सामग्री की कोटेशन निम्न प्रपत्र पर आमंत्रित की जाती हैं- रेत क्रशर (धुला हुआ), रेत क्रशर (डस्ट), बजरी 20MM, बजरा 40MM (क्रशर प्रति M3), बोल्डर प्रति M3, शटरिंग (लकड़ी व लोहे की प्रति FT2), मिक्चर्स (प्रति दिन तेल सहित), ईट (दोयम व अव्वल), पानी का टैंक प्रति टैंक रु0 में, ढुलाई सीमेंट सिविल सप्लाई स्टोर खुन्डिया से पंचायत घर तक - (प्रति बोरी) रु0 में, JCB व JCB Braker - प्रति घंटा रु में इछुक आपूर्तिकर्ता 24/07/2026 तक उपरोक्त प्रपत्र पर अपनी कोटेशन बंद लिफाफे में भरकर डाक द्वारा/सीधे तौर पर प्रधान ग्राम पंचायत घरना के नाम से भेज सकता है। 24/07/2026 के बाद प्राप्त कोटेशन को स्वीकारा नहीं जायेगा। प्राप्त कोटेशन को दिनांक 25/07/2026 को 11:00 AM बजे पंचायत में खोला जायेगा जिसमें कोटेशन देने वाले आपूर्तिकर्ता भी शामिल हो सकते हैं और आपूर्तिकर्ता अगर उपस्थित नहीं होगा तो उसका कोई भी दावा मान्य न होगा। आवश्यक दिशा निर्देश : (1) आपूर्तिकर्ता के पास GST No. होना जरूरी है और M फॉर्म साथ में संलग्न करना होगा। (2) आपूर्तिकर्ता को सामग्री ट्रेक्टर योग्य मार्ग तक पहुंचानी होगी। (3) आपूर्तिकर्ता यदि सप्लाई आर्डर के बाद पांच दिन तक सामग्री नहीं फेंकता है तो कोटेशन को नोटिस देकर रद्द किया जाएगा जिसके लिए कोई भी दावा बाद में मान्य नही होगा। सामग्री की अदायगी सरकार द्वारा जारी की गई राशि और तकनीकी सहायक द्वारा अंतिम मूल्याकंन के बाद जारी होगी। (4) आपूर्तिकर्ता को धरोहर राशि के रूप में 20000 रु0 की राशि (FD) पंचायत में पंचायत के नाम प्लेज करके जमा करवानी होगी और अगर पांच दिन के अंदर सामग्री समय पर न फेकी गई तो धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी जिसके लिए आपूर्तिकर्ता का कोई भी दावा मान्य न होगा।
प्रधान/ सचिव ग्राम पंचायत घरना
विकास खंड सुरानी जिला काँगड़ा हि0प्र0

**कार्यालय ग्राम पंचायत स्यांह, विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी (हि0 प्र0)**
**निविदा आमन्त्रण सूचना**
ग्राम पंचायत स्यांह विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी द्वारा 2026-2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 29/07/2026 तक को पूर्वाह्न 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय स्यांह में पहुंच जानी चाहिए निविदाएं इसी दिनांक को पूर्वाह्न 12:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की 'निर्माण कमेटी' व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी। [illegible]
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत स्यांह, विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी (हि0 प्र0)

**कार्यालय ग्राम पंचायत चंडयाल, विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी (हि0 प्र0)**
**निविदा आमन्त्रण सूचना**
ग्राम पंचायत चंडयाल विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी द्वारा 2026-2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 27/07/2026 तक को पूर्वाह्न 11 बजे तक ग्राम पंचायत चंडयाल में पहुंच जानी चाहिए निविदाएं इसी दिनांक को पूर्वाह्न 12:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की 'निर्माण कमेटी' व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी। [illegible]
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत चंडयाल, विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी (हि0 प्र0)

**कार्यालय ग्राम पंचायत भाम्बला (विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि0प्र0)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भाम्बला गोपालपुर जिला मंडी के अंतर्गत 2026-2027 में होने वाले समस्त मदों के विकास कार्यों हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ [illegible]/07/2026 को शाम 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत भाम्बला में व्यतिगत रूप या डाक के माध्यम से पहुंच जानी चाहिए। निविदाएँ 23/07/2026 को सुबह 11 बजे पंचायत कार्यालय में निविदादाताओं/ उनके प्रतिनिधि व पंचायत कमेटी की उपस्थिति में खोली जाएँगी। इच्छुक निविदादाता ग्राम पंचायत भांबला से टेंडर फॉर्म [illegible]
प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत भाम्बला (विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि0प्र0)

## न्यूज ब्रीफ

### कल विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट के अंतर्गत 11 केवी चंडी-पजीना एचटी फीडर पर आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 18 जुलाई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट के सहायक अभियंता ई. विमल अत्रि ने बताया कि विद्युत अनुभाग चंडी के अंतर्गत आने वाले गांव नेवड़ी, पजीना, खाली, परयाब, सोहरा कनेता, कांगरी धार, बाड़ू बाड़ा देव, कलडवार, चांडा मांगल तथा आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि खराब मौसम अथवा अन्य किसी अपरिहार्य कारण से आवश्यकता पड़ी तो निर्धारित तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### हलोग में वित्तीय साक्षरता शिविर, बैंक योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सराहां।** नाबार्ड के सौजन्य से हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक (एचपीएससीबी) की नारग शाखा द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत महलोग (लाल टिक्कर) में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ सुरक्षित बैंकिंग और डिजिटल लेनदेन की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक संजीव गौतम ने उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना की पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने एटीएम एवं ऑनलाइन साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना एटीएम पिन, ओटीपी, सीवीवी या बैंक खाते की गोपनीय जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक से सतर्क रहें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत महलोग के प्रधान तपेंद्र, उपप्रधान प्रेम पाल, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस प्रकार के जागरूकता शिविरों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### कलाकारों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध हिम सांस्कृतिक दल ममलीग के कलाकारों द्वारा वीरवार को सोलन विकास खंड की ग्राम पंचायत डांगरी व ग्राम पंचायत सलोगड़ा में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कलाकारों ने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के बारे में अवगत करवाया गया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत राज्य सरकार ने लगभग चार हजार बेसहारा बच्चों को सम्बल प्रदान करने के उद्देश्य से 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है। कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से अवगत करवाया कि पशुपालकों की आय में बढ़ौतरी के लिए गाय व भैंस के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है। इसके अतिरिक्त पंजीकृत दुग्ध सहकारी संस्थाओं से जुड़े पशुपालकों के लिए दूध की खरीद पर प्रोत्साहन राशि 3 रुपए से बढ़ाकर 6 रुपए प्रति लीटर की गई है। उन्होंने ग्रामीणों से प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की रही योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। कलाकारों ने उपस्थित युवाओं को नशे से दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया।

### शिलांजी में वित्तीय साक्षरता शिविर, ग्रामीणों को दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ उपमंडल के शिलांजी गांव में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की हाब्बन शाखा द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता ग्राम पंचायत शिलांजी के प्रधान सुरेंद्र कुमार ने की। इस अवसर पर बैंक शाखा हाब्बन के प्रबंधक हेमिंदर ठाकुर ने ग्रामीणों को बैंक द्वारा संचालित विभिन्न वित्तीय एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, पैन कार्ड से संबंधित सेवाओं तथा अन्य बैंकिंग सुविधाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न ऋण योजनाओं जैसे पर्सनल लोन, किसान क्रेडिट कार्ड , स्वयं सहायता समूह, ऋण, वाहन ऋण सहित अन्य ऋण सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही सावधि जमा, आवर्ती जमा, ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं और बैंक की अन्य जमा योजनाओं के लाभ भी ग्रामीणों को समझाए। प्रबंधक हेमिंदर ठाकुर ने ग्रामीणों से डिजिटल बैंकिंग अपनाने, समय पर बचत करने तथा सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता से लोग आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं व सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

### गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं होने से रोजमर्रा के कार्य प्रभावित : सुशील ठाकुर

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** उप-तहसील दाड़लाघाट के अंतर्गत आने वाले कश्लोग, चंडी, नेवड़ी, मांगू, ग्याना, संघोई सहित कई क्षेत्रों में इन दिनों रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि काफी समय बीत जाने के बावजूद गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं, जिससे घरों के रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुशील ठाकुर ने कहा कि यह समस्या केवल इन क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के अन्य इलाकों के लोग भी समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिलने से परेशान हैं। उन्होंने प्रशासन और संबंधित विभाग से गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहले करीब 45 दिन के अंतराल में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे थे और वर्तमान में भी कई उपभोक्ताओं को इसी आधार पर गैस मिल रही है। उनका कहना है कि कम से कम एक माह के भीतर जरूरतमंद उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने विभाग और प्रशासन से इस मामले में गंभीरता से कदम उठाकर नियमित एवं समयबद्ध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपील की।

### पांवटा साहिब में गीत-संगीत से सरकार की योजनाओं पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा सिरमौर जिला में चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत वीरवार को विकास खंड पांवटा साहिब की ग्राम पंचायत शिवपुर और निहालगढ़ में संबंधित पंचायत प्रधानों की अध्यक्षता में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों को प्रदेश सरकार की अनुसूचित जाति कल्याणार्थ योजनाओं व नीतियों को आम जन तक पहुंचाया। विभाग से अनुमोदित दल आरूही सांस्कृतिक कला मंच ने समूहगीत प्रस्तुत कर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा राजस्व लोक अदालत की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया जिसमें प्रदेश सरकार सामाजिक समरसता व जातिवाद की कुप्रथा को दूर करने के लिए अंतरजातिय विवाह करने वाले दंपतियों को 2 लाख रुपए तथा कोई भी सक्षम व्यक्ति जो कि 40 से 70 प्रतिशत तक की विकलांगता वाले विशेष रूप से सक्षम महिला या पुरूष से शादी करने पर 25 हजार तथा 70 से शतप्रतिशत तक की विकलांगता पर 2 लाख रुपए की अनुदान सहायता राशि प्रदान करने, स्वर्ण जयंती आश्रय योजना में 1 लाख, 50 हजार रुपए की राशि प्रदान करने, आईटीआई और अन्य प्रशिक्षण केंद्रों से प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्तियों को सिलाई मशीन के लिए 1800 तथा औजारों हेतु 1300 रुपए प्रदान करने तथा एकल नारी पैंशन योजना में 1500 तथा 1700 प्रतिमाह पैंशन प्रदान किए जाने की जानकारी भी दी।

### आईटीआई दाड़लाघाट में स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन प्राइवेट आईटीआई दाड़लाघाट में स्थानीय सलाहकार समिति (एलएसी) की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्थान के संचालन, कौशल विकास, विद्यार्थियों के प्रशिक्षण, प्लेसमेंट, उद्योगों के साथ समन्वय तथा भविष्य की कार्ययोजना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के उपरांत सर्वसम्मति से स्थानीय सलाहकार समिति का गठन किया गया। समिति में पंचायत प्रधान दाड़लाघाट श्याम सिंह चौधरी को अध्यक्ष, प्रधान बरायली कृष्ण चंद भट्टी को महासचिव, समाजसेवी कमलेश ठाकुर को उपाध्यक्ष, राजेश गुप्ता को मीडिया प्रभारी तथा एडीकेएम प्रधान वेद प्रकाश शुक्ला को प्रमुख सलाहकार नियुक्त किया गया। इसके अलावा थाना प्रभारी दाड़लाघाट, अंबुजा फाउंडेशन के प्रतिनिधि संजय शर्मा, सेवानिवृत्त फायर विभाग कर्मचारी हेमराज गौतम, प्रधानाचार्य शिव नारायण तिवारी (समन्वयक), उप प्रधानाचार्य नंद लाल वर्मा (संयोजक), सॉफ्ट स्किल ट्रेनर दीपिका शर्मा, प्लेसमेंट ऑफिसर शशि कपूर तथा मोबिलाइजेशन ऑफिसर अमर सिंह गुर्जर को समिति का सदस्य बनाया गया।

---

खाद के लिए लंबी कतारें, घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटे किसान

## 2500 की मांग, बैग पहुंचे सिर्फ 600
## कुनिहार में खाद संकट से किसान परेशान

अनंत ज्ञान



खाद लेने उमड़ी किसानों की भीड़। अनंत ज्ञान

**कुनिहार।** खरीफ सीजन के बीच कुनिहार क्षेत्र में खाद का संकट गहराता जा रहा है। खाद लेने के लिए किसानों को सुबह से ही लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं होने से खेती-बाड़ी का काम प्रभावित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के लिए करीब 2500 बैग खाद की मांग भेजी गई थी, लेकिन केवल 600 बैग ही उपलब्ध कराए गए। मांग के मुकाबले बेहद कम आपूर्ति होने से किसानों में भारी नाराजगी है। कई किसानों को घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ा। किसानों का कहना है कि धान और अन्य फसलों के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में खाद की कमी से फसलों की पैदावार प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों ने हिमफैड और संबंधित विभाग से तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

वहीं खाद की कमी को लेकर हिमफेड की व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। किसानों का कहना है कि यदि मांग का सही आकलन कर समय पर आपूर्ति की जाती तो ऐसी स्थिति पैदा नहीं होती। किसानों ने प्रशासन और सरकार से जल्द अतिरिक्त खाद उपलब्ध कराने तथा वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाने की मांग की है, ताकि खेती का कार्य प्रभावित न हो।

---

## सीसे स्कूल भोज आंजी में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोज आंजी में वीरवार को स्कूल प्रबंधन समिति के गठन किया गया। एसएमसी के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता समिति सचिव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा ने की। बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। इसके बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यकारिणी में अध्यक्ष कल्पना, सचिव अशोक कुमार शर्मा (प्रधानाचार्य), उपाध्यक्षः मनमोहन शर्मा चुने गए। इसके अलावा मनोज, कविता ठाकुर, रीना, देवेंद्र शर्मा, रणदीप, उषा, रहमान, प्रीति, विकास, अंजू, नरेंद्र, मंजू, रविंद्र दत्त (पंचायत सदस्य), कृपाल शर्मा (पूर्व प्रधान, ग्राम पंचायत), रीना, कल्पना परमार और अंबिका कौशल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी गई।

---

सुरीली आवाज से जीता हिमाचल का दिल

## राजगढ़ के सुजल बने 'स्टार ऑफ हिमाचल' के विजेता



सुजल को सम्मानित करते आयोजक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिले के राजगढ़ उपमंडल के रेहड़ी गुसान गांव के होनहार छात्र सुजल ने अपनी सुरीली आवाज और शानदार प्रस्तुति से पूरे हिमाचल प्रदेश में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने प्रदेश के सबसे बड़े सिंगिंग रियलिटी शो 'स्टार ऑफ हिमाचल' का खिताब अपने नाम कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विजन इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में सुजल ने प्रदेशभर से पहुंचे प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और एक लाख का नकद पुरस्कार जीता। मंडी के खत्री सभा परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय फिनाले में हिमाचल के विभिन्न जिलों से चयनित 33 प्रतिभागियों ने अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुल्लू के देवराज ने दूसरा और शिमला के विशाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सुजल ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार और संगीत गुरु आरडी शर्मा को दिया।

---

दाड़लाघाट पंचायत की पहली ग्राम सभा में बड़ा फैसला

## सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंका तो देना होगा 5,000 तक जुर्माना

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत दाड़लाघाट की नवगठित पंचायत की पहली ग्राम सभा बुधवार को पंचायत सभागार में पंचायत प्रधान श्याम सिंह चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपप्रधान हेमराज गौतम, पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडल, युवक मंडल तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। 115 सदस्यों की उपस्थिति के साथ ग्राम सभा का कोरम पूरा रहा।बैठक में पिछली ग्राम सभा की कार्यवाही की पुष्टि, पिछले तीन माह के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही कार्य समिति, बजट समिति, स्वच्छता समिति, उपभोक्ता समिति, सतर्कता समिति, गांववार वन अधिकार समिति तथा विलेज वाटर एंड सैनिटेशन कमेटी का गठन किया गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), नशा मुक्त पंचायत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), रोजगार एवं आजीविका मिशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। ग्राम सभा में घर-घर कूड़ा संग्रहण, स्वच्छता और नशा मुक्ति को लेकर कार्यकारिणियों का गठन किया गया। ग्रामीणों ने बाजारों में फेरी लगाने वाले बाहरी विक्रेताओं पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई, जिस पर पंचायत ने नियमानुसार निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

प्रधान श्याम सिंह चौधरी ने घोषणा की कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने वालों पर 100 से 5000 रुपए तक जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि नशे से जुड़ी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने या पुलिस में मामला दर्ज होने पर संबंधित व्यक्ति को पंचायत की सुविधाओं से नियमानुसार वंचित किया जा सकता है। इस प्रस्ताव का ग्राम सभा में उपस्थित लोगों ने समर्थन किया।

---

# सोलन में 85 गणनाकारों ने पूरा किया डिजिटल जनगणना का पहला चरण

## करीब 60 घरों में ताला लटका होने के कारण विवरण नहीं मिला

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन शहर में डिजिटल जनगणना-2027 के पहले चरण (हाउस लिस्टिंग सर्वे) का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। नगर निगम क्षेत्र में 16 जून से शुरू हुए इस सर्वे के दौरान 85 गणनाकारों और 14 सुपरवाइजरों ने घर-घर जाकर भवनों, परिवारों और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी जानकारी डिजिटल माध्यम से एकत्र की। सर्वे के दौरान अधिकांश परिवारों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर ली गई, लेकिन करीब 60 घरों में ताला लटका होने के कारण वहां का विवरण नहीं मिल सका। ऐसे मामलों में अब संबंधित जानकारी राजस्व विभाग के रिकॉर्ड से प्राप्त की जाएगी। वहीं, कुछ ऐसे मामले भी सामने आए, जहां लोगों ने प्रारंभ में जानकारी देने से इंकार कर दिया। बाद में गणनाकारों और अधिकारियों ने उनकी काउंसलिंग कर उन्हें जनगणना के महत्व से अवगत कराया, जिसके बाद अधिकांश लोगों ने सहयोग किया। पहले चरण के तहत प्रत्येक भवन और परिवार का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया गया। इस दौरान मकान की स्थिति, परिवार के सदस्यों की संख्या, पेयजल, शौचालय, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से दर्ज की गई। यह पूरी प्रक्रिया केंद्र सरकार द्वारा जनगणना-2027 के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न हुई। अब जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में शुरू होगा, जिसमें परिवारों और व्यक्तियों से संबंधित विस्तृत सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय जानकारी एकत्र की जाएगी।

### क्या बोले अधिकारी



चेतन चौहान
ज्वाइंट कमिश्नर
नगर निगम सोलन

**नगर** निगम के जॉइंट कमिश्नर चेतन चौहान ने बताया कि जनगणना का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस चरण में 34 प्रश्नों के माध्यम से संपत्ति और भवनों से संबंधित जानकारी डिजिटल ऐप पर अपलोड की गई है। उन्होंने कहा कि अगले चरण के शुरू होने तक जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों और शिक्षकों को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद रिलीव कर दिया जाएगा।

### स्कूलों में जल्द लौटेंगे शिक्षक

**जनगणना** कार्य में लगाए गए शिक्षकों को अगले चार से पांच दिनों में औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उनकी मूल ड्यूटी पर वापस भेज दिया जाएगा। शिक्षकों के जनगणना कार्य में लगे होने के कारण कई सरकारी स्कूलों में नियमित कक्षाएं प्रभावित हो रही थीं। शिक्षकों की वापसी से शिक्षण व्यवस्था के सामान्य होने की उम्मीद है।

---

# हिमाचल की जमीन पर हरियाणा का शराब ठेका!

## एक्साइज विभाग की लापरवाही के चलते हरियाणा के ठेके पर कोई कार्रवाई नहीं

अनंत ज्ञान




बरोटीवाला ट्रक यूनियन के समीप हिमाचल की जमीन पर चल रहा हरियाणा का लाइसेंसी शराब ठेका। अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** बरोटीवाला ट्रक यूनियन के समीप हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटी भूमि पर संचालित हरियाणा के एक लाइसेंसी शराब ठेके को लेकर आबकारी एवं कराधान विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। एसडीएम बद्दी के आदेशों पर राजस्व विभाग द्वारा निशानदेही में पाया गया कि ठेका हिमाचल की जमीन पर है, जिसकी वकायदा रिपोर्ट भी बकायदा एक्साइज डिपार्टमेंट को भेजी गई है। राजस्व विभाग द्वारा अपनी रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट किए जाने के बावजूद एक्साईज विभाग ने अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि संबंधित ठेका वास्तव में हिमाचल प्रदेश की भूमि पर संचालित हो रहा है, तो इससे प्रदेश सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। लोगों का आरोप है कि इस मामले में समय रहते कार्रवाई न होने से सरकारी राजस्व को लगातार चूना लग रहा है।

सूत्रों के अनुसार राजस्व विभाग की रिपोर्ट में मामले से संबंधित तथ्य सामने आने के बाद भी एक्साईज विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों राकेश कुमार, जसवीर सिंह, मनदीप सिंह, गुरमेल लम्बरदार, सोहन सिंह, मनीष चौधरी समेत सामाजिक संगठनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है।

लोगों का कहना है कि यदि किसी अन्य राज्य का लाइसेंसी शराब ठेका हिमाचल प्रदेश की भूमि पर संचालित पाया जाता है, तो यह नियमों का गंभीर उल्लंघन है और इसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। लोगों ने साथ ही सरकार से यह भी मांग की गई है कि यदि राजस्व की हानि हुई है तो उसकी भरपाई सुनिश्चित की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

> **मामला** संज्ञान में आते ही राजस्व विभाग द्वारा डिमार्केशन करके रिपोर्ट एक्साइज विभाग को सौंपी गई है। ठेके हो हटाने की आगामी कार्रवाई संबंधित विभाग की बनती है।
>
> **संजीव धीमान, एसडीएम बद्दी**

> **राजस्व** विभाग की रिपोर्ट उनके पास आई है। जिसके बाद ज्वाइंट डिमार्केशन के लिए हरियाणा राजस्व विभाग व प्रशासन को पत्र लिखा गया हैं। जल्द की ज्वाइंट डिमार्केशन के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **विनोद डोगरा, एटीसी**

---

सुबाथू में पार्किंग फीस पर विरोध जारी, टेंडर पर संशय

## 15 से 10 लाख पर आया टेंडर बावजूद इसके आपत्तियां बेशुमार

अनंत ज्ञान

**सुबाथू।** छावनी परिषद सुबाथू ने एक बार फिर पार्किंग फीस टेंडर के लिए सार्वजनिक सूचना जारी कर दी है। इससे पहले भी परिषद की ओर से पार्किंग फीस टेंडर निकाला गया था, लेकिन सालाना 15 लाख रुपए की राशि के टेंडर को भरने में किसी ने खास रुचि नहीं दिखाई। इसके बाद परिषद ने दूसरी बार टेंडर राशि में 5 लाख रुपए की कटौती करते हुए इसे 10 लाख रुपए सालाना कर दिया है। बावजूद इसके स्थानीय लोगों की आपत्तियों के चलते इस टेंडर को लेकर अभी भी लोगों में उत्साह नजर नहीं आ रहा है। अब सबकी निगाहें 22 जुलाई पर टिकी हैं। यदि इस दिन भी टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती है तो परिषद को आगे की रणनीति पर विचार करना पड़ेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबाथू बाजार पहले ही व्यापारिक चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में पार्किंग फीस लागू होने से ग्राहकों और व्यापारियों दोनों को परेशानी उठानी पड़ सकती है।

लोगों का तर्क है कि सुबाथू कोई बड़ा पर्यटन स्थल नहीं है, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग रोजमर्रा की खरीदारी के लिए बाजार पहुंचते हैं। ऐसे में छोटी खरीदारी के लिए भी पार्किंग शुल्क देना उचित नहीं है। हालांकि छावनी परिषद ने बजट का हवाला देते हुए पार्किंग फीस के फैसले को मंजूरी दे दी है। विरोध के बाद अब चुनिंदा स्थानों पर ही फीस लगाने की योजना पर विचार किया जा रहा है।

परिषद के मनोनीत सदस्य रवि शर्मा ने बताया कि लोगों की आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए सीमित स्थानों पर पार्किंग फीस लगाने और वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई है।

---

## नौणी विवि में योग विज्ञान, मधुमक्खी पालन के नए दो पीजी डिप्लोमा शुरू

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से योग विज्ञान तथा मधुमक्खी पालन एवं एपीथेरेपी में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम शुरू किए हैं। विश्वविद्यालय ने दोनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। दोनों कार्यक्रम दो सेमेस्टर के होंगे और इनका उद्देश्य विद्यार्थियों को उभरते क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण, विशिष्ट ज्ञान तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। योग विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा का संचालन पुष्प विज्ञान एवं भूदृश्य विभाग करेगा। इस पाठ्यक्रम में योग की पारंपरिक विधाओं को आधुनिक वैज्ञानिक सिद्धांतों से जोड़ते हुए स्वास्थ्य संवर्धन, रोगों की रोकथाम और समग्र कल्याण से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में 30 सीटें उपलब्ध हैं तथा इसमें प्रायोगिक प्रशिक्षण और फील्ड वर्क भी शामिल होगा।

◆ **कौशल, स्वरोजगार और उद्यमिता पर फोकस, 2026-27 सत्र को आवेदन आमंत्रित**

मधुमक्खी पालन एवं एपीथेरेपी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा का संचालन कीट विज्ञान विभाग करेगा। 25 सीटों वाले इस कौशल आधारित कार्यक्रम में मधुमक्खी पालन, एपियरी प्रबंधन, रानी मधुमक्खी उत्पादन, परागण सेवाएं, मधुमक्खी उत्पादों के प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण और उद्यम प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरमिंदर सिंह बवेजा ने कहा कि बदलती सामाजिक और औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

---

**कार्यशाला** डिजिटल गवर्नेंस से मजबूत होंगी जल योजनाएं : डॉ. अभिषेक जैन

## जल संरक्षण और समयबद्ध शिकायत निवारण पर जोर

अनंत ज्ञान




कार्यक्रम को संबोधित करते जल शक्ति विभाग के प्रधान सचिव डॉ. अभिषेक जैन। अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के जल शक्ति विभाग के प्रधान सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में डिजिटल गवर्नेंस और अनुबंध प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। वह कसौली में जल शक्ति विभाग शिमला जोन द्वारा आयोजित 'डिजिटल गवर्नेंस एवं अनुबंध प्रबंधन' विषयक एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे।

डॉ. जैन ने कहा कि सरकारी कार्यप्रणाली में डिजिटलीकरण से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, बेहतर प्रबंधन और समयबद्ध कार्य सुनिश्चित होता है। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रीय समस्याओं का समय रहते समाधान हो सके। उन्होंने पेयजल की बढ़ती मांग को देखते हुए दीर्घकालिक योजना बनाने पर बल दिया तथा अभियंताओं को बावड़ियों, तालाबों, कुओं और अन्य पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण के निर्देश दिए। साथ ही जल स्रोतों का नियमित निरीक्षण कर उसकी रिपोर्ट ईमेल के माध्यम से भेजने, ग्राम पंचायत बैठकों में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का 10 दिनों के भीतर निस्तारण करने के निर्देश भी दिए।

कार्यक्रम के दौरान प्रधान सचिव ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले फील्ड कर्मचारियों को सम्मानित किया। कार्यशाला में केंद्रीय जल शक्ति आयोग चंडीगढ़ के मुख्य अभियंता ए.के. गुप्ता, मुख्य अभियंता मुकेश हीरा और हेमंत तंवर सहित विभिन्न अधीक्षण अभियंताओं ने परियोजना वित्तपोषण, प्रशासनिक आधुनिकीकरण, पर्यावरण संरक्षण, अनुबंध प्रबंधन और डिजिटल हस्तक्षेप जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इसमें शिमला, सिरमौर, सोलन, किन्नौर और लाहौल-स्पीति क्षेत्रों के अधीक्षण, अधिशाषी एवं सहायक अभियंताओं ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### जीडीएच इंडस्ट्रीज बसाल में भरे जाएंगे 56 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज जीडीएच इंडस्ट्रीज बसाल में 56 पद विभिन्न श्रेणी में भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 18 जुलाई को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी, ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि जीडीएच इंडस्ट्रीज बसाल में प्लांट हेल्पर के 10 पद, टूल रूम वर्कर के 15, फरनेस हेल्पर के 15, सुपरवाइजर के 3, प्रेस ऑपरेटर के 4, फरनास ऑपरेटर के 2, टेबल ऑपरेटर के 2 और टूल एंड डाई ऑपरेटर के 5 पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्लांट हेल्पर, प्रेस ऑपरेटर, फरनास ऑपरेटर, टेबल ऑपरेटर एवं टूल एंड डाई ऑपरेटर पदों के लिए 10वीं निर्धारित की गई है। टूल रूम वर्कर के लिए 10वीं और आईटीआई निर्धारित की गई है। इन सभी पदों के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तथा वेतन सरकारी मानकों के अनुसार दिया जाएगा। इसके अलावा सुपरवाइजर पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं और स्नातक, 1 से 3 वर्ष का अनुभव और आयु सीमा 20 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। अक्षय शर्मा ने बताया कि इच्छुक व योग्य अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, अनुभव प्रमाण पत्र, बायोडाटा व मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98050-54957 पर संपर्क कर सकते हैं।

### एससी-एसटी योजनाओं बारे ग्रामीण किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के युवाओं को तकनीकी डिग्री और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षा ऋण योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। इस योजना के अंतर्गत 75 हजार रुपये तक का ऋण ब्याज मुक्त तथा 75 हजार से 1.5 लाख रुपये तक का ऋण 4 से 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। योजना के तहत छात्र के माता-पिता या अभिभावक को सह-ऋणी बनना आवश्यक है। यह सुविधा केवल उन्हीं परिवारों के छात्रों को दी जाती है जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख रुपये से कम है। इस योजना के माध्यम से डिप्लोमा और डिग्री कोर्सेज जैसे जेबीटी, एमबीबीएस, इंजीनियरिंग, एक वर्षीय होटल मैनेजमेंट, एमबीए, जीएनएमएस, एमएस, नर्सिंग आदि पाठ्यक्रमों के लिए भी ऋण सुविधा उपलब्ध है। ऋण की वसूली कोर्स पूर्ण होने के एक वर्ष बाद अथवा नौकरी मिलने पर, जो पहले हो, से शुरू हो जाती है। यह जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध नाटयदल पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा ने वीरवार को अभियान के दूसरे चरण के तीसरे दिन ऊना उपमंडल के बढ़ेड़ा और लम्लेहड़ी अप्परली में आयोजित गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को दी।

### शिवम इंस्टीट्यूट बंगाणा ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** शिवम इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग बंगाणा द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान परिसर से जागरूकता रैली के साथ हुई। रैली में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को वृक्षारोपण और पौधों की देखभाल के लिए प्रेरित किया। इसके बाद विद्यार्थियों, स्टाफ तथा स्थानीय नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। अभियान में स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया।

### स्वयंसेवियों ने की मुख्य रास्ते की सफाई

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल जरियालां में वीरवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और सड़क सुरक्षा क्लब के संयुक्त तत्वावधान से प्रधानाचार्य रमेश कुमार के मार्गदर्शन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय परिसर के आस पास के इलाकों को स्वच्छ करना रहा। प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बताया कि इसके तहत विद्यालय परिसर के साथ लगता रास्ता जोकि नंगल जरियालां - कोर्ट पटियाला मुख्य सड़क मार्ग से राधाकृष्ण - मंदिर, मुख्य कुंआ, डाकघर, पंचायत घर, महिला मंडल और राजकीय प्राथमिक पाठशाला नंगल जरियालां आदि रास्ते के दोनों तरफ उगीं अवांछित झाड़ियों को साफ़ किया गया और प्लास्टिक के कचरे को साफ कर व्यवस्थित किया गया। उन्होंने बताया कि अवांछित जड़ीबूटी व झाड़ियों के उगे होने के कारण विद्यार्थियों को आने जाने में दिक्कत व दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती थी।

# विधायक सुदर्शन बबलू ने सिद्ध चलेहड़ में पंचायत भवन का किया लोकार्पण

## बोले-पंचायतों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह कृतसंकल्प

अनंत ज्ञान

**घनारी।** चिंतपूर्णी क्षेत्र के बीडीओ कार्यालय अंब के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिद्ध चलेहड़ में लगभग 12 लाख की राशि से नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन बुधवार को विधायक सुदर्शन सिंह बबलू द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान ममता रानी के नेतृत्व में सभी गांव वासियों ने विधायक को फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर लोगो को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पंचायतों के सुदृढ़ीकरण और आधारभूत ढांचे के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह कृतसंकल्प है।

उन्होंने बताया कि सिद्ध चलेहड़ में मीटिंग हाल बनने के बाद गांव वासियों को सामूहिक रूप से बैठने के लिए कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए खर्च कर कई नए पंचायत भवन जनता को समर्पित करने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने बताया कि इस नए भवन के निर्माण से पंचायत के प्रशासनिक कार्यों के संचालन में सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय लोगों को विभिन्न सरकारी सेवाएं एक ही स्थान पर बेहतर ढंग से उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि लोगो की पेयजल समस्या को देखते हुए सूंही गांव में जल्द 30 लाख की राशी से एक पेयजल स्टोरेज टैंक बनाया जाएगा।



ग्राम पंचायत सिद्ध चलेहड़ में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू का स्वागत करते ग्रामीण।

उन्होंने सिद्ध चलेहड़ के अंतर्गत पड़ते गांव मोहाली में रास्ता निर्माण के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में

### मोहाली में रास्ता निर्माण को 5 लाख देने की घोषणा

स्वास्थ्य सुविधाओं पर प्रदेश सरकार पूरा ध्यान केंद्रित कर करोड़ों रुपए की राशि व्यय कर रही है। जिला में आलू उत्पादकों के लिए धंधड़ी में लगाए जा रहे चिप्स कारखाने का भरपूर लाभ मिलेगा। इस मौके पर बीडीओ अंब ओमपाल डोगरा,जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार, जिला परिषद सदस्य सरवन सिंह, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव राघव राणा, उपप्रधान सिकंदर अली,पूर्व प्रधान रेखा उपप्रधान बंदना, लोहारा अप्पर की प्रधान संगीता, लोहारा लोअर की प्रधान बेबी, एक्स प्रधान रुक्मदीन, उपप्रधान कपूरदीन, राज कुमार गौतम, अनमोल, वार्ड सदस्य, निशा, सुमन बीबी, सतीश, कमलेश, एक्स उपप्रधान रेखा, अमन जसवाल, तनुज, अशोक शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

# पीएम आज अमृत भारत रेलवे स्टेशन अंब-अंदौरा का वर्चुअली करेंगे लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**विवेक शर्मा, अंब।** बहुप्रतीक्षित अमृत भारत रेलवे स्टेशन अंब-अंदौरा का लोकार्पण 17 जुलाई को दोपहर 3 बजे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से करेंगे। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर रेलवे प्रशासन और स्थानीय स्तर पर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन का आधुनिक सुविधाओं के साथ कायाकल्प किया गया है। स्टेशन भवन को आकर्षक स्वरूप देने के साथ यात्रियों की सुविधा के लिए अनेक आधुनिक व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं। स्टेशन परिसर को अधिक व्यवस्थित, स्वच्छ और यात्री अनुकूल बनाया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर रेल सेवाओं का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित विभिन्न रेलवे स्टेशनों का एक साथ वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इसी क्रम में हिमाचल प्रदेश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में शामिल अंब-अंदौरा स्टेशन भी राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।



लोकार्पण समारोह में सांसद अनुराग ठाकुर बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में रेलवे अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के शामिल होने की संभावना है।

अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन उत्तर भारत के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों में से एक है और यह हिमाचल प्रदेश के ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा सहित आसपास के जिलों के लाखों यात्रियों के लिए प्रमुख रेल संपर्क का केंद्र है। स्टेशन के आधुनिक स्वरूप में विकसित होने से यात्रियों को बेहतर व उन्नत यात्री सुविधाएं और अधिक सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिलेगा। रेलवे प्रशासन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्टेशन को सजाया जा रहा है तथा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

# बिना फार्मासिस्ट दवा बेचने पर मेडिकल स्टोर का लाइसेंस रद्द

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले के अजनौली स्थित एक मेडिकल स्टोर का ड्रग लाइसेंस औषधि विभाग ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट की मौजूदगी में दवाइयों के वितरण तथा औषधि नियमों के उल्लंघन की शिकायतों के आधार पर की गई। औषधि निरीक्षक पंकज गौतम ने बताया कि विभाग को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि संबंधित मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दवाइयां बेची जा रही थीं। साथ ही यह भी आरोप था कि वहां बारहवीं (आर्ट्स) उत्तीर्ण व्यक्ति द्वारा लोगों को उपचार संबंधी सलाह दी जा रही थी। शिकायतों के आधार पर विभाग ने मौके पर जांच की और अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी। जांच में शिकायतें सही पाए जाने पर संबंधित मेडिकल स्टोर का ड्रग लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। पंकज गौतम ने कहा कि बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति के किसी भी मेडिकल स्टोर से दवाइयों का वितरण करना औषधि नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि विभाग समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करता है तथा जिले की दवा दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानूनों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# विधायक विवेक ने बौट की अस्वस्थ माया देवी को भेंट की व्हीलचेयर

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने वीरवार को जनसेवा की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए बंगाणा क्षेत्र के गांव बौट निवासी माया देवी, पत्नी किशन चंद को व्हीलचेयर भेंट कर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया। माया देवी पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रही हैं और चलने-फिरने में कठिनाई का सामना कर रही थीं। उनकी स्थिति की जानकारी मिलने पर विधायक विवेक शर्मा स्वयं उनके घर पहुंचे और उन्हें व्हीलचेयर प्रदान की, ताकि उन्हें घर के भीतर और बाहर आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान विधायक ने केवल व्हीलचेयर ही नहीं, बल्कि परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान की, जिससे उपचार अन्य



आवश्यक जरूरतों में कुछ राहत मिल सके। विधायक ने कहा कि समाज के जरूरतमंद, बुजुर्ग, दिव्यांग और बीमार लोगों की सहायता करना केवल जनप्रतिनिधि का दायित्व ही नहीं, बल्कि मानवीय जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प है कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र का कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति स्वयं को असहाय महसूस न करे। क्षेत्र में जहां भी सहायता की आवश्यकता होगी, वहां वह हरसंभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

# एआईसीटीई समर्थन इंटर्नशिप कनेक्ट कार्यक्रम का समापन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) ऊना में एआईसीटीई समर्थन इंटर्नशिप कनेक्ट कार्यक्रम 2026-27 का समापन संस्थान परिसर में आयोजित एक भव्य समापन समारोह के साथ हुआ। एआईसीटीई इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत 15 जून से 15 जुलाई तक आयोजित इस एक माह के शोध-आधारित इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना (पीएम-यूएसपीवाई) के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को अनुसंधान, नवाचार तथा उभरती प्रौद्योगिकियों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। आईआईआईटी ऊना के निदेशक प्रो. मनीष गौर ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धि एआईसीटीई समर्थन इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत आईआईआईटी ऊना का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। 100-100 इंटर्नशिप सीटों के लिए चयनित चार संस्थानों—आईआईआईटी ऊना, एनआईटीटीटीआर भोपाल, आईआईआईटी भागलपुर तथा आईआईआईटीडीएम—में आईआईआईटी ऊना ने 70 प्रशिक्षुओं के नामांकन के साथ राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक सहभागिता दर्ज की।

# कजाकिस्तान में हिमाचली आईटीआई प्रशिक्षुओं ने सीखी आधुनिक तकनीक : राजेश धर्माणी



प्रशिक्षुओं से बात करते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न आईटीआई से चयनित 30 प्रशिक्षुओं ने कजाकिस्तान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर विजिट के दौरान आधुनिक उद्योगों, इंजीनियरिंग प्रणालियों, वैश्विक शिक्षा और नवाचार का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

प्रशिक्षुओं ने वाटर बॉटलिंग प्लांट, चॉकलेट फैक्टरी, ग्रीन मार्केट, एसेंटाई नदी क्षेत्र, शिम्बुलाक माउंटेन रिजॉर्ट तथा केबल कार प्रणाली का भ्रमण कर आधुनिक उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, पर्यावरण प्रबंधन, स्वचालन, सुरक्षा मानकों और इंजीनियरिंग तकनीकों का अध्ययन किया। इसके अलावा विशेषज्ञों ने क्रॉस-कल्चरल कम्युनिकेशन, उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण, बायोटेक्नोलॉजी, एआई, रोबोटिक्स, इंडस्ट्री 4.0 और नवाचार जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए।

धर्माणी ने कहा कि इस एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य आईटीआई प्रशिक्षुओं को वैश्विक औद्योगिक प्रक्रियाओं, आधुनिक तकनीकों और अंतरराष्ट्रीय कार्य संस्कृति से परिचित कराकर उन्हें भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में नवाचार, गुणवत्ता, अनुशासन, आत्मविश्वास और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# फर्जी निशानदेही से हटाने की कोशिश की हाईकोर्ट में खुली पोल : पूर्व प्रधान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्राम पंचायत मोरसिंघी के पूर्व प्रधान जगदीश ठाकुर ने आरोप लगाया कि वर्ष 2016 में पंचायत चुनाव जीतने के बाद कुछ लोगों ने राजस्व अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर उनकी निजी भूमि को सरकारी दिखाकर फर्जी निशानदेही करवाई, ताकि उन्हें पद से हटाया जा सके। इस मामले की सच्चाई हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में खुली, जहां जांच में उनकी भूमि निजी पाई गई और कब्जे का आरोप झूठा साबित हुआ।

पूर्व प्रधान ने इस साजिश में तत्कालीन तहसीलदार सुभाष कुमार, नायब तहसीलदार चतर सिंह, सेवानिवृत्त पटवारी मस्तराम व ओमप्रकाश तथा शिकायतकर्ताओं के खिलाफ 10 लाख रुपए का मानहानि दावा दायर किया है। न्यायालय ने सभी पक्षों को नोटिस जारी कर दिए हैं। जगदीश ने मुख्यमंत्री से राजस्व विभाग में फर्जी निशानदेही और अधिकारों के दुरुपयोग पर कड़े कानून बनाने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि किसी निर्दोष को इस तरह की साजिश और उत्पीड़न का सामना न करना पड़े।

# फार्मेसी कैडर के लंबित मामलों को सुलझाए शासन-प्रशासन : सुरेंद्र नड्डा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश अस्पताल फार्मेसी अधिकारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेशाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में शिमला में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर फार्मेसी कैडर से जुड़े विभिन्न लंबित मुद्दों को उठाया। बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और फार्मेसी सेवाओं के विस्तार पर विस्तार से चर्चा हुई।

संघ के प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र नड्डा ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. गोपाल बेरी, निदेशक एनएचएम प्रदीप ठाकुर और उप निदेशक एनएचएम राजेश गुलेरी के समक्ष समयबद्ध पदोन्नति, मजबूत पदोन्नति मानक, बढ़ते कार्यभार के अनुसार नए पदों के सृजन, फार्मेसी कैडर के सुदृढ़ीकरण और संस्थागत स्तर पर सेवाओं के विस्तार की मांग रखी। उन्होंने बताया कि संघ ने वर्ष 2003 से पहले अधिसूचित कर्मचारियों के लिए सीसीए पेंशन रूल-1972 के तहत ओपीएस बहाली और रेट्रोस्पेक्टिव डेट रेगुलराइजेशन जैसे फैसलों के लिए सरकार और स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया। संघ ने आग्रह किया कि इनसे जुड़े सभी वित्तीय और सेवा लाभ कर्मचारियों को नियुक्ति की मूल तिथि से प्रदान किए जाएं।

प्रतिनिधिमंडल ने एनएचएम निदेशक द्वारा अनुचित जेएएस संशोधन वापस लेने के निर्णय का स्वागत किया। साथ ही डिजिटल सुविधाओं से वंचित फार्मेसियों में कंप्यूटर, प्रिंटर और इंटरनेट सुविधा उपलब्ध करवाने, ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रणालियों को एकीकृत स्मार्ट पोर्टल से जोड़ने तथा एनएचएम में फार्मेसी अधिकारियों की भूमिका को अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों की तरह मान्यता देने की मांग भी रखी। सुरेंद्र नड्डा ने कहा कि वर्ष 2011 में जहां केवल 73 दवाओं का प्रबंधन था, वहीं अब 1400 से अधिक आवश्यक दवाओं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, ऑनलाइन कार्यों और बढ़ते मरीज भार का जिम्मा फार्मेसी अधिकारियों पर है। इसके बावजूद फार्मेसी कैडर अभी भी करीब 25 वर्ष पुराने स्टाफिंग मानकों के अनुसार काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 182 से अधिक अस्पताल फार्मासिस्ट और फार्मेसी अधिकारी पद रिक्त हैं। इनमें चंबा में 41 पद शामिल हैं, जबकि सिरमौर, कुल्लू और शिमला जिलों में भी बड़ी संख्या में पद खाली हैं। रिक्तियों के कारण ब्लॉक स्तर पर लगातार डेपुटेशन, 24 घंटे सेवाओं का अतिरिक्त दबाव, दवा भंडारों में मुख्य फार्मासिस्ट पदों की कमी और अस्पतालों में क्लेरिकल कार्यों का अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है।

# डीएवी में नेवल एनसीसी का प्रशिक्षण शिविर शुरू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एक एचपी नेवल यूनिट एनसीसी, बिलासपुर द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल में 15 से 24 जुलाई तक 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी) शुरू किया गया। शिविर में प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लगभग 250 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। शिविर का नेतृत्व कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय चेतना का विकास करना है। प्रशिक्षण के दौरान कैडेटों को ड्रिल, फायरिंग, आपदा प्रबंधन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा नौसैनिक अभिमुखीकरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले दिन बायोमेट्रिक उपस्थिति, स्वास्थ्य परीक्षण और दस्तावेजों का सत्यापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# श्री नयना देवी में जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह 18 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा मंडल श्री नयना देवी द्वारा 18 जुलाई, प्रातः 10:30 बजे मातृ सदन भवन में नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। हमीरपुर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर मुख्यातिथि होंगे, जबकि स्थानीय विधायक रणधीर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समारोह में पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद तथा स्थानीय निकायों के नव-निर्वाचित प्रधानों, उपप्रधानों व सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। सांसद अनुराग सिंह ठाकुर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत के संकल्प की जानकारी देंगे, जबकि विधायक रणधीर शर्मा क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं को साझा करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन और सुशासन एवं विकास के प्रति उनके संकल्प को मजबूत करना है। भाजपा मंडल ने सभी जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# बिलासपुर भाजपा में चंदेल का बढ़ता प्रभाव, संगठन को मिली नई धार

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल इन दिनों बिलासपुर की राजनीति में एक सक्रिय और प्रभावशाली चेहरे के रूप में उभरकर सामने आए हैं। संगठनात्मक गतिविधियों से लेकर जनहित के मुद्दों पर मुखर भूमिका निभाने तक, उन्होंने कम समय में अपनी अलग पहचान बनाई है।



जिलाध्यक्ष बनने के बाद चंदेल लगातार संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने में जुटे हैं। पार्टी के कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह पैदा किया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विपक्ष की भूमिका निभाने में भी बिलासपुर भाजपा ने जिस तरह सरकार के फैसलों पर लगातार सवाल उठाए हैं, उसमें कृष्ण लाल चंदेल की रणनीतिक भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उनकी सबसे बड़ी विशेषता संगठन के भीतर सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की क्षमता मानी जा रही है। वरिष्ठ नेताओं के अनुभव और युवा कार्यकर्ताओं के उत्साह के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास लगातार दिखाई देता है। यही कारण है कि पार्टी के विभिन्न मोर्चों और प्रकोष्ठों में भी समन्वय पहले की तुलना में अधिक मजबूत हुआ है।

युवाओं के बीच भी कृष्ण लाल चंदेल की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। रोजगार, शिक्षा, खेल और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर उनकी सक्रिय भागीदारी तथा युवाओं से नियमित संवाद ने उन्हें नई पीढ़ी के बीच एक सहज और सुलभ नेता के रूप में स्थापित किया है।

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि संगठनात्मक मजबूती, आक्रामक विपक्षी भूमिका और कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद की रणनीति ने बिलासपुर भाजपा को नई ऊर्जा प्रदान की है। आने वाले समय में यह सक्रियता जिले की राजनीति में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है।

# झंडूता-भडोलीकलां-मांडवा सड़क को बंद किए जाने का विरोध

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता-भडोलीकलां-मांडवा सड़क को भूस्खलन और पहाड़ी से पत्थर गिरने के खतरे के चलते 9 अगस्त तक बंद किए जाने के विरोध में बलघाड सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने एसडीएम झंडूता अर्शिया शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने सड़क पूरी तरह बंद करने के बजाय खतरनाक पत्थरों को हटाकर मार्ग सुरक्षित करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बंद होने से विद्यार्थियों, किसानों, कर्मचारियों, व्यापारियों और मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। वैकल्पिक मार्ग लंबा होने से समय और ईंधन की अतिरिक्त खपत हो रही है। उनका कहना है कि लोग मजबूरी में पैदल बंद सड़क पार कर रहे हैं, जिससे हादसे का खतरा बढ़ गया है।

एसडीएम अर्शिया शर्मा ने बताया कि सड़क लोगों की सुरक्षा के लिए बंद की गई है। बरसात के दौरान यहां हर वर्ष भूस्खलन होता है और पहाड़ी पर बड़े पत्थर लटके हुए हैं। प्रशासन किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता। आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित तरीके से सीमित आवागमन की व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने जल्द सुरक्षा कार्य पूरा कर सड़क खोलने की मांग की।

# पेड़ लगाना औपचारिता नहीं, जिम्मेदारी भी समझें हर नागरिक : अंकिता ठाकुर

अनंत ज्ञान

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एसआईवीटी बंगाणा ने किया पौधरोपण, निकाली जागरूकता रैली

**ब्यूरो, बिलासपुर।** शिवम इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर (एसआईवीटी) के एमडी सतीश चंद शर्मा ने बताया कि एसआईवीटी द्वारा समाजिक सरोकारों के दायित्व का वहन करते हुए एसआईवीटी बंगाणा शाखा ने एक पेड़ मा के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया तथा पर्यावरण जागरूकता रैली निकाल कर पेड़ों के महत्व के बारे में लोगों को समझाया। इस अभियान में विद्यार्थियों, स्टाफ तथा स्थानीय लोगों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।


कार्यक्रम की शुरुआत एसआईवीटी बंगाणा से जागरूकता रैली के साथ हुई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नारों के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों, स्टाफ एवं स्थानीय नागरिकों ने मिलकर विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। लोगों ने इस नेक काम में विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर सेंटर है अंकिता ठाकुर ने कहा कि पौधरोपण को केवल एक औपचारिता न समझा जाए बल्कि इसे एक जिम्मेदारी की तरह लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी जिम्मेदारी शिद्दत से निभानी चाहिए और कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम में सेंटर हैड अंकिता ठाकुर, सीनियर आईटी फैकल्टी साहिल, जूनियर आईटी फैकल्टी नेहा शर्मा, रामदेई व संस्थान के समस्त विद्यार्थी तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# बिलासपुर कॉलेज में कैंसर से बचाव पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की जेंडर इक्विटी सेल द्वारा 'महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. वंशिका (एमबीबीएस) ने छात्राओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, स्तन कैंसर, डायबिटीज, और अन्य जीवनशैली संबंधी बीमारियों के कारण, लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्वास्थ्य संबंधी कई प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. वंशिका ने विस्तार से उत्तर दिया। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने इस विषय को छात्राओं के लिए उपयोगी बताते हुए ऐसे कार्यक्रम नियमित आयोजित करने पर जोर दिया। अंत में जेंडर इक्विटी सेल की संयोजिका डॉ. नम्रता पठानिया ने मुख्य वक्ता और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्राओं ने भाग लिया।

# राहुल गांधी पर हमले से नहीं दबेगी विपक्ष की आवाज : हीरापाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी (जम्मू-कश्मीर) हीरापाल ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया का दायित्व सत्ता पक्ष से जवाबदेही तय करना है, लेकिन आज अधिकतर सवाल विपक्ष के नेता राहुल गांधी से पूछे जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया का एक बड़ा वर्ग अपनी निष्पक्ष भूमिका निभाने में विफल रहा है। हीरापाल ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी लगातार किसानों, बेरोजगार युवाओं, शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक, महंगाई, अर्थव्यवस्था और विदेश नीति जैसे जनहित के मुद्दे संसद से लेकर सड़क तक उठा रहे हैं। उनका कहना है कि कांग्रेस युवाओं को जागरूक करने, उनकी समस्याओं को सामने लाने और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को मजबूती से उठाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं से लाखों विद्यार्थियों और उनके परिवारों का भविष्य प्रभावित होता है, इसलिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और शिक्षा व्यवस्था में सुधार जरूरी है। हीरापाल ठाकुर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है, लेकिन इससे उनकी आवाज कमजोर नहीं होगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता पक्ष से सवाल पूछना मीडिया की जिम्मेदारी है और जनहित के मुद्दों पर निष्पक्ष पत्रकारिता समय की आवश्यकता है।



# मैक्स हॉस्पिटल ने वरिष्ठों को कराई नयना देवी यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मोहाली ने वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, मानसिक सुख-शांति और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री नयना देवी जी की धार्मिक यात्रा आयोजित की। इसमें चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला की विभिन्न वरिष्ठ नागरिक संस्थाओं तथा भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने माता श्री नयना देवी के दर्शन कर देश की सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मैक्स हॉस्पिटल ने सभी प्रतिभागियों के लिए सुरक्षित यात्रा, जलपान और चिकित्सा सहायता की व्यवस्था की। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी नियमित अंतराल पर ऐसी धार्मिक एवं सामाजिक यात्राओं का आयोजन किया जाएगा, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को आध्यात्मिक और सामाजिक दोनों तरह का लाभ मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### लोगों को पेंशन योजनाओं की दी जानकारी




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** राज्य सहकारी बैंक शाखा ककीरा ने बुधवार को ग्राम पंचायत घटासनी में जन सुरक्षा शिविर आयोजित किया। शाखा प्रबंधक अनिक कौशल की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई। करीब 30-35 ग्रामीणों ने भाग लिया। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी लोगों से इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

### बकलोह स्कूल में दिए करियर बनाने के टिप्स



**अनंत ज्ञान, बकलोह।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में पीएम श्री योजना के तहत कक्षा 10, 11 और 12 के विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्नेहा ढाका ने विद्यार्थियों को पशु चिकित्सा क्षेत्र में करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा और रोजगार संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लक्ष्य निर्धारण, नियमित अध्ययन और कौशल विकास का महत्व बताया। विद्यार्थियों ने भी प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य के करियर चयन में मार्गदर्शन और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं।

# मणिमहेश यात्रा की तैयारियां तेज ड्रोन से रखी जाएगी निगरानी

## एनजीटी मानकों के पालन के लिए एनजीओ का भी लिया जाएगा सहयोग

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** विश्व प्रसिद्ध श्री मणिमहेश यात्रा–2026 को इस वर्ष और अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित तथा तकनीक आधारित बनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और बेहतर प्रबंधन के लिए पहली बार हाईटेक ड्रोन तकनीक का व्यापक उपयोग किया जाएगा। ड्रोन के माध्यम से पूरे यात्रा मार्ग की निगरानी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे प्रशासन को हर गतिविधि की वास्तविक समय में जानकारी मिलती रहेगी।

प्रशासन के अनुसार ड्रोन से यात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था, जाम की स्थिति, श्रद्धालुओं की भीड़, संवेदनशील स्थानों और संभावित समस्याओं पर लगातार नजर रखी जाएगी। किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में ड्रोन से तुरंत स्थिति का आकलन कर राहत एवं बचाव दल को आवश्यक स्थान पर भेजा जा सकेगा। इससे रेस्क्यू ऑपरेशन को अधिक प्रभावी और तेज बनाने में मदद मिलेगी। यात्रा को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाएगा। प्रशासन ने स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न गैर सरकारी संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लेने की योजना बनाई है। यात्रा मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। प्रशासन की ओर से उन एनजीओ और स्वयंसेवी संगठनों को सम्मानित भी किया जाएगा, जो यात्रा के दौरान स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करेंगे, उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक संस्थाएं इस धार्मिक यात्रा को स्वच्छ और पर्यावरण हितैषी बनाने में योगदान दें। प्रशासन का कहना है कि श्री मणिमहेश यात्रा में देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा, सुविधाओं का विस्तार, भीड़ नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर यात्रा को सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

**जाम, श्रद्धालुओं की परेशानियों और सुरक्षा पर रहेगी पैनी नजर**

# पूर्व उपप्रधान भुवनेश ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह, मैहला क्रिकेट टीम को भेंट की किट




भुवनेश सिंह कटोच ने खिलाड़ियों को मिंजर क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

अनंत ज्ञान

**मैहला।** मिंजर क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग ले रही मैहला गांव की क्रिकेट टीम को पूर्व उपप्रधान भुवनेश सिंह कटोच ने सफेद क्रिकेट किट भेंट कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

टीम के खिलाड़ियों ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उनके पास सफेद किट उपलब्ध नहीं थी। इस संबंध में टीम ने विधायक भरमौर डॉ. जनक राज, जिला परिषद सदस्य सुनील दत्त, वार्ड पंच, प्रधान और उपप्रधान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से सहयोग का आग्रह किया था। इसी बीच टीम के कप्तान ने पूर्व उपप्रधान भुवनेश सिंह कटोच से संपर्क किया। खिलाड़ियों की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने टीम को सफेद क्रिकेट किट उपलब्ध करवाई, जिससे खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। भुवनेश सिंह कटोच ने खिलाड़ियों को मिंजर क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे पूरे समर्पण और खेल भावना के साथ अपना शत–प्रतिशत प्रदर्शन करें।

उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी यदि खिलाड़ियों को किसी भी खेल गतिविधि के लिए सहयोग की आवश्यकता होगी तो वह हर संभव सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। मैहला क्रिकेट टीम ने किट उपलब्ध करवाने के लिए भुवनेश सिंह कटोच का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से खिलाड़ियों का मनोबल काफी बढ़ा है और वे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह उत्साहित हैं।

# चंबा में प्राकृतिक गेहूं की रिकॉर्ड खरीद, 133 किसानों को मिला लाभ



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है। जिला चंबा में किसानों का रुझान प्राकृतिक खेती की ओर तेजी से बढ़ रहा है। वर्ष 2026 में जिले के 133 किसानों से 185.92 क्विंटल प्राकृतिक गेहूं की खरीद की गई, जबकि वर्ष 2025 में केवल 39 किसानों से खरीद हुई थी। प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक रूप से उत्पादित गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 80 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया है, जो देश में सबसे आकर्षक समर्थन मूल्यों में से एक है। जिले में सिविल सप्लाई संग्रह केंद्र चंबा, चुवाड़ी और बनीखेत के माध्यम से किसानों से गेहूं खरीदा गया। परियोजना निदेशक (आत्मा) नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि प्राकृतिक खेती से किसानों की उत्पादन लागत कम होती है और मिट्टी की उर्वरता व जैव विविधता का संरक्षण होता है। कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए सहायता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार प्राकृतिक मक्की, जौ, हल्दी और अदरक सहित अन्य उत्पादों के लिए भी आकर्षक समर्थन मूल्य दे रही है। इससे किसानों की आय बढ़ाने और टिकाऊ कृषि व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिल रही है।

# चितकारा यूनिवर्सिटी में बाहा एसएई इंडिया 2027 की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चितकारा यूनिवर्सिटी में बाहा एसएई इंडिया आयोजन समिति और ऑटोमोबाइल उद्योग के विशेषज्ञों के साथ रणनीतिक बैठक आयोजित कर उद्योग-आधारित इंजीनियरिंग शिक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में बाहा एसएई इंडिया 2027 की तैयारियों और भविष्य की मोबिलिटी तकनीकों पर चर्चा हुई। 17 से 19 जुलाई तक चितकारा यूनिवर्सिटी, पंजाब कैंपस में प्रतियोगिता का वर्चुअल राउंड आयोजित होगा। इसमें देशभर की 186 टीमें—102 ई-बाहा, 26 एच-बाहा और 58 एम-बाहा अपने ऑल-टेरेन वाहन डिजाइनों का प्रदर्शन करेंगी। विशेषज्ञ डिजिटल सिमुलेशन के जरिए डिजाइन, नवाचार और तकनीकी क्षमता का मूल्यांकन करेंगे।

विश्वविद्यालय की प्रेसिडेंट डॉ. मधु चितकारा ने कहा कि बाहा एसएई जैसे मंच विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, नवाचार, नेतृत्व और टीमवर्क विकसित करने का व्यावहारिक अवसर प्रदान करते हैं।

# बंदला स्कूल में शिक्षकों के रिक्त पद भरने के लिए सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**चंबा।** विधानसभा क्षेत्र की पंचायत बंदला के जनप्रतिनिधियों और युवाओं के प्रतिनिधिमंडल ने जीएचएस बंदला में लंबे समय से रिक्त चल रहे शिक्षक पदों को शीघ्र भरने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने का मामला प्रमुखता से उठाया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राजकीय उच्च विद्यालय बंदला में वर्तमान समय में 108 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन टीजीटी (नॉन मेडिकल) और भाषा अध्यापक के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। शिक्षकों के अभाव में विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई और विषयवार मार्गदर्शन प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए दोनों रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध होने से न केवल शिक्षण व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल भी मिल सकेगा। उन्होंने शिक्षा मंत्री के समक्ष दोनों पदों पर जल्द नियुक्ति करने का प्रस्ताव रखा। शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उचित कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ही रिक्त पदों को भरकर विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है और शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाना समय की आवश्यकता है।

# तीसा में कैंपस इंटरव्यू तीन अभ्यर्थियों का चयन

**अनंत ज्ञान, तीसा।** औद्योगिक प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करने की दिशा में एसओईई तीसा में एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इस भर्ती प्रक्रिया में कुल चार अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से तीन का चयन किया गया।

कैंपस इंटरव्यू के दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों की योग्यता एवं कौशल का मूल्यांकन किया। चयनित अभ्यर्थियों ने अपनी प्रतिभा और तैयारी के बल पर रोजगार का अवसर प्राप्त किया। इस अवसर पर इंटरव्यू में शामिल सभी अभ्यर्थियों को करियर मार्गदर्शन तथा सफल साक्षात्कार के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। विशेषज्ञों ने युवाओं को व्यक्तित्व विकास, संवाद कौशल, आत्मविश्वास, साक्षात्कार की तैयारी तथा रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

# नकरोड़ में ग्रामीण बैंक ने मृतक की पत्नी को दिया दो लाख का बीमा क्लेम



अनंत ज्ञान

**नकरोड़।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा नकरोड़ ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक पात्र परिवार को दो लाख रुपये का बीमा क्लेम प्रदान कर योजना की उपयोगिता को एक बार फिर साबित किया। जानकारी के अनुसार, नकरोड़ क्षेत्र निवासी टेक राम पुत्र परजा का बीमारी के चलते कुछ समय पूर्व निधन हो गया था।

टेक राम ने जीवित रहते हुए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत अपना बीमा करवाया हुआ था। उनकी मृत्यु के उपरांत योजना के प्रावधानों के अनुसार दो लाख रुपये की बीमा राशि उनकी पत्नी चमन देई को प्रदान की गई। इस अवसर पर चमन देई ने कहा कि पति के निधन के बाद परिवार पर आर्थिक संकट आ गया था, लेकिन प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मिली दो लाख रुपये की सहायता उनके परिवार के लिए बड़ी राहत साबित हुई है। उन्होंने इस कठिन समय में सहयोग के लिए हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा नकरोड़ के शाखा प्रबंधक प्रवीण कौशिक तथा बैंक के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। बैंक प्रबंधन ने भी लोगों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करें।

# अग्रोहा में बनेगी श्री नंद किशोर गोयनका यूनिवर्सिटी

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा और उनके भाइयों ने अपने दिवंगत पिता नंद किशोर गोयनका की स्मृति में अग्रोहा (हिसार) में 'नंद किशोर गोयनका यूनिवर्सिटी' स्थापित करने की घोषणा की है। गोयनका परिवार अपनी 32 एकड़ भूमि पर करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से यह विश्वविद्यालय बनाएगा।

विश्वविद्यालय को सामाजिक सेवा और जनकल्याण पर केंद्रित उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें समाज सेवा और 'समाज को वापस लौटाने' की अवधारणा पर आधारित विशेष पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इस परियोजना के लिए एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद के साथ समझौता किया गया है। यह घोषणा अग्रोहा में नंद किशोर गोयनका के अंतिम संस्कार के बाद की गई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल समेत कई राजनीतिक और उद्योग जगत की हस्तियां मौजूद रहीं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ऐहजू विकास खण्ड चौन्तडा, जिला मण्डी ( हि प्र )**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत ऐहजू विकास खण्ड चौन्तडा जिला मण्डी हि0प्र0 निविदा आमन्त्रण सूचना ग्राम पंचायत ऐहजू द्वारा वर्ष 2026-27 मे सभी मदों के कार्यो के निष्पादन हतू सामग्री की आपूर्ति के लिए निविदाए आमन्त्रित की हैं इच्छुक आपूर्तिकर्ता (सप्लायर) अपनी निविदाए 21.07.2026 शाम 05:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में स्वयं अथवा डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जमा करवा सकते हैं। निविदाएं 22.07.2027 को दोपहर 12:00 बजे बाद खेली जाएंगी। निविदाए निम्न फोर्मेट में होनी चाहिए। Detail of Material : 1. Sand crusher, Sand Washed Per CFT , 2. Aggrigate 10mm, 20mm,40mm,60mm Per CFT , 3. Cut Stone Per No., 4. Boulder Stone Per CFT , 5. Bricks A+B Per No. , 6. Sign Board Nrega/Gen with writing/VBGRAMG Per No. , 7. Wood Chokhat, Shutter Glass Shutter Rmt/No. , 8. Shuttering Sides of Path, Walls, Cannels, Bridge/Culvert & Building RM/SQm , 9. Blocks Per No., 10. Concrete Benches Per No., 11. JCB Hire Charges Per Hour , 12. Sanitary Fitting Material Per No. ,13. Steel, Anglel MS Pipe GI Sheet Etc Per Kg/No. , 14. Cement Carraiage + Labour Per Bag, 15. Belding items Labour Etc Per Kg/RFT , 16. Door Shutter Aluminium PerNo.with Size , 17 . Dustbin Plastic PerNo.with Size , 18 . Water Coolar PerNo.with Size, 19. Building Wiring Fitting Per point, 20. Solar Light Repair Per light Repair

सप्लायर को धरोहर राशि के रूप में पंचायत के नाम 2000 /- रूपये जमा करने होंगे 4. आपूर्तिकर्ता को स्प्लाई आर्डर मिलने के एक सप्ताह के भीतर सप्लाई आपूर्ति करनी होगी 5. निविदा में भाग लेने के लिए 1000 रुपये निविदा फीस जमा करनी होगी जो Non Refundable होगी 6. यदि आपूर्तिकर्ता उक्त उपरोक्त शर्तों का उलंघन करता है। तो ग्राम पंचायत को धरोहर राशि जब्त करने व निविदा रदद किये जाने का पूर्ण अधिकार होगा।

**प्रधान/सचिव**



**कार्यालय ग्राम पंचायत गलोड़ खास**
**विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**विषयः–** विकास खण्ड नादौन के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत गलोड़ खास के विकास कार्यो हेतु वितीय वर्ष 2026-27 के सभी विकासात्मक कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित करने बारे । सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड नादौन के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत गलोड़ खास के सभी विकासात्मक कार्यो हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पंजीकृत ठेकेदार / सप्लायरों से निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती है इसलिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इच्छुक ठेकेदार /सप्लायरों (फर्म) निविदायें दिनांक 27/07/2026- शाम 5 बजे तक स्वयं या डाक द्वारा सील बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय गलोड़ खास में जमा करवा सकते है, व जिस फर्म की निविदा स्वीकृत होगी उसे मु0-15000 रूपये धरोहर राशि के रूप में पंचायत के नाम निविदा स्वीकृत होने के एक सप्ताह के भीतर प्लेज करवाएगा जो कि एक वर्ष के वाद वापिस की जाएगी। निविदायें निम्न निचे लिखित दिनांक 28/07/2026 को सुबह 10:15 बजे कमेटी द्वारा खोली जाएगी। निम्न लिखित शर्ते पूर्ण न होने पर निविदा को स्वीकृत करने व रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को ही होगा। **निविदा शर्ते निम्न प्रकार से है।** 1) फर्म को मैटिरियल ग्राम पंचायत की प्रत्येक गाँव की पक्की सड़क / गली तक पहुंचाना होगा (2). निर्माण सामग्री मैटिरियल की गुणवता व मात्रा में कमी होगी तो एक नोटिस देने के बाद आपकी निविदा रदद् कर दी जाएगी और उस मैटिरियल का भुगतान भी नही किया जायेगा । 3). ट्रैक्टर या वाहन की आर सी साथ संलग्न करनी होगी (4) सामग्री / मैटिरियल की आदायगी कनिष्ठ अभियंता / तकनीकी सहायक की पैमाईस के वाद ही की जाएगी किसी भी कार्य की एडवांस पेमेन्ट नही मिलेगी। 6) मैटिरियल के साथ एम फार्म भी पंचायत में जमा करवाना अति आवश्यक होगा एम फार्म न होने पर सामग्री की अदायगी नहीं होगी। यदि मैटिरियल के साथ एम फार्म जमा नहीं करवाया जाता है तो उस स्थिति में पंचायत द्वारा रायल्टी काट कर ही मैटिरियल अदायगी की जाएगी। निविदा केवल GST फर्म की और कम दर वाली ही स्वीकृत होगी अतः फर्म को निविदा के साथ अपनी GST कॉपी व आर सी की अपने ही नाम की कॉपी साथ लगानी आवश्यक होगी। निविदा के लिए टेंडर फॉर्म पंचायत घर में ही मिलेंगे । निविदा खोलने की दिनांक व समय- 28/07/2026 (10.15 सुबह) निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत गलोड़ खास में खोली जाएंगी। **सामग्री का विवरणः–** 1. PVC पाईप 2,3,4,4,5,6,7,8, (4kg Pressure with ISI MARK) चैम्बर, वाल टाईल इत्यादि- प्रति पीस/बाक्स, 2. इंटरलॉक पेवर टाईल 40,एमएम, 60एमएम, 80एमएम व साईन बोर्ड फॉर पहुंच (नोटः यदि पेवर टाईल की कुटेशन DRDA से होती है यह निविदा रद्द मानी जाएगी।- प्रति पीस, 3. धुला रेता, रेता दरिया, गटका स्टोन, डस्ट क्रेसर, क्रेसर बजरी, खड्ड बजरी, पत्थर (10,20,40एमएम, प्रति फुट)- प्रति फुट, 4. सैटरिंग लकड़ी, वर्ग फुट . ईट, A ग्रेड (प्रति ईट), मिक्सचर मशीन (प्रतिदिन डीजल सहित), JCB खुदाई कच्ची / पक्की (प्रति घंटा), पानी टैंकर (स्टे चार्ज सहित प्रतिदिन) कार्य साईन बोर्ड (प्रति बोर्ड)- सैटरिंग बिना किए व करके ईंटे A ग्रेड

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गलोड़ खास**
**विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**



**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, तहसील रे, जिला कांगड़ा हि.प्र.**

1. लाल चंद पुत्र काहनू राम, गांव सेर बडालियां, डाकघर रे, तहसील फतेहपुर, तहसील रे (एसटी), जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

..आवेदक / अपीलार्थी / याचिकाकर्ता

**बनाम**

1. आम जनता, गांव सेर बडालियां, डाकघर रे, तहसील रे (एसटी), जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

...प्रत्यार्थी

**विषय – मृत्यु पंजीकरण के लिए आवेदन**

प्रार्थी लाल चंद आयु 74 साल पुत्र स्वर्गीय काहनू निवासी महाल सेर बडालियां उपतहसील रे (हि.प्र.) ने अदालत हजा में एक प्रार्थना पत्र वावत अपनी माता की मृत्यु दिनांक को पंचायत कुडल के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज करने बारे गुजारा है। प्राथों ने निवेदन किया है कि उसकी माता की मृत्यु दिनांक 20/08/2002 को स्थान सेर बडालियां उप तहसील रे में हुई है। परन्तु ग्राम पंचायत कुडल के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज नहीं हुई है, जिसे दर्ज करने की अनुमति दी जावे। इस आशय की पुष्टि में प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला द्वारा जारी अनुमति प्रमाण पत्र, अपनी ब्यान हल्फी व Chief Registrar (Birth and Death) Cum- Director Health Services HP,Shimla-9 की आदेशों की प्रति भी सलंग्न की है। अतः सर्वसाधारण को इस इश्तेहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यकित को प्रार्थी उक्त की माता की मृत्यु दिनांक को ग्राम पंचायत कुडल के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज करने बारे कोई आपति या एतराज हो तो वो दिनांक 18-08-2026 को 10.00 बजे या उससे पूर्व किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है। न आने की सूरत में मृत्यु पंजीकरण को पंचायत कुडल में दर्ज करने के आदेश पारित कर दिए जाएंगे। उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज कावले समायतन होगा। **सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी रे, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)।**



**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं महेंद्र सिंह चौधरी** पुत्र हिन्नू राम निवासी गांव जरल डाकघर जुगाहन तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मैंने अपने सभी सही दस्तावेजों के अनुसार अपना नाम महेंद्र सिंह से बदलकर महेंद्र सिंह चौधरी रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, Khushbu Lakherwal** पत्नी श्री विनोद ठाकुर, निवासी गांव तंगरोटी, डाकघर रमेहड़, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरी पुत्री Kanak Thakur के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम Khushi गलत दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम Khushbu Lakherwal है। अतः मेरी पुत्री Kanak Thakur के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम Khushi के स्थान पर Khushbu Lakherwal दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।



**कार्यालय ग्राम पंचायत जोढ़न विकास खंड धर्मपुर, जिला मण्डी, हि.प्र.**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि ग्राम पंचायत जोढ़न विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी द्वारा वित् वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यो के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जानी अति आवश्यक त-आवश्यक है। निविदाएँ दिनांक 20/07/2026 को 5 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएं 22/07/2026 ग्राम पंचायत की 'निर्माण कमेटी' व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी। **सामग्री का विवरण–** रेत (खड्डु/नदी की) प्रति घन मीटर, रेत (क्रेशर की) प्रति घन मीटर, बजरी 10,20,40 mm (खड्डु/नदी की) प्रति घन मीटर, बजरी 10,20,40 mm (क्रेशर की) प्रति घन मीटर, सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, पत्थर (Cut Stone) प्रति घन मीटर, पक्की इंटें (मिट्टी के भट्ट की) (2nd Class) प्रति हजार नम्बर, मशीन द्वारा कटान (Cutting Through JCB Machine) प्रति घण्टा, सीमेंट ढुलाई प्रति वैग व सामग्री ढुलाई घोड़े ट्रेक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा प्रति बैग, शटरिंग प्रति वर्ग मीटर, टोर सरिया/ एंगल, चदरे (ISI Marked) प्रति क्विंटल, दीवार लेखनी (Wall Writing) प्रति वर्ग मीटर, PVC पाइपे / GI पाइपे / RCC पाइपे प्रति मीटर, Inter Locking Tyles 40,60,80 mm (ISI Marked) प्रति टाइल, Blocks व टाईल फर्श व दीवार प्रति ब्लॉक, **नियम व शर्तेः–** निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, टीन (TIN) नम्बर होना आवश्यक है। तथा इसकी छाया प्रति साथ में लगाना अति आवश्यक है। है। ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित रूस्न्नशह्द्ध जमा करवाने होंगे, M-FORM उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बन्धी रॉयल्टी वर्तमान में मु0 FIXED by govt. - रूपये प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। सभी निविदाएँ सील बंद लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी। अधूरी व खुली निविदाएँ मान्य नहीं होगी। पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बंधित सदस्यों की निविदाएँ मान्य नहीं होगी। सामग्री की आपूर्ति लोक लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। दरें अंकों और शब्दों दोनों में में लिखी होनी चाहिए। निर्माण सामग्री कार्यस्थल/ सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। सामग्री कार्य स्थल सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। निविदादाताओं को पंचायत कार्यालय में मु0 25000/ रु0 अग्रिम् सुरक्षित राशि पहले जमा करवानी आवश्यक है। निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जायगा और न ही अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अस्वीकृत करने, सशर्त निविदा, समान् दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निगर्त करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। सामग्री लेने की अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार किया जायेगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत जोढ़न, विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी, हि.प्र.**



**कार्यालय ग्राम पंचायत हटौण विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत हटौण विकास खंड सदर मंडी जिला में आवश्यकतानुसार समय समय पर वित्त वर्ष 2026-27 में विकास कार्यो के निष्पादन हेतु निम्न निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित/ अधिकृत बिक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक 30-07-2026 तक दोपहर 1 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 31-07-2026 को प्रातः 11:00 बजे निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली आएँगी। **सामग्री का विवरण–** रेत दरिया प्रति घन मीटर, रेत क्रशर प्रति घन मीटर, बजरी 20mm दरिया/कन्सा प्रति घन मीटर, बजरी 20mm क्रशर प्रति पन मीटर, बजरी 40mm क्रशर प्रति घन मीटर, बजरी 40mm दरिया/कन्सा प्रति घन मीटर, सोलिंग बोल्डर पत्थर पति घन मीटर, PVC पाइप प्रति running मीटर, इंट प्रति 1000 नम्बर, शटरिंग प्रति वर्ग फुट, JCB द्वारा कटिंग प्रति घंटा, सीमेंट ढुलान जीप / अन्य वाहन द्वारा प्रति बैग, पेवर प्रति पेवर, सूचना बोर्ड प्रति बोर्ड, JCB ब्रेकर प्रति घंटा, Plant Per No **नियम व शर्ते–** निविदादाता का अपना पंजीकरण पैन संख्या GST नम्बर होना आवश्यक है। ठेकेदार/ आपूर्तिकर्ता को विभाग द्वारा हस्ताक्षरित M-Form जमा करवाने होगे। M-Farm उपलब्ध न करवाने की स्तिथि में सामग्री सम्बन्धी रायल्टी वर्तमान में 60 रु0 प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। सभी करों का लेनदेन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। पारित निविदादाता को मु0 25.000/ रुपये धरोहर /सुरक्षित राशी के रुप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होगे। ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी नहीं होगी। निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयनुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय की दी हुई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा, न ही अग्रिम सुरक्षित राशी वापिस जाएगी। किसी भी निविदा की बिना कारण बताये स्वीकृत अस्वीकृत करने, दरें समान रहने की स्थिति में एक या एक से निविदादाता के लिए आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने कर पूर्ण अधिकार रहेगा। निविदाएँ खुलने के पश्चात उपरोक्त सामग्री दरों को विभाग द्वारा तैयार की गई Justification व निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत अंतिम रूप दिया जायेगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत हटौण विकास खंड सदर, जिला मण्डी (हि0प्र0)**



**कार्यालय ग्राम पंचायत टौरखौला विकास खण्ड धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत टौरखौला, विकास खण्ड धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.) द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। ये निविदाएँ दिनांक 27/07/2026 को सुबह 11 बजे तक ग्राम पंचायत में डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्राप्त की जाएँगी। तत्पश्चात दिनांक 27/07/2026 को 11 बजे के बाद पंचायत पदाधिकारियों की गणपूर्ति एवं निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों (यदि उपस्थित हो) के समक्ष खोली जाएँगी। प्रशासनिक कारणों से इस तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। ऐसी स्थिति में सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी तथा केवल ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी।ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री/सेवाओं की आवश्यकता रहेगीः रेता क्रशर प्रति घन मीटर, रेता प्लांट (Fine Sand) प्रति घन मीटर, पक्की ईंटें (मिट्टी के भटठे A, B एवं C Grade) प्रति 1000 संख्या, बजरी 10/20/40 MM (क्रशर) प्रति घन मीटर, JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घन मीटर, पत्थर (stone) प्रति घन मीटर, Shuttering (भवन, डंगे, रास्ते व सड़क), Cement की ढुलाई, लकड़ी के दरवाजे एवं चौखट (लकड़ी का नाम सहित), Mule Carriage प्रति कि.मी., Sign Board प्रति वर्ग फुट, Painting and Carriage with Board, Dustbin (15/20/25 Ltr.) CIPET Approved, Sand (Water Bound), GI Sheet (8'*3.5' एवं 10'*3.5'), Aggregate प्रति घन मीटर, Incinerator with Complete Specification, Water Cooler (20, 40 एवं 80 Ltr.) प्रति संख्या, Cement Benches with Arm प्रति संख्या, Road Roller प्रति घंटा तथा Mixture Machine with Labour प्रति घन मीटर। आपूर्तिकर्ता का GST NO. होना आवश्यक है। बजरी एवं रेत के M/X Form ग्राम पंचायत को बिल के साथ प्रस्तुत करने होंगे तथा PWD Batch एवं प्रमाणिकता प्रमाण-पत्र भी अनिवार्य होगा। निविदा पर किसी प्रकार की कटिंग अथवा ओवरराइटिंग स्वीकार नहीं होगी। ओवरराइटिंग पाए जाने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी। सामग्री की आपूर्ति HPPWD Specification के अनुरुप होनी चाहिए। सामग्री के अधिकतम मूल्य निर्धारण एवं गुणवत्ता के आधार पर अनुमोदित निविदाओं की दरों में आवश्यकतानुसार Negotiation किया जाएगा। प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ रू. 20,000/- (बीस हजार रुपये) की एफ.डी. ग्राम पंचायत के नाम प्लेज करना अनिवार्य होगा तथा मूल एफ.डी. 27/07/2026 को साथ लानी होगी। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत टौरखौला विकास खण्ड धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)**



**कार्यालय ग्राम पंचायत कश्मीर**
**विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**विषयः–** विकास खण्ड नादौन के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत कश्मीर के विकास कार्यो हेतु वितीय वर्ष 2026-27 के सभी विकासात्मक कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित करने बारे । सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड नादौन के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत कश्मीर के सभी विकासात्मक कार्यो हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पंजीकृत ठेकेदार / सप्लायरों से निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती है इसलिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इच्छुक ठेकेदार /सप्लायरों (फर्म) निविदायें दिनांक 25/07/2026- शाम 5 बजे तक स्वयं या डाक द्वारा सील बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय कश्मीर में जमा करवा सकते है, व जिस फर्म की निविदा स्वीकृत होगी उसे मु0-15000 रूपये धरोहर राशि के रूप में पंचायत के नाम निविदा स्वीकृत होने के एक सप्ताह के भीतर प्लेज करवाएगा जो कि एक वर्ष के वाद वापिस की जाएगी। निविदायें निम्न निचे लिखित दिनांक 27/07/2026 को सुबह 10:15 बजे कमेटी द्वारा खोली जाएगी। निम्न लिखित शर्ते पूर्ण न होने पर निविदा को स्वीकृत करने व रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को ही होगा। **निविदा शर्ते निम्न प्रकार से है।** 1) फर्म को मैटिरियल ग्राम पंचायत की प्रत्येक गाँव की पक्की सड़क / गली तक पहुंचाना होगा (2). निर्माण सामग्री मैटिरियल की गुणवता व मात्रा में कमी होगी तो एक नोटिस देने के बाद आपकी निविदा रदद् कर दी जाएगी और उस मैटिरियल का भुगतान भी नही किया जायेगा । 3). ट्रैक्टर या वाहन की आर सी साथ संलग्न करनी होगी (4) सामग्री / मैटिरियल की आदायगी कनिष्ठ अभियंता / तकनीकी सहायक की पैमाईस के वाद ही की जाएगी किसी भी कार्य की एडवांस पेमेन्ट नही मिलेगी। 6) मैटिरियल के साथ एम फार्म भी पंचायत में जमा करवाना अति आवश्यक होगा एम फार्म न होने पर सामग्री की अदायगी नहीं होगी। यदि मैटिरियल के साथ एम फार्म जमा नहीं करवाया जाता है तो उस स्थिति में पंचायत द्वारा रायल्टी काट कर ही मैटिरियल अदायगी की जाएगी। निविदा केवल GST फर्म की और कम दर वाली ही स्वीकृत होगी अतः फर्म को निविदा के साथ अपनी GST कॉपी व आर सी की अपने ही नाम की कॉपी साथ लगानी आवश्यक होगी। निविदा के लिए टेंडर फॉर्म पंचायत घर में ही मिलेंगे । निविदा खोलने की दिनांक व समय- 27/07/2026 (10.15 सुबह) निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत कश्मीर में खोली जाएंगी। **सामग्री का विवरणः–** 1. PVC पाईप 2,3,4,4,5,6,7,8, (4kg Pressure with ISI MARK) चैम्बर, वाल टाईल इत्यादि- प्रति पीस/बाक्स, 2. इंटरलॉक पेवर टाईल 40,एमएम, 60एमएम, 80एमएम व साईन बोर्ड फॉर पहुंच (नोटः यदि पेवर टाईल की कुटेशन DRDA से होती है यह निविदा रद्द मानी जाएगी।- प्रति पीस, 3. धुला रेता, रेता दरिया, गटका स्टोन, डस्ट क्रेसर, क्रेसर बजरी, खड्ड बजरी, पत्थर (10,20,40एमएम, प्रति फुट)- प्रति फुट, 4. सैटरिंग लकड़ी, वर्ग फुट . ईट, A ग्रेड (प्रति ईट), मिक्सचर मशीन (प्रतिदिन डीजल सहित), JCB खुदाई कच्ची / पक्की (प्रति घंटा), पानी टैंकर (स्टे चार्ज सहित प्रतिदिन) कार्य साईन बोर्ड (प्रति बोर्ड)- सैटरिंग बिना किए व करके ईंटे A ग्रेड

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कश्मीर**
**विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**



**कार्यालय ग्राम पंचायत गैहरा**
**विकास खंड मैहला, जिला चंबा (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गैहरा विकास खंड मैहला जिला चम्बा द्वारा दिनांक 11/07/2026 को प्रस्ताव संख्या 4 द्वारा बैठक में पारित हुआ कि वित् वर्ष 2026-27 में किये जाने वाले कार्यो के लिये समाग्री क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदाएँ /कुटेशनः दिनांक 30/07/2026 प्रातः 11 बजे तक सीलबंद लिफाफे डाक द्वारा या कार्यालय ग्राम पंचायत गैहरा में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाएँ/कुटेशन को स्वीकार नहीं किया जायेगा । निविदाएँ/कुटेशन दिनांक 01-08-2026 को 12 बजे पंचायत द्वारा गठित कमेटी की उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत गैहरा में खोली जाएगी ।

**आवश्यक शर्ते :–** 1. आवेदक का किसी भी बैंक में खाता व टिन/पैन होना जरूरी है। 2. केवल GST वेंडर की ही कुटेशन स्वीकृत की जाएगी । 3. समाग्री की दर क्यूबिक मीटर के हिसाब से भरी जायेगी । 4. आवेदन पत्र के साथ आधार, बैंक पासबुक, वोटर कार्ड, GST, पैन, टिन मोवाइल न0 आदि समस्त दस्तावेज़ की छायाप्रति सलग्न करना आवश्यक है। 5. स्वीकृत वेंडर को सप्लाई आदेश के बाद सात दिनों के भीतर सामग्री उपलब्ध करवानी होगी । समय पर सामग्री उपलब्ध न करवाने की दिशा में निविदाएं रद्द कर दी जाएगी । 6. तकनीकी कर्मियों द्वारा सामग्री की जाँच व मूल्यांकन उपरांत ही अदयागी की जाएगी । 7. निविदायें अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिना कारण बताये रद्द की जा सकती है । 8. निविदा धारक को 25000/- रूपये की धरोहर राशि ग्राम पंचायत गैहरा के नाम Demand Draft के रूप जमा करवानी होगी । 9. स्वीकृत वेंडर को सामग्री सप्लाई के साथ एम् फार्म भी साथ में देना होगी । 10. पंचायत को समय पर सामग्री उपलब्ध न करवाने की दशा में कुटेशन को रद्द कर दिया जाएगा । 11. इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पारित बिल से ही GST, SGST. बेंडर द्वारा जमा करवाने पर ही बिलों का भुगतान किया जायेगा 12. कुटेशन में सामग्री की दर With F.O.R दर्शाया जाए, और कुटेशन में सामग्री / दर को वार्ड बाइज दर्शाया जाए ।

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1. | रेता | प्रति Cum |
| 2. | बजरी | प्रति Cum |
| 3. | पत्थर सप्लाई | प्रति Cum |
| 4. | पेंटिंग समाना | प्रति आईटम या लीटर |
| 5. | इंटरलॉक टाइल / पेवर टाइल | प्रति टाइल |
| 6. | जेसीबी मशीन | प्रति घंटा के हिसाब से |
| 7. | सरिया खरीद | 8एमएम, 10एमएम, 12एमएम |
| 8. | ग्रिल | प्रति किलो के हिसाब से |
| 9. | इंटरलॉक टाइल / पेवर टाइल ढूलान | प्रति टाइल के हिसाब से |
| 10. | सीमेंट ढुलान | प्रति बैग |
| 11. | स्टील एंगल ढुलान | प्रति क्विंटल |
| 12. | सेटरिंग | प्रति फुट |

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गैहरा**
**विकास खंड मैहला, जिला चंबा(हि.प्र.)**

## अमेलिया केर की दुनिया दीवानी

**न्यूजीलैंड** की अमेलिया केर की गिनती दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटरों में होती है। केर न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाई चुकी हैं। वह महिला प्रीमियर लीग यानी के डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलती हैं।



फीफा विश्व कप

## इंग्लैंड को सेमीफाइनल में 2-1 से हराया

# अर्जेंटीना फिर फाइनल में, स्पने से होगी भिड़ंत

**एजेंसी, अटलांटा**



लियोनेल मेसी के शानदार खेल और आखिरी मिनटों में किए गए दो असिस्ट की बदौलत अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2026 के दूसरे सेमीफाइनल में बुधवार को इंग्लैंड को 2–1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली। अब 19 जुलाई को होने वाले खिताबी मुकाबले में अर्जेंटीना का सामना स्पेन से होगा।

इंग्लैंड ने मैच के 55वें मिनट में एंथनी गॉर्डन के गोल की बदौलत बढ़त बना ली थी। ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड 1966 के बाद पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचेगा, लेकिन अंतिम पांच मिनट में मेसी के जादू ने मुकाबले का रुख पलट दिया।

मैच के 85वें मिनट में लियोनेल मेसी ने कॉर्नर से खेल की शुरुआत करते हुए गेंद वापस ली और मिडफील्ड में मौजूद एंजो फर्नांडिज को शानदार पास दिया। फर्नांडिज ने करीब 25 गज की दूरी से बेहतरीन कर्लिंग शॉट लगाकर गोल दागा और मुकाबला 1–1 से बराबर कर दिया। इसके बाद अतिरिक्त समय के दूसरे मिनट में मेसी ने एक सटीक क्रॉस बॉक्स में पहुंचाया, जहां लाउटारो मार्टिनेज ने दो डिफेंडरों के बीच से निकलकर शानदार हेडर के जरिए विजयी गोल कर अर्जेंटीना को 2–1 की यादगार जीत दिला दी।

जीत के साथ अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार विश्व कप फाइनल में जगह बनाई है। अब टीम के पास ब्राज़ील (1958 और 1962) के बाद लगातार दो विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बनने का सुनहरा मौका होगा। वहीं इंग्लैंड का 60 साल बाद विश्व कप फाइनल खेलने का सपना टूट गया। (अनंत ज्ञान)

### गोल्डन बूट की दौड़ में लियोनेल मेसी आगे

लियोनेल मेसी इस मुकाबले में गोल नहीं कर सके, लेकिन उनके दो असिस्ट ने उन्हें गोल्डन बूट की दौड़ में बढ़त दिला दी। मेसी और फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे दोनों के नाम इस विश्व कप में 8-8 गोल हैं, लेकिन मेसी के नाम अधिक असिस्ट होने के कारण वह फिलहाल शीर्ष पर पहुंच गए हैं। मेसी विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा 21 गोल करने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। हालांकि, उनकी नजर अब व्यक्तिगत उपलब्धियों से ज्यादा अर्जेंटीना को एक और विश्व कप खिताब दिलाने पर है। अब अर्जेंटीना विश्व चैंपियन बनने से सिर्फ एक जीत दूर है।

## अर्जेंटीना से हार के बाद बोले हैरी केन–

# यह मेरा आखिरी विश्व कप है या नहीं, कहना जल्दबाजी

**एजेंसी, अटलांटा**



इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने अर्जेंटीना के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में 2–1 की हार के बाद कहा कि यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि यह उनका आखिरी विश्व कप था या नहीं। उन्होंने माना कि एक बार फिर टीम उसी तरह हार गई, जैसी पिछले बड़े टूर्नामेंटों में हारती रही है। इंग्लैंड ने 55वें मिनट में एंथनी गॉर्डन के गोल से बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद टीम रक्षात्मक हो गई। अर्जेंटीना ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए 85वें मिनट में एंजो फर्नांडिज के जरिए बराबरी की और फिर इंजरी टाइम में लाउटारो मार्टिनेज ने लियोनेल मेसी के क्रॉस पर विजयी गोल दाग दिया।

मैच के बाद केन ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह वही कहानी है, जो पिछले बड़े टूर्नामेंटों में भी देखने को मिली। करीब 60 मिनट तक हमने मैच की गति पर शानदार नियंत्रण रखा। हमने गोल किया और बढ़त हासिल कर ली।'

उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन फिर किसी न किसी वजह से हम गेंद पर नियंत्रण बनाए नहीं रख सके। हम गेंद पर दबाव भी नहीं बना पाए, जिससे अर्जेंटीना को लगातार आक्रमण करने का मौका मिला और उसने हमारे पेनाल्टी क्षेत्र में दबाव बढ़ा दिया।' केन ने माना कि बढ़त मिलने के बाद टीम का रवैया बदल गया। उन्होंने कहा, 'एक गोल की बढ़त बचाने की मानसिकता सामान्य होती है, लेकिन तब भी मुकाबले में करीब 20 मिनट बाकी थे। इतने समय में विपक्षी टीम गोल कर सकती है। हमें मैच का वीडियो देखकर समझना होगा कि ऐसी परिस्थितियों में हम क्या बेहतर कर सकते थे। पिछले चार बड़े टूर्नामेंटों में यही हमारी सबसे बड़ी कमी रही है।' अगला विश्व कप होने तक केन 36 वर्ष के हो जाएंगे। हालांकि, उन्होंने अपने भविष्य को लेकर कोई फैसला लेने से इनकार कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### एशियाई खेलों के लिए तैयार है राइफल शूटर सोनम मस्कर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कभी शौकिया तौर पर निशानेबाजी शुरू करने वाली कोल्हापुर की 23 वर्षीय सोनम उत्तम मस्कर अब एशियाई खेलों में भारत के लिए पदक जीतने के लक्ष्य के साथ तैयार हैं। 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज सोनम ने 2024 में तीन रजत पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। इनमें नई दिल्ली में आयोजित आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल का रजत पदक सबसे खास रहा। अब उनकी नजर 20 जुलाई से हांगझोऊ में शुरू होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप और सितंबर-अक्तूबर में जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों पर है। सोनम ने बताया कि उन्हें बचपन से खेलों का शौक था। शतरंज खेलने के साथ उन्होंने 2018 में मुंबई में पढ़ाई के दौरान पहली बार राइफल उठाई। कोविड-19 महामारी और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने 2021 में कोल्हापुर शूटिंग रेंज में दोबारा गंभीरता से प्रशिक्षण शुरू किया। उन्होंने कहा कि जब अपने उपकरण खरीदने की जरूरत पड़ी तो उनके पिता ने आर्थिक तंगी के बावजूद संपत्ति बेचने का बड़ा फैसला लिया। परिवार के इसी समर्थन ने उन्हें आगे बढ़ने का हौसला दिया। सोनम ने कहा, 'दिल्ली विश्व कप फाइनल का रजत पदक मेरे करियर का सबसे यादगार पल है। घरेलू दर्शकों के सामने पोडियम पर खड़ा होना अविस्मरणीय अनुभव था।' विदेशी कोच फर्निक थॉमस और भारतीय कोचिंग स्टाफ की देखरेख में तैयारी कर रहीं सोनम ने कहा कि उनका पूरा फोकस एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर है। (अनंत ज्ञान)

### टेस्ट से संन्यास लेने के बाद डरहम के लिए काउंटी क्रिकेट खेलेंगे स्टोक्स

**एजेंसी, लंदन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद बेन स्टोक्स मंगलवार को अपनी घरेलू काउंटी टीम डरहम के लिए मैदान में वापसी करेंगे। स्टोक्स 21 जुलाई से शुरू होने वाले घरेलू वनडे कप में डर्बीशायर के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे। वह डरहम के लिए खेलेंगे और फिटनेस ठीक रहने पर 50 ओवर के मेट्रो बैंक कप और काउंटी चैंपियनशिप सीजन के बाकी सभी मैचों के लिए वह उपलब्ध रहेंगे। उनकी शुरुआत अगले सप्ताह डर्बीशायर के खिलाफ होने वाले मैच से हो सकती है। स्टोक्स को लेकर डरहम के मुख्य कोच रयान कैंपबेल ने कहा, 'वह अब एक संन्यास ले चुके टेस्ट सुपरस्टार हैं, लेकिन उन्होंने डरहम के क्रिकेटर के रूप में अपनी ड्यूटी ज्वाइन कर ली है। वह ट्रेनिंग करना शुरू कर चुके हैं और हमारे लिए सभी मैच खेलने को देखेंगे। जाहिर है कि हमें उनके वर्कलोड का ध्यान रखना होगा। उन्होंने काफी क्रिकेट खेली है, इसलिए हमें उनकी देखभाल करनी होगी। लेकिन फिलहाल वह वापस आ गए हैं और हम उन्हें टीम में पाकर बेहद उत्साहित हैं।' (अनंत ज्ञान)

### हान यू को हराकर पीवी सिंधु जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, टोक्यो।** ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने वीरवार को महिला एकल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन की हान यू को हराकर जापान ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। आज यहां टोक्यो मेट्रोपॉलिटन जिम्नेजियम में खेले गए मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में अभी 10वें नंबर पर मौजूद पीवी सिंधु ने चीन की दुनिया की नंबर 5 खिलाड़ी हान यू को मात्र 35 मिनट में 21-16, 21-14 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। यह भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी शुक्रवार को बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए स्थानीय पसंदीदा और पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नोज़ोमी ओकुहारा का सामना करेंगी। ओकुहारा तब आगे बढ़ीं जब दक्षिण कोरिया की टॉप सीड एन से-यंग अपने दूसरे राउंड के मैच से हट गईं। (अनंत ज्ञान)


### वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को 64 रन से हराकर 3-0 से जीती सरीज

**एजेंसी, ब्रेडी।** स्टेफनी टेलर के शानदार शतक और करिश्मा रामहरक व एफी फ्लेचर की घातक गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज महिला टीम ने तीसरे वनडे में आयरलैंड को 64 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 257 रन बनाए। स्टेफनी टेलर ने 105 रन की बेहतरीन पारी खेली और अपने वनडे करियर का 10वां शतक जड़ा। पिछले दो मैचों में यह उनका दूसरा शतक रहा। हालांकि उनके अलावा शीर्ष क्रम का कोई भी बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका। आयरलैंड ने 31 अतिरिक्त रन दिए, जिनमें 27 वाइड शामिल रहीं। टेलर ने अपनी पारी में 10 चौके लगाए और इसी मुकाबले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन पूरे करने की ऐतिहासिक उपलब्धि भी हासिल की। उनका 10वां वनडे शतक उन्हें नेट साइवर-ब्रंट की बराबरी पर ले आया। 257 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की टीम वेस्टइंडीज के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। करिश्मा रामहरक और एफी फ्लेचर ने तीन-तीन विकेट लेकर आयरलैंड की पारी समेट दी और वेस्टइंडीज को 64 रन की जीत दिलाई। इससे मेहमान टीम ने सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप पूरा किया। (अनंत ज्ञान)

# इंग्लैंड के कोच बने रहेंगे थॉमस

**एजेंसी, अटलांटा**

फीफा विश्व कप–2026 के सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से 2–1 की हार के बावजूद इंग्लैंड के मुख्य कोच थॉमस ट्यूखल ने साफ कर दिया है कि वह टीम के साथ बने रहेंगे और यूरो 2028 तक इंग्लैंड के कोच की जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने अर्जेंटीना के खिलाफ अपनाई गई अपनी रणनीति का भी बचाव किया। विश्व कप शुरू होने से पहले ही ट्यूखल ने फुटबॉल एसोसिएशन (एफए) के साथ अपने अनुबंध का विस्तार कर लिया था, जो उन्हें यूरो 2028 तक इंग्लैंड का मुख्य कोच बनाए रखेगा। मैच के बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या वह आगे भी टीम के साथ बने रहेंगे, तो ट्यूखल ने कहा, 'सबसे पहले तो विश्व कप अभी खत्म नहीं हुआ है। हमारे सामने तीसरे स्थान का एक मुकाबला बाकी है। भले ही हम उस मैच का बेसब्री से इंतजार नहीं कर रहे हों, लेकिन वह मैच खेलना है। उसके बाद हम आगे बढ़ेंगे। मेरा अनुबंध घरेलू यूरो 2028 तक है और मैं अभी भी उस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा हूं, भले ही इस समय आगे देखना थोड़ा मुश्किल हो।' ईएसपीएन की रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व कप सेमीफाइनल में हार के बावजूद इंग्लैंड फुटबॉल एसोसिएशन का भरोसा ट्यूखल पर कायम है और वह यूरो 2028 तक टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। (अनंत ज्ञान)



### रणनीति पर उठे सवाल ट्यूखल ने दिया जवाब

**इंग्लैंड** ने 55वें मिनट में एंथनी गॉर्डन के गोल से बढ़त बना ली थी, लेकिन अंतिम मिनटों में अर्जेंटीना ने जोरदार वापसी करते हुए मैच 2-1 से अपने नाम कर लिया। मैच के आखिरी चरण में इंग्लैंड की टीम रक्षात्मक होती गई और अर्जेंटीना ने लगातार दबाव बनाकर दो गोल दाग दिए। मुख्य कोच थॉमस ट्यूखल ने 82वें मिनट में रीस जेम्स की जगह डैन बर्न और डेक्लन राइस की जगह निको ओ'राइली को उतारा। हालांकि, इन बदलावों के बाद इंग्लैंड गेंद पर नियंत्रण बनाए नहीं रख सका। गॉर्डन के गोल से लेकर अर्जेंटीना के विजयी गोल तक इंग्लैंड के पास सिर्फ 12 प्रतिशत समय ही गेंद का कब्जा रहा। मैच के बाद अपने फैसलों पर उठे सवालों के जवाब में ट्यूखल ने कहा, 'नहीं, मुझे बिल्कुल नहीं लगता कि फैसले गलत थे। फुटबॉल का यही स्वभाव है। हार के बाद आलोचना होना तय है। कोई नहीं जानता कि अगर हम अलग फैसले लेते तो क्या होता। उन फैसलों की जिम्मेदारी मेरी है और आलोचना भी मैं ही स्वीकार करूंगा।'

# बुडापेस्ट में बजा भारत का डंका अमन सहरावत ने जीता गोल्ड

**एजेंसी, बुडापेस्ट**



भारत के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग का स्वर्ण पदक जीत लिया। फाइनल में 22 वर्षीय अमन ने जॉर्जिया के रोबर्टी डिंगाशविली को 13–3 से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ अमन ने एक बार फिर खुद को दुनिया के उभरते हुए शीर्ष पहलवानों में साबित किया। इससे पहले वह पेरिस ओलंपिक में भारत के सबसे युवा व्यक्तिगत पदक विजेता और अंडर–23 विश्व चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय पहलवान भी रह चुके हैं।

भारत को एक और पदक 61 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में मिला, जहां दीपक ने कांस्य पदक मुकाबले में अजरबैजान के नूरद्दीन नोवरुजोव को 9–8 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। अब भारत की नजर 65 किलोग्राम वर्ग के दो और कांस्य पदकों पर है। कुमार मोहित का मुकाबला कजाकिस्तान के नाचिन कुलार से, जबकि विशाल कालीरामन का सामना कजाकिस्तान के ओस्सुमझान दस्तानबेक से होगा। (अनंत ज्ञान)

एएफसी अंडर- 17 एशियाई कप

## इराक–सीरिया से भिड़ेंगी भारत की युवा शेरनियां

**एजेंसी, कुआलालंपुर।** भारतीय अंडर–17 महिला फुटबॉल टीम को पांच से 11 अक्तूबर तक यहां होने वाले एएफसी अंडर–17 एशियाई कप क्वालीफायर में मलेशिया, सीरिया और इराक के साथ ग्रुप ई में रखा गया है। एशियाई फुटबॉल महासंघ (एएफसी) हाउस में वीरवार को ड्रॉ निकाला गया। भारत अपने अभियान की शुरुआत इराक के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह सीरिया और मलेशिया का सामना करेगा। ग्रुप की विजेता टीम अगले वर्ष 31 मार्च से 17 अप्रैल तक चीन के सूज़ौ में होने वाले अंडर17 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करेगी। भारत ने पिछली बार इस प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी। पिछली चैंपियनशिप में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीम मौजूदा चैंपियन उत्तर कोरिया, उपविजेता जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीन ने प्रतियोगिता के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है। उनके साथ क्वालीफायर में आठ ग्रुप की विजेता टीम भाग लेगी। (अनंत ज्ञान)

# ईडी ने अवैध घुसपैठ मामले में बंगाल में की छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की अवैध घुसपैठ तथा फर्जी दस्तावेजों के जरिए उनके पुनर्वास से जुड़े धनशोधन मामले में वीरवार को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों मेंछापेमारी की। इस दौरान पश्चिम बंगाल के कलिलकापुर स्थित हरौरा अल–जमीयतुल इस्लामिया दारुल उलूम से 40 लाख रुपए नकद और 180 ग्राम वजन के सोने के सिक्के बरामद किए गए। ईडी ने बताया कि परिसर के प्रभारी व्यक्ति से इस धन और सोने के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला, जिसके बाद इसे धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 17 के तहत जब्त कर लिया गया।

ईडी ने कहा कि छापेमारी के दौरान डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की गई है, जिनकी जांच की जा रही है। संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। एजेंसी ने बताया कि यह कार्रवाई एक संगठित गिरोह पर की गई है, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए अवैध घुसपैठ कराने, फर्जी आधार, पैन कार्ड और पासपोर्ट बनवाने तथा विदेशी धन के सहारे घुसपैठियों को भारत में बसाने का काम करता था।

◆ **40 लाख रुपए नकदी सोने के सिक्के बरामद**

प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के तहत पंजीकृत कुछ सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट इस नेटवर्क से जुड़े हुए थे। इन ट्रस्टों को ब्रिटेन स्थित संस्थाओं से धन प्राप्त होता था, जिसे बाद में छोटी–छोटी किश्तों में संदिग्ध व्यक्तियों को भेजा जाता था, ताकि उन्हें भारत में स्थायी रूप से बसने में मदद मिल सके। इस धन का उपयोग ई–रिक्शा खरीदने, रोजगार उपलब्ध कराने और नकद सहायता देने जैसे कार्यों में किया जाता था। (अनंत ज्ञान)

## भारत में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विदेशी छात्रों में सबसे अधिक नेपाली

**एजेंसी, काठमांडू।** भारत में उच्च शिक्षा हासिल करने वाले विदेशी छात्रों में नेपाल के छात्रों की संख्या सबसे अधिक है। भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (2023–24) के अनुसार, देश के विश्वविद्यालयों में कुल 58,134 विदेशी छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जिनमें 24.1 प्रतिशत छात्र नेपाल से हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 173 देशों के छात्र अध्ययनरत हैं। नेपाल के बाद संयुक्त अरब अमीरात के 7 प्रतिशत, अमेरिका और बांग्लादेश के 5.9–5.9 प्रतिशत, नाइजीरिया के 5.5 प्रतिशत और जिम्बाब्वे के 4 प्रतिशत छात्र शामिल हैं। कुल विदेशी छात्रों में 73.6 प्रतिशत स्नातक और 16.8 प्रतिशत स्नातकोत्तर स्तर पर पढ़ाई कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि नेपाल से भारत आने वाले छात्रों की बड़ी संख्या के पीछे कई कारण हैं। दोनों देशों की भौगोलिक नजदीकी, समान संस्कृति, कम खर्च, बेहतर विश्वविद्यालय और आसान आवागमन छात्रों को आकर्षित करते हैं। नेपाली छात्रों को भारत आने के लिए वीजा की आवश्यकता भी नहीं होती।

शिक्षाविदों के अनुसार, भारत में समय पर कक्षाएं, परीक्षाएं और परिणाम जारी होने से भी छात्र यहां पढ़ाई को प्राथमिकता देते हैं। नेपाल में शैक्षणिक कैलेंडर में देरी के कारण कई छात्र भारत का रुख करते हैं। नेपाल के शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, मई 2024 से मार्च 2026 तक भारत में अध्ययन के लिए 14,720 एनओसी जारी किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# शेयर बाजार सपाट बंद; सेंसेक्स एक अंक बढ़ा, पांच अंक फिसला निफ्टी



**एजेंसी, मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार वीरवार को मामूली उतार–चढ़ाव के बाद लगभग सपाट स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स एक अंक की बढ़त के साथ 77,186 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 5 अंक गिरकर 24,072 पर आ गया। कारोबार के दौरान बाजार में निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली देखने को मिली, जिससे बाजार पर दबाव बना रहा। हालांकि, कुछ प्रमुख शेयरों में खरीदारी के चलते सेंसेक्स सीमित बढ़त बनाए रखने में सफल रहा। इससे पहले बुधवार को शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई थी। सेंसेक्स 77,185 पर और निफ्टी 24,079 के स्तर पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

## सोना 189 रुपए गिरा और चांदी 680 बढ़ी

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में आज यानी 16 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 189 रुपए गिरकर 1.42 लाख रुपए पर आ गया है। वहीं, एक किलो चांदी 680 रुपए बढ़कर 2.20 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने–चांदी की कीमत में लगातार उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 9 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए के ऊपर था, जो अब 1.42 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी की कीमत में 10 हजार रुपए की



# कनाडा में जंगल की आग के बीच फंसी ट्रेन

**एजेंसी, ओंटारियो**



कनाडा के ओंटारियो प्रांत में भीषण जंगल की आग के बीच कैनेडियन नेशनल रेलवे के कर्मचारी मौत के बेहद करीब पहुंच गए। धुएं के कारण विजिबिलिटी लगभग खत्म हो गई थी। इसी दौरान एक ट्रक में आग लग गई और वह ट्रेन से टकरा गया। हालांकि, सभी कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकल आए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में ट्रेन के इंजन की खिड़कियों के बाहर चारों ओर जंगल में आग की ऊंची लपटें दिखाई देती हैं। आसमान नारंगी रंग का नजर आता है और कर्मचारी तत्काल निकासी की मांग करते सुनाई देते हैं। वीडियो में ट्रेन के दोनों ओर जंगल धधकते दिखाई दे रहे हैं, जबकि ट्रेन के कर्मचारी वायरलेस पर मदद मांगते सुनाई देते हैं। वीडियो में एक कर्मचारी कहता है कि आग कभी भी हमें अपनी चपेट में ले सकती है। अब हालात डराने वाले हो गए हैं। यह घटना ओंटारियो के आर्मस्ट्रॉन्ग इलाके के पास हुई, जहां ट्रेन जलते हुए पेड़ों के बीच से गुजर रही थी। घटना के बाद सीएन रेलवे ने एहतियात के तौर पर प्रभावित इलाके में सभी रेल सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दीं। कंपनी ने आर्मस्ट्रॉन्ग कस्बे के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। यह इलाका उत्तर–पश्चिमी ओंटारियो में जंगल की आग से प्रभावित है। (अनंत ज्ञान)

## महंगाई, पेपर लीक, आरक्षण समेत कई मुद्दों पर हमलावर होगा विपक्ष

# मानसून सत्र में सरकार को घेरने की तैयारी में कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली**



संसद के मानसून सत्र से पहले कांग्रेस संसदीय दल की रणनीतिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने की। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत पार्टी के वरिष्ठ सांसद शामिल हुए।

बैठक में मानसून सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों और सरकार की ओर से पेश किए जाने वाले विधेयकों पर रणनीति तैयार की गई। कांग्रेस ने तय किया है कि वह महंगाई, पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था की खामियां, भ्रष्टाचार के आरोप, संस्थागत मुद्दों और सामाजिक अधिकारों से जुड़े विषयों को संसद में प्रमुखता से उठाएगी।

बैठक के बाद खरगे ने कहा कि कांग्रेस चढ़ावा चोरी, आस्था के साथ धोखा, परीक्षा प्रणाली की गड़बड़ियों, राजनीतिक दलों को तोड़ने, विदेश नीति, एथेनॉल मिश्रण, वनों की कटाई और एससी–एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यकों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि बैठक में परिसीमन विधेयक, संविधान संशोधन विधेयक, विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक और एफसीआरए विधेयक पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि पार्टी इन विधेयकों का विरोध करेगी।

रमेश ने कहा कि कांग्रेस परिसीमन विधेयक का विरोध करेगी। उनका आरोप है कि सरकार महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़कर लागू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष पहले भी इस मुद्दे पर अपनी आपत्ति दर्ज करा चुका है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मानसून सत्र में नीट विवाद, ई20 नीति, महंगाई और शिक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 19 दिनों के सत्र में विपक्ष एकजुट होकर जनता से जुड़े सवालों को संसद में रखेगा। (अनंत ज्ञान)

## देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन दौड़ने को तैयार

**एजेंसी, चंडीगढ़।** भारत की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से रवाना की जाएगी। यह ट्रेन जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर के मार्ग पर चलेगी। हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से संचालित यह ट्रेन हाइड्रोजन को बिजली में बदलकर चलती है, जिससे केवल जल–वाष्प निकलती है और कार्बन उत्सर्जन नहीं होता। ट्रेन में हाइड्रोजन रिसाव, गर्मी, आग और धुएं का पता लगाने वाली अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली लगाई गई है। यह ट्रेन 110 किमी प्रति घंटे की डिजाइन गति और 75 किमी प्रति घंटे की परिचालन गति से चलेगी। भारतीय रेलवे ने इसे 10 कोच वाली यात्री ट्रेन के रूप में तैयार किया है, जिसकी क्षमता करीब 2,600 यात्रियों की है। रेलवे भविष्य में कालका–शिमला जैसे विरासत रेल मार्गों पर भी हाइड्रोजन तकनीक के उपयोग की संभावनाएं तलाश रहा है। (अनंत ज्ञान)

◆ **जींद-सोनीपत रूट पर चलेगी शून्य कार्बन उत्सर्जन वाली ट्रेन**